

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण


वर्ष 72 » अंक 301 » पृष्ठ 12
» नगर » मूल्य 5 रुपए

अंतराष्ट्रीय बाघ दिवस आज

» रीवा, मंगलवार 29 जुलाई, 2025 » श्रावण शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082


## दिव्या बनीं देश की पहली महिला चेस वर्ल्ड चैंपियन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की दिव्या देशमुख ने एक बड़ा कारनामा करते हुए फिडे विमेंस चेस वर्ल्ड कप 2025 का खिताब जीत लिया है। 19 वर्षीय दिव्या ने फाइनल में भारत की ही अनुभवी ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी को हराकर इतिहास रच दिया। वे वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं और साथ ही भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बनीं। फाइनल के क्लासिकल मुकाबले ड्रॉ रहे, जिसके बाद टाईब्रेकर में दिव्या ने 2.5-1.5 से जीत हासिल की। महाराष्ट्र की रहने वाली दिव्या ने सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की तान झोंगयी को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने सफेद मोहरों से 101 चालों में जीत दर्ज की थी, जबकि दूसरी बाजी ड्रॉ रही थी। वर्ल्ड कप जीतने पर दिव्या को लगभग 42 लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी। साथ ही उन्होंने विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026 के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है, जहां वे वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करेंगी।



**ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में बहस:** मोदी-ट्रंप सीजफायर विवाद और विपक्ष के तीखे सवालों के बीच बोले विदेश मंत्री-

# 'न कोई कॉल, न संपर्क', ट्रंप की कोई भूमिका नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सोमवार को लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर बहुप्रतीक्षित बहस शुरू हुई। चर्चा दोपहर 2.05 बजे शुरू हुई, जिसकी शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बहस के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सीजफायर, पाकिस्तान पर हमला, अमेरिका की भूमिका और सरकार की विदेश नीति को लेकर एक के बाद एक सवाल उठे, जिन पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर और गृह मंत्री अमित शाह ने जवाब दिए।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कोई भूमिका नहीं रही। जयशंकर ने संसद में कहा, 'न कोई कॉल आया, न कोई संपर्क हुआ। भारत ने अपने निर्णय पूरी तरह स्वतंत्र रूप से लिए।' यह बयान तब आया जब ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम के लिए मध्यस्थता की थी।



'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर अमेरिका से किसी बातचीत में व्यापार या किसी अन्य विषय का कोई लेन-देन या समझौता नहीं हुआ था।
● **एस जयशंकर,** विदेश मंत्री

### विपक्ष का हंगामा, शाह का पलटवार

विदेश मंत्री के बयान के दौरान विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर गृह मंत्री अमित शाह बीच में उठे और तीखे शब्दों में कहा, 'भारत का विदेश मंत्री यहां खड़ा होकर बयान दे रहा है, लेकिन विपक्ष को उन पर भरोसा नहीं है। विपक्ष को किसी और देश के नेता की बात पर भरोसा है। यही कारण है कि वे विपक्ष में हैं और अगले 20 साल तक वहीं रहेंगे।'

### विपक्ष के तीन तीखे सवाल

- 5 आतंकी पहलगाम जैसे संवेदनशील क्षेत्र में घुस सकते हैं, तो हमारी खुफिया एजेंसियां क्या कर रही थीं?
- अगर जमीन पर कब्जा नहीं करना था तो फिर हमने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन क्यों किया गया?
- पीओके पर भारत कब कदम उठाएगा, यदि अब नहीं तो कब?

### सेना की रणनीति पर भी उठे सवाल



गौरव गोगोई ने सीडीएस के इंटरव्यू का हवाला देते हुए कहा कि क्यों भारतीय वायुसेना को पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर दूर से हमला करना पड़ा। उन्होंने पूछा कि अगर हमारे पास अत्याधुनिक विमान और पायलट हैं, तो पास जाकर हमला क्यों नहीं किया गया।

### आज बोलेंगे अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार दोपहर 12 बजे लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान बोलेंगे। हालांकि, प्रधानमंत्री के भाषण का समय अभी तय नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार, वे आज शाम में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस में भाग ले सकते हैं।

### फिर आपने रोका क्यों? लोकसभा में राहुल गांधी ने राजनाथ से सीजफायर पर पूछा सवाल



रक्षामंत्री ने जब कहा कि था। पाकिस्तान ने सीजफायर की गुहार लगाई, तो राहुल गांधी अचानक खड़े हुए और पूछा कि फिर आपने ऑपरेशन रोका क्यों?

### थरूर बोले- मैं मौन व्रत पर हूं!



कांग्रेस नेता शशि थरूर ने संसद में हो रही 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बहस में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने इसके बजाय भारतीय पोर्ट्स विधेयक, 2025 पर बोलने को प्राथमिकता दी। पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने व्यंग्य में कहा— 'मैं मौन व्रत पर हूं।'

उन्होंने कहा कि उनकी पहल पर ही अप्रैल में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद दोनों देशों के बीच तनाव कम हुआ। जयशंकर ने इन दावों को 'पूरी तरह असत्य और भ्रामक' बताया। इससे पहले बहस की शुरुआत करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा और यह बदला हमारे वीर सैनिकों ने पहलगाम हमले के जवाब में लिया। उन्होंने साफ किया कि भारत ने किसी दबाव में पाकिस्तान से सीजफायर नहीं किया और यह निर्णय पूरी तरह देशहित में था।

इधर, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार को विपक्ष से दुश्मनी नहीं रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आईएमएफ की ओर से पाकिस्तान को दी गई आर्थिक सहायता पर भारत की क्या प्रतिक्रिया है, यह जानना जरूरी है। उन्होंने पूछा कि अगर पाकिस्तान घुटनों के बल था, तो सीजफायर की जरूरत ही क्यों पड़ी?

**कल्याण बनर्जी का तंज:** टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने पीएम मोदी की अमेरिका के प्रति नीति पर तंज कसते हुए कहा कि जब वह अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने खड़े होते हैं, तो उनकी 'ऊंचाई घट जाती है'। उन्होंने पूछा कि मोदी ने ट्रंप के सीजफायर दावे को सार्वजनिक रूप से गलत क्यों ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**विधानसभा का मानसून सत्र:** हंगामेदार रहा पहला दिन, 'गिरगिट' लेकर पहुंचा विपक्ष

## जातिगत जनगणना और ओबीसी आरक्षण पर कांग्रेस ने सदन के बाहर किया प्रदर्शन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आगाज सोमवार को हंगामेदार हुआ। कांग्रेस ने सदन के बाहर जाति जनगणना और ओबीसी आरक्षण में पारदर्शिता की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के विधायक हाथों में प्रतीकात्मक तौर पर खिलौने वाले गिरगिट पकड़े दिखाई दिए। इससे पहले सदन में दिवगंत नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उसके बाद स्पीकर नरेन्द्र सिंह तोमर ने सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी।

सोलहवीं विधानसभा के छठवें सत्र की शुरुआत कांग्रेस के प्रदर्शन से हुई। सत्र में भाग लेने के लिए कांग्रेस के विधायक हाथ में तख्तियां लेकर विधानसभा परिसर में पहुंचे। तख्तियां लेकर सदन में जाने से मना करने पर कांग्रेसी विधायक गांधी प्रतिमा के सामने एकत्र हो गए। वहां उन्होंने जमकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण नहीं देना चाहती। वह बार-बार गिरगिट की तरह रंग बदल रही है। कभी आरक्षण की बात करती है तो कभी उसे टाल देती है। नेता प्रतिपक्ष उमंग ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### लोधी बोले-कांग्रेसी गिरगिट

भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनगणना कराने और ओबीसी को आरक्षण देने जैसे अहम फैसले लेकर कांग्रेस के मुद्दे की हवा निकाल दी है। ऐसे में उनके पास अब कुछ विषय बचा नहीं है। ऐसे में वह जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिए इस तरह का नाटक कर रहे हैं। लोधी ने कहा कि हम तो इंसान हैं, कांग्रेसी खुद गिरगिट हैं।

### दिख रही है कांग्रेस की गुटबाजी: उमाकांत

सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की गुटबाजी सबके सामने दिख रही है। उन्हें चिंता है कि कमलनाथ को सदन में आने से कौन रोक रहा है।

**दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि:** कार्यवाही शुरू होने के बाद पूर्व विधायक राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह, रघुनाथ चौधरी, शंकरलाल मुन्नाखेड़ी, सरदार सुखदेव सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ.गिरिजा व्यास, गुजरात के पूर्व सीएम विजय कुमार रूपाणी, फिल्म अभिनेता मनोज कुमार, लोक कलाकार रामसहाय पांडे के निधन का उल्लेख होने के बाद उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## नदियां जलधाराएं नहीं जीवन की आधारशिला: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नदियां जलधाराएं नहीं, बल्कि हमारी स्मृतियों, परंपराओं और जीवन की आधारशिला हैं। नदी संरक्षण केवल वैज्ञानिक दायित्व नहीं, अपितु सांस्कृतिक चेतना का आह्वान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चले 90 दिवसीय जल गंगा सवर्धन अभियान ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को अलग पहचान स्थापित की है।

सीएम ने यह बातें सोमवार को विधानसभा परिसर स्थित सेंट्रल हॉल में जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों पर केन्द्रित प्रदर्शनी सदानीरा का शुभारंभ करते हुए कहीं। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी मौजूद रहे। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप राज्य सरकार ने 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया। इस अभियान में जनभागीदारी की अद्भुत मिसाल देखने को मिली। जल संरचनाओं को संरक्षित करने के लिए 2 लाख 30 हजार 740 से अधिक जलदूतों ने पंजीयन कराया। जल संचय करने वाले जिलों में खंडवा देशभर में नबर वन बना और राज्यों की श्रेणी में मध्यप्रदेश, देश में चौथे स्थान पर रहा। डॉ. यादव ने कहा कि यह अभियान अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। अभियान की अभूतपूर्व उपलब्धियों को प्रदर्शनी के रूप में संयोजित किया गया है। यह प्रदर्शनी नदियों और जल स्त्रोतों के प्रति समाज को संवेदनशील बनाने का एक सांस्कृतिक प्रयास ■ शेष पृष्ठ 7 पर



सदानीरा प्रदर्शनी का शुभारंभ करते सीएम, नेता प्रतिपक्ष और विस अध्यक्ष।

## झाबुआ: डंपर की टक्कर बाल बाल बचीं कलेक्टर



**जागरण, झाबुआ।** झाबुआ कलेक्टर और 2014 बैच की आईएएस अधिकारी नेहा मीणा सोमवार की सुबह एक दुर्घटना में बाल-बाल बच गईं। अपने कार्यालय जाने के लिए बंगले से निकलते ही कलेक्टर की कार को एक तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कलेक्टर की कार डिवाइडर पर चढ़ गई। कलेक्टर मीणा की सरकारी इनोवा कार क्षतिग्रस्त हुई है। दुर्घटना के बाद डंपर चालक फरार हो गया, लेकिन उसे सुरक्षा बलों ने तत्काल ही पकड़ लिया। यह घटना सुबह दस बजे की बताई जा रही है, जब कलेक्टर की गाड़ी बंगले से बाहर निकल रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## पहलगाम के मास्टर माइंड को मार गिराने का दावा

**श्रीनगर, जेएनएन।** भारतीय सेना ने सोमवार को श्रीनगर के लिडवास इलाके में एक अहम ऑपरेशन चलाते हुए तीन पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराने का दावा किया। इस ऑपरेशन का नाम 'महादेव' रखा गया था। सेना की चिनार कॉर्प्स ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गए आतंकियों में पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान भी शामिल है। मूसा पाक की स्पेशल सर्विस ग्रुप (एसएसजी) का पूर्व कमांडो था। वह पहलगाम आतंकी हमले में मुख्य साजिशकर्ता था, जिसमें 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी और 16 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। उस हमले में पर्यटकों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया था। सुबह करीब 11 बजे सेना को खुफिया सूत्रों से जानकारी मिली कि श्रीनगर के लिडवास इलाके के हरवान जंगलों में आतंकी छिपे हुए हैं। इसके बाद 24 राष्ट्रीय राइफल्स और 4 पैरा यूनिट की टीमों ने इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया। लगभग 11.30 बजे मुठभेड़ शुरू हुई जिसमें तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया गया। घटनास्थल से अमेरिकी एम4 कार्बाइन, एके-47 राइफलें, 17 अन्य हथियार और कई ग्रेनेड बरामद किए गए हैं।



कर्नल कुरैशी पर टिप्पणी मामला

## शाह को फटकार, कहा- मंत्री की नीयत में खोट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश के मंत्री विजय शाह को कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए विवादित बयान के लिए फटकार लगाई है। कोर्ट ने शाह के सार्वजनिक माफी को अधूरा बताया है। मई में शाह ने कर्नल कुरैशी को 'आतंकवादियों की बहन' कहा था। इस मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाई गई है। कोर्ट ने विजय शाह के इस्तीफे की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। अगली सुनवाई 18 अगस्त को होगी। कोर्ट ने कहा कि उनकी माफी में ईमानदारी नहीं दिख रही है। यह बयान उन्होंने पहली तारीख को दिया था, यह रिकॉर्ड में कहां है? ऑनलाइन माफी उनकी नीयत दिखाती है, जिससे हमें उनकी नेकनीयती पर और भी शक होता है। कोर्ट ने कहा कि यह आदमी हमारे धैर्य की परीक्षा ले रहा है।


**इंतजार** | गेट्स की एक कार के लिए बदली अमेरिका की कानून व्यवस्था

## 3 करोड़ की कार, पार्किंग के दिए 2.6 करोड़

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** 1988 में जब बिल गेट्स ने पोर्शे 959 कॉम्फोर्ट नाम की स्पोर्ट्स कार खरीदी, तब शायद उन्हें अंदाजा नहीं था कि यह कार उनकी जिंदगी का सबसे लंबा और महंगा इंतजार बन जाएगी। इस कार को उन्होंने करीब 400,000 डॉलर (आज के हिसाब से लगभग तीन करोड़ रुपए) में खरीदा था, लेकिन अमेरिका में यह गाड़ी गैरकानूनी मानी गई, न इसे रजिस्टर किया जा सकता था, न चलाया जा सकता था।

कार अमेरिका के सीएटल पोर्ट पर पहुंची, तो वहां के अधिकारियों ने गेट्स को साफ कह दिया कि इस कार को सड़क पर नहीं उतारा जा सकता क्योंकि यह अमेरिका के सुरक्षा और प्रदूषण नियमों को पूरा नहीं करती। लेकिन एक विकल्प दिया गया, अगर गेट्स हर दिन 28 डॉलर का शुल्क दें, तो यह कार एक सरकारी गोदाम में रखी जा सकती है। गेट्स ने यह शर्त मान ली। उन्हें लगा कि कुछ ही समय में पुराने आयात नियम बदल जाएंगे और वो कार चला सकेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अगले 13 साल तक, यह हाई-टेक कार प्लास्टिक में लिपटी गोदाम में पड़ी रही। गेट्स हर दिन चुपचाप 28 डॉलर का जुर्माना देते रहे। किसी अखबार में खबर नहीं आई, न ही कोई विज्ञप्ति जारी हुई। इस तरह गेट्स ने 132,000 डॉलर आज के हिसाब से करीब 3 लाख डॉलर यानी 2.6 करोड़ रुपए से ज्यादा कार 'पार्क' करने के लिए खर्च कर दिए।

### गेट्स अकेले नहीं थे



गेट्स के साथ एपल के सह-संस्थापक स्टीव वॉजनिएक भी पोर्शे 959 खरीद चुके थे। उन्हें भी वही समस्या आई। दोनों ने मिलकर अमेरिकी कांग्रेस से गुहार लगाई कि कुछ विशेष प्रावधान किए जाएं। समस्या यह थी कि पोर्शे 959 को कभी अमेरिका के क्रैश टेस्ट के लिए डिजाइन नहीं किया गया था। अमेरिकी मानकों के अनुसार प्रमाणित करने के लिए किसी कार को जान-बूझकर टकराकर नष्ट करना पड़ता, जो कि 337 कारों की लिमिटेड सीरीज में से एक कार को बर्बाद करने जैसा था। इसकी एडवांस तकनीक को फिर से ट्यून करना भी बेहद मुश्किल और महंगा काम था।

### 1999 में बदला था नियम

लगातार लॉबिंग के बाद, 1999 में अमेरिकी सरकार ने 'शो आर डिस्प्ले' नाम का नियम लागू किया। इसके तहत अब ऐसे वाहन जिनका ऐतिहासिक या तकनीकी महत्व हो, उन्हें आयात किया जा सकता है। बशर्ते कि उन्हें हर साल 2,500 मील (लगभग 4,000 किमी) से ज्यादा न चलाया जाए और उनकी मूल बनावट से छेड़छाड़ न हो। 2001 में आखिरकार बिल गेट्स को यह कार मिल गई और वह इसे अमेरिकी सड़कों पर कानूनी रूप से चला पाए। उस दिन के बाद उनका रोज का जुर्माना भी बंद हुआ।




# सच की राह कठिन लेकिन परिणाम सुखद : पं. युवराज पाण्डेय



जागरण, मण्डला। सुप्रसिद्ध कथावाचक एवं पचरा गीत गायक छत्तीसगढ़ पंडित युवराज पांडेय का सोमवार को नगर आगमन पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। सामाजिक कार्यकर्ता आकाश चौरसिया के निज निवास पहुंचे पंडित युवराज पांडे से मिलने भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल, सुधीर कांसकार, किशोर रजक, रोहित बघेल, अमन अग्रवाल पहुंचे और उनका भव्य स्वागत करते हुए आर्शीवाद लिया। इस दौरान धार्मिक अध्यामिक चर्चा के साथ धर्म और समाज के लिए किए जा रहे सामाजिक कार्यो से पंड़ित युवराज पांडे को अवगत कराया गया इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने शॉल श्रीफल और मां नर्मदा के छायाचित्र से श्री पांडे का स्वागत किया। इस दौरान श्री पांडे ने कहा कि पूरी देश दुनिया में हिन्दूत्व का काम करने वाले सनातनियों की रक्षा और सुरक्षा की जबावदारी सरकार की है उन्होंने कहा कि मंडला आकर उन्हें आनंद की अनुभूति मिली है मां नर्मदा की पावन नगरी में आप लोगों के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो से सनातन धर्म को बल मिलेगा। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत कछवाहा, अखिलेश सोनी, तुसार चौरसिया, राजा उईके सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्री पांडेय छत्तीसगढ़ के गौरव एवं राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य हैं। सोमवार की शाम को उदय चौंक में आयोजित कार्यक्रम में आपने लोगों का मन मोह लिया महिष्मति घाट मंडला से आरंभ हुई भव्य बाबा महाकाल की शोभायात्रा जैसे ही उदय चौंक पहुंची तो यहां पर पूरा वातावरण धर्ममय हो गया। यहां पर बाबा महाकाल की महाआरती की गई और महाप्रसादी के साथ भंडारा वितरण किया गया।

## 65 लाख की लागत से बन रहे अस्पताल भवन की नींव धंसी



डिंडोरी। मध्यप्रदेश सरकार भले ही ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेह्तर करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही हो, लेकिन ज़मीनी हकीकत सरकार के इन दावों को खोखला साबित कर रही है। डिंडोरी जिले के करंजिया जनपद अंतर्गत झनकी गांव में 65 लाख रुपये की लागत से बन रहा अस्पताल भवन निर्माणाधीन हालत में ही जर्जर होता नजर आ रहा है।यह भवन अभी पूरी तरह तैयार भी नहीं हुआ है, लेकिन उसकी नींव पहले ही धंसने लगी है। बीम और कॉलम में जगह-जगह मोटी दरारें पड़ चुकी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान इस्तेमाल की गई सामग्री घटिया थी, जिसका नतीजा यह है कि लेंटर के समय मलबा भरभराकर गिर गया था। इसके बाद उस पर केवल ऊपर से लीपापोती कर मामला दबाने की कोशिश की जा रही है।ग्रामीणों की शिकायत के बाद एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन मौके पर पहुंचे और अस्पताल भवन का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने खुलकर आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। लापरवाही उजागर होने के बाद अब ठेकेदार दरारों को छिपाने में जुट गया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते निर्माण की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह भवन भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकता है।सरकारी योजनाएं जब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती हैं, तो उसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। अब बड़ा सवाल यह है कि 65 लाख रुपये की लागत में भी अगर गुणवत्ता नहीं मिल पा रही है तो आखिर इसकी जवाबदेही किसकी है?

## नशा मुक्ति अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता, दिया गया सकारात्मक संदेश



जागरण, डिण्डौरी । जिले में पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य समाज में फैल रहे नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाना, नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा बच्चों, युवाओं व व्यापारियों को नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था।

**प्रमुख गतिविधियाँ :** डिण्डौरी नगर में थाना प्रभारी यातायात श्री सुभाष उईके, प्रभारी रक्षित निरीक्षक श्री कुंवर सिंह एवं पुलिस स्टाफ द्वारा नगर के दुकानदारों एवं व्यापारियों को पंपलेट वितरित किए गए तथा पौधे भेंट कर नशा से दूर रहने का संदेश दिया गया।थाना मेहंदवानी में आम नागरिकों को नशे से दूरी है जरूरी नशे से जीवन होता है बर्बाद जैसे स्लोगनों के माध्यम से नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई और समझाइश कार्यक्रम आयोजित किया गया।थाना बजाग के अंतर्गत मॉडल स्कूल पंडरिया डोंगरी में छात्रों को जागरूक किया गया और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। थाना करंजिया क्षेत्र के मॉडल स्कूल करंजिया में चित्रकला, स्लोगन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता कराई गई। साथ ही रैली निकालकर जन जागरूकता फैलाई गई एवं सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में लगभग 400 से 500 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। चौकी अमरपुर में बाल विकास मंदिर हाई स्कूल अमरपुर में नशा से दूरी है जरूरी विषयक कार्यक्रम आयोजित किया गया थाना गाड़ासरई द्वारा गाड़ासरई डिपो में मजदूरों को नशे के खिलाफ जानकारी देकर उन्हें नशा छोड़ने हेतु प्रेरित किया गया। थाना शहपुरा से उनि0 मनीराम मरावी एवं उनके स्टाफ द्वारा कस्बा शहपुरा में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नशे से दूरी है जरूरी का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर लगभग 60 से 70 महिला, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे। डिण्डौरी जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आयोजित इन अभियानों ने समाज में नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता की लहर चलाई है। पुलिस विभाग का यह प्रयास निश्चित रूप से नागरिकों को नशा मुक्त जीवन अपनाने की ओर प्रेरित करेगा और एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं जागरूक समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

# जनहित में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश, लापरवाह अधिकारियों को नोटिस जारी



जागरण, डिंडोरी । कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को जनहित कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त चेतावनी दी गई। बैठक में विभागीय प्रगति की समीक्षा करते हुए सीएम हेल्पलाइन के लंबित मामलों पर विशेष फोकस किया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि लापरवाही या भ्रमित जवाब देने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी एसडीओ और परिवहन अधिकारी डिंडौरी को इसी तरह की लापरवाही पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, सीएम हेल्पलाइन नोडल डिप्टी कलेक्टर को सभी विभागों से समन्वय कर समय पर निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया।शिक्षा क्षेत्र में गंभीरता दिखाते हुए ग्राम खुरपार शाला भवन की खराब स्थिति पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी जर्जर स्कूल भवनों की सूची बनाकर आवश्यक भवनों को गिराने और मरम्मत योग्य भवनों के लिए बजट बनाकर काम कराने के निर्देश दिए।बैठक में मादक पदार्थों और अवैध खनन पर रोक के लिए प्रभावी निगरानी के निर्देश दिए गए। चेक पोस्ट की प्रभावशीलता की समीक्षा की गई और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने मनरेगा भुगतान, किसान पंजीयन, राजस्व वसूली, वन अधिकार पट्टा, आपदा राहत राशि वितरण जैसे जनहितकारी मामलों में प्रगति लाने पर बल दिया और देरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। सर्पदंश से बचाव के लिए ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार, मोबाइल नंबर वाले बैनर व दीवार लेखन करने के निर्देश दिए गए ताकि झाड़-फूंक की बजाय समय पर चिकित्सकीय मदद मिल सके। नगर परिषद और जनपद पंचायत सीईओ को ई-केवाईसी, समग्र आईडी अपडेट और सीएम हेल्पलाइन मामलों का प्राथमिकता से निपटारा करने के निर्देश दिए।

# प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के राहत प्रकरण में नहीं हो देरी : कलेक्टर

### समय-सीमा बैठक में कलेक्टर के निर्देश निराश्रित एवं आवारा गौवंशों को गौशाला भेजे



जागरण, मंडला । जिले में हुई बारिश एवं प्राकृतिक आपदा आदि से हुए नुकसानी के प्रकरण आरबीसी 6 (4) के अनुरूप राहत प्रदान करने के निर्देश कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जिला योजना भवन में आयोजित समय-सीमा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ एवं अतिवृष्टि से हुई जनहानि एवं विभिन्न प्रकार की क्षतियों की रिपोर्ट डीडब्ल्यूआरएस पोर्टल पर भी दर्ज की जाए। राहत राशि के प्रकरण स्वीकृत होने पर त्वरित गति से वितरित कराये जाएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, समस्त एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने जुलाई माह की सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों एवं 50 दिवस से अधिक समय से लम्बित शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण किए जाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जो विभाग अभी बी और सी ग्रेडिंग में हैं वे ए ग्रेडिंग में आने के लिए प्रयास करें। नॉन अटेंडेंट शिकायतें होने पर संबंधित अधिकारी पर जुर्माना अधिरोपित किया जायेगा। सीएम मॉनिट, सीएस मॉनिट एवं समाधान ऑनलाईन के चयनित विषयों पर भी चर्चा की। निराश्रित एवं आवारा गौवंशों के सड़क पर विचरण के दौरान यातायात अवरूद्ध होता है और दुर्घटना होने से जनहानि एवं पशुहानि होने की संभावनाएं बनी रहती हैं। अतः सभी संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इन निराश्रित मवेशियों को हाकागैंग के माध्यम से गौशालाओं में भेजा जाए। इसके अलावा नगरीय निकायों में प्रतिदिन साफ-सफाई वाहन एवं सफाईकर्मियों द्वारा सफाई कार्य किया जाए। सड़कों पर गंदगी नहीं हो। जिले में खाद एवं उर्वरक उपलब्धता की जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम और कृषि विभाग का अमला खाद वितरण केन्द्रों पर सतत निगरानी रखें एवं किसानों को व्यवस्थित तरीके से खाद वितरित करवाएं। ई-ऑफिस प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि विभाग प्रमुख यह ध्यान रखें कि अगले माह से किसी भी विभाग में फाईल ऑनलाईन ही मूव होगी। विधानसभा सत्र की शुरूआत हो गई है। विभाग प्रमुख विधानसभा से संबंधित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय अवधि में बगैर लेट-लतीफी के प्रस्तुत करें।

## शिव मंदिर पर आयोजित हुआ रुद्राभिषेक का कार्यक्रम



मंडला। सावन के तृतीय सोमवार को शहर में चांहूओर भगवान शिव के उद्घोष से गुजंयमान रहा। इस दौरान मंदिर शिवालयों में विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान हुए। महिलाओं ने व्रत रखकर विभिन्न अनुष्ठान किए। सरदार पटेल वार्ड की महिलाओं ने ईडन गार्डन के शिवमंदिर में रुद्राभिषेक किया। इस दौरान सुधा उपाध्याय, मधु मिश्रा, सीमा चौरसिया, अनीता राय, गंगोत्री बडग़ैया, आशा अवस्थी, प्रतिमा पाण्डेय, नेहा ठाकुर.बिन्नी मार्को, कल्पना तिवारी सहित अन्य महिलाएं शामिल रही। महिलाओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और रुद्राभिषेक किया। इस दौरान में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

# बीजाडाडी लोक सेवा केंद्र भवन हुआ जर्जर



जागरण, मण्डला । जिले के विकास खंड बीजाडाडी क्षेत्र का लोक सेवा केंद्र इस समय जर्जर अवस्था में है और किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। भवन की छत से लगातार पानी टपक रहा है, दीवारें सीलन से भर चुकी हैं और छत के कुछ हिस्से टूटने की कगार पर हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस बदहाल भवन में रोज़ाना सैंकड़ों लोग आधार कार्ड अपडेट, जाति-निवास, आय प्रमाण पत्र जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए आते हैं।स्थानीय कर्मचारियों और आम नागरिकों को जान जोखिम में डालकर काम करना पड़ रहा है। छत से टपकते पानी के बीच दस्तावेज़ संभालना और कंप्यूटर चलाना रोज़ की चुनौती बन गई है।

**जनप्रतिनिधियों की अनदेखी, विभाग की लापरवाहीः** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वे कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस विषय में जानकारी दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि हर वर्ष भवन की मरम्मत व पुताई हेतु बजट स्वीकृत होता है, लेकिन उसका सदुपयोग नहीं हो रहा। इससे यह संदेह गहराता है कि कहीं यह राशि गबन तो नहीं हो रही?

**शौचालय की स्थिति अत्यंत दयनीयः** केंद्र के शौचालयों की स्थिति भी बेहद खराब है। गंदगी इतनी है कि बदबू बाहर तक महसूस होती है, जिससे परिसर में बैठे लोग भी परेशान रहते हैं। शौचालय में पानी तक की समुचित व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि क्या एक साधारण सफाईकर्मी (भ्रत्य) की नियुक्ति भी इस केंद्र में नहीं की जा सकती?

**जांच की मांग :** जनता ने उच्च अधिकारियों से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है ।

# कृषि शासकीय प्रक्षेत्रों एवं समितियों का निरीक्षण



जागरण, डिंडोरी । उपसंचालक कृषि एवं परियोजना संचालक आत्मा द्वारा जिले के शासकीय कृषि प्रक्षेत्रों, समितियों एवं संबंधित संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान शासकीय कृषि प्रक्षेत्र डिंडौरी में चल रहे धान एवं कोदो के आधार बीज उत्पादन कार्यक्रम का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर प्रक्षेत्र अधीक्षक को नींदा नियंत्रण (खरपतवार नियंत्रण) एवं जैव उर्वरकों के समुचित उपयोग के निर्देश दिए गए। साथ ही कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र डिंडौरी में आईटी लैब को शीघ्र सुधार कर चालू करने हेतु वरिष्ठालय को प्रस्ताव भेजे जाने की बात कही गई। इसके अतिरिक्त, बीज एवं फार्म विकास निगम डिंडौरी के कार्यालय और गोदाम का निरीक्षण करते हुए भंडारित प्रमाणित बीजों के रख-रखाव एवं वितरण में नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बीज उत्पादन कार्यक्रम से जुड़े किसानों के माध्यम से कृषि की प्रमुख योजनाओं का विस्तार किए जाने पर विशेष बल दिया गया।निरीक्षण के दौरान विपणन संघ डिंडौरी के गोदाम एवं दस्तावेजों का भी परीक्षण किया गया। किसानों से चर्चा उपरांत पाया गया कि उन्हें पीओएस मशीन से बिक्री रसीद प्रदान नहीं की जा रही है, जिस पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी तरह बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, रयपुरा का भी निरीक्षण किया गया। यहाँ पीओएस मशीन से स्टॉक का अवलोकन करते हुए समिति प्रबंधक को भंडारण एवं वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं नियमों का पालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

# चित्रगुप्त मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित हुआ हरियाली तीज का कार्यक्रम



जागरण, छतरपुर । चित्रगुप्त मंदिर ट्रस्ट द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी सदस्य स्मिता खरे सह्योगी के रूप में पद्मा खरे,सुभा खरे,प्राची खरे ओर रूबी खरे ने बताया की आज कायस्थ समाज की महिलाओं द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास से चित्रगुप्त मंदिर में मनाया गया जिसमें जज के रूप में मनीला श्रीवास्तव ,मंजूषा खरेएवं संध्या खरे रही जिसमें इनकी निगरानी में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे डांस प्रतियोगिता,गायन प्रतियोगिता ओर विशेष रूप से सावन सुंदरी प्रतियोगिता के अलावा विभिन्न तरह के खेल आयोजित किए गए जिसमें गायन में प्रथम सुकन्या श्रीवास्तव,द्वितीय संध्या खरे ओर डांस में प्रथम सारिका खरे, द्वितीय स्मिता खरे,ओर तीसरे स्थान पर निशा खरे,विशेष सावन सुंदरी का खिताब जीता प्राची खरे ने ओर दूसरे स्थान पर शशि निगम तीसरे स्थान पर अर्चना खरे, स्थान पाया वही चिरगुप्त मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित हरियाली तीज का कार्यक्रम आयोजित किया गया है ट्रस्ट की सदस्य स्मिता खरे सह्योगी के रूप में पद्मा खरे,सुभा खरे,प्राची खरे ओर रूबी खरे ने बताया की आज कायस्थ समाज की महिलाओं द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास से चित्रगुप्त मंदिर में मनाया गया जिसमें जज के रूप में मनीला श्रीवास्तव ,मंजूषा खरेएवं संध्या खरे रही जिसमें इनकी निगरानी में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे डांस प्रतियोगिता,गायन प्रतियोगिता ओर विशेष रूप से सावन सुंदरी प्रतियोगिता के अलावा विभिन्न तरह के खेल आयोजित किए गए जिसमें गायन में प्रथम सुकन्या श्रीवास्तव,द्वितीय संध्या खरे ओर डांस में प्रथम सारिका खरे, द्वितीय स्मिता खरे,ओर तीसरे स्थान पर निशा खरे,विशेष सावन सुंदरी का खिताब जीता प्राची खरे ने ओर दूसरे स्थान पर शशि निगम तीसरे स्थान पर अर्चना खरे, रही वही खेल कुद प्रतिभागी बच्चियों में क्रमशः हिमांशी खरे ओर वेदिका खरे ,प्रथा खरे ने भी पुरस्कार प्राप्त किए प्रतिभागियों ने भाग ले कर पुरस्कार ग्रहण किए जैसे कि कुद प्रतिभागी बच्चियों में क्रमशः हिमांशी खरे ओर वेदिका खरे ,प्रथा खरे ने भी पुरस्कार प्राप्त किए प्रतिभागियों ने भाग ले कर पुरस्कार ग्रहण किए कार्यक्रम में सविता खरे,सीमा खरे,मधु खरे,मीनू खरे,अमिता खरे,श्वेता सक्सेना, सहित बह्ने उपस्थित रही बाद में ट्रस्ट की सदस्य स्मिता खरे ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

## 11 अज्ञात सहित 29 फरार आरोपियों पर 1 लाख 17 हजार रूपए का नगद पुरस्कार घोषित



छतरपुर । पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने छतरपुर जिले के अंतर्गत 11 अज्ञात सहित 29 फरार आरोपियों पर 1 लाख 17 हजार रूपए का नगद पुरस्कार घोषित किया है। जो अपराध घटित करने के बाद से फरार है। आरोपी सियाराम पिता रामरतन कंजड़ उम्र 40 वर्ष निवासी विनायक हार कंचनपुर, चंदला पर थाना कोतवाली छतरपुर में 8 हजार रूपए, सल्ला यादव उम्र 20 वर्ष, बबलू यादव उम्र 40 वर्ष दोनों निवासी ग्राम खोरियाना, कटेरा जिला झांसी उ.प्र. एवं कुलदीप यादव उम्र 22 वर्ष निवासी सलालपुरा, पनवाड़ी जिला महोबा उ.प्र. पर थाना कोतवाली छतरपुर में 5 हजार रूपए, शनिनाथ उम्र करीब 21 वर्ष, राजेश श्रीवास उम्र करीब 26 वर्ष निवासी अनगढ़ टोरिया पर थाना सिविल लाइन छतरपुर में 5 हजार रूपए, राजवीर सिंह ठाकुर निवासी मझगुवाखुर्द पर थाना गुलगंज में 5 हजार रूपए, तेज प्रताप सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी धर्मपुरा पर, इरफान खान निवासी शेखों की रंगोली कुलपहाड़ जिला महोबा उ.प्र. पर, रामस्वरूप उर्फ सरूपा रैकवार उम्र 57 वर्ष निवासी भारतपुरा बिजावर प्रत्येक पर थाना बिजावर में 5-5 हजार रूपए एवं गणेश उर्फ हल्के अहिरवार, दीपक अहिरवार, रामेश्वर उर्फ पाण्डेय अहिरवार तीनों आरोपी पर थाना बिजावर में 5 हजार रूपए, मिलन रैकवार निवासी खज़ुवा पर थाना राजनगर में 3 हजार रूपए, वरदान सिंह घोषी उम्र 24 वर्ष, मुकेश आदिवासी उम्र 22 वर्ष, निवासी गढ़ा पर थाना बमीठा में 5 हजार रूपए एवं थाना गुलगंज में पंजीबद्ध अपराध में ।

# टाटा हिताची ने लांच किया शिनराय प्राइम सीईवी 5



सतना। भारतीय कंस्ट्रक्शन मशीन उद्योग की अग्रणी कम्पनी टाटा हिताची ने सोमवार को शिनराय प्राइम सीईवी 5 लॉन्च करने की घोषणा की। यह नेक्स्ट-जेन बैकहो लोडर है जो भरोसा, विश्वसनीयता और कार्य प्रदर्शन को नया आयाम देने के लिए खास तौर से डिज़ाइन किया गया है। इसका स्ट्रक्चर उच्च-श्रेणी के स्टील और रोबोटिक वेल्डिंग से बनता है इसलिए यह अधिक टिकाऊ है और कठिन से कठिन परिस्थितियों में बखूबी काम करने के लिए तैयार है। शिनराय प्राइम सीईवी 5 लॉन्च का आयोजन 25 जुलाई को सिटी पार्क रिसॉर्ट, सतना में हुआ। इस अवसर पर सम्मानित ग्राहक, टाटा हिताची और कैलाश इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड (अधिकृत डीलर पार्टनर)के वरिष्ठ प्रबंधन सभी की उपस्थिति थी। शिनराय प्राइम सीईवी 5 लॉन्च के अवसर पर, टाटा हिताची के महाप्रबंधक- मार्केटिंग सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा, शिनराय प्राइम सीईवी 5 लॉन्च करते हुए हमें एक ऐसी मशीन पेश करने का गर्व है जिसमें एक साथ कार्य प्रदर्शन, विश्वसनीयता और सस्टेनेबलिटी जैसे सभी गुण हैं। टाटा हिताची इसी प्रतिबद्धता के साथ आधुनिक टेलीमैटिक्स के माध्यम से बेह्तर कार्य क्षमता, कम परिचालन खर्च और बेह्तर मशीन प्रबंधन सुनिश्चित करती है। शिनराय प्राइम सिर्फ़ सिर्फ एक मशीन नहीं है यह विश्वास और सही मूल्यों का भरोसा देती है।'' टाटा हिताची भारत की सर्वप्रमुख कंस्ट्रक्शन मशीनरी कंपनियों में एक और सबसे बड़ी हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर कम्पनी है जो टाटा मोटर्स और जापान की हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी (एचसीएम) का संयुक्त उद्यम है। एचसीएम से यह साझेदारी 1984 से है। कम्पनी का गठन 1961 में टाटा इंजीनियरिंग एण्ड लोकोमोटिव कंपनी (टेल्को) के कंस्ट्रक्शन उपकरण प्रभाग के रूप में किया गया। आज कम्पनी के पोर्टफोलियो में मिनी एक्सकेवेटर, कंस्ट्रक्शन एक्सकेवेटर, माइनिंग एक्सकेवेटर, बैकहोलोडर, व्हीललोडर और डम्प ट्रक के साथ-साथ अटैचमेंट, पार्ट्स की बड़ी रेंज़ और एक्सपर्ट सर्विस सॉल्यूशन हैं।

# जिला भाजपा कार्यालय में नव निर्वाचित अध्यक्ष का किया सम्मान



जागरण, मंडला। जिले के भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंडला में बिछिया मंडल के ग्रामीण एवं नगरी कार्यकर्ता एवं भाजपा के नेता डॉक्टर विजय आनंद मरावी के साथ विजिट करने का अवसर प्राप्त हुआ जिला कार्यालय में जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल की उपस्थिति में बिछिया नगर परिषद उपचुनाव में अध्यक्ष के रूप में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी एवं मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट महामंत्री नरेश सार्वे उपाध्यक्ष दीपक कटारे भूपेंद्र ठाकुर राजेंद्र यादव मयंक जोध कुमार राजपूत योगेश यादव जी उपस्थित पार्षदों को प्रभारी मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया उनके द्वारा सभी को शुभकामनाएं प्रेषित किया गया एवं सभी कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय में लगे प्रदर्शनी का अवलोकन किया जिसमें भाजपा के पुराने से लेकर वर्तमान तक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को प्रदर्शनी में लगे छायाचित्र को देखकर गर्व एवं साक्षात की अनुभूति प्राप्त हुई जैसे कि हमारे क्षेत्र से विगत सन् 1980 से लेकर वर्तमान 2025 तक प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व काल तक के हमारी पार्टी में अनेक कार्यकर्ता एवं उनकी मेहनत संघर्ष की कुछ छबियां छायाचित्र इस प्रदर्शनी के माध्यम से स्मृति दिखाया गया है जिसमें जिले का नेतृत्व हमारे मंडल क्षेत्र ने अब तक दो 02 जिला अध्यक्ष दिया है जोथसिंह ठाकुर एवं बिजेंद्र सिंह कोकड़िया जैसे कार्यकर्ता ने अपना स्थान बना सका जो गर्व एवं श्रेष्ठता का विषय है इसी क्रम में डॉक्टर विजय आनंद मरावी ने प्रदर्शनी में लगे क्षेत्र के अनेक कार्यकर्ता जो जिले में अपने अन्य दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं जैसे माननीय स्व0 श्री सुनील नामदेव पूर्व मंडी अध्यक्ष जैसे कार्यकर्ताओं के राजनीतिक जीवन से प्रेरणा लेकर निरंतर संगठन को आगे बढ़ाने के कार्य में लगे रहना है एवं उद्बोधन के अंत में जय भाजपा विजय भाजपा का संकल्प कार्यकर्ताओं द्वारा लिया गया ।

# 47 आयुर्वेद औषधालय अर्से से डॉक्टर विहीन



जागरण लापरवाही

## जिले के आयुष चिकित्सा पर लगा ग्रहण

### शहर से लेकर गांव तक आयुष चिकित्सा के नाम पर कागजी खानापूर्ति




जागरण, सीधी

जिले में आयुष चिकित्सा को पूरी तरह से ग्रहण लगा हुआ है। जिले में 59 आयुर्वेद औषधालयों का संचालन किया जा रहा है। इनमें महज 12 चिकित्सकों की पदस्थापना ही होने के कारण 47 आयुर्वेद औषधालयों का संचालन बिना डॉक्टरों के ही किया जा रहा है। डॉक्टर विहीन औषधालयों के कंपाउंडर एवं औषधि सहायकों के सहारे ही मरीजों का उपचार करने की व्यवस्था बनाई गई है। सीधी जिले में डॉक्टरों की कमी के चलते अर्से से आयुर्वेद औषधालयों की व्यवस्थाएं पटरी से उतरी हुई हैं। जिन क्षेत्रों में आयुर्वेद औषधालय संचालित हैं उनका ताला भी अनियमित रूप से खुलता है। सुदूर क्षेत्रों में तो स्थिति यह है कि यह अक्सर ताले में ही कैद नजर आते हैं। सीधी जिले में शासन की महत्वपूर्ण आयुर्वेद चिकित्सा महज कागजों में ही सिमटकर रह गई है। आयुर्वेद औषधालयों में जब तक डॉक्टरों की पदस्थापना नहीं होगी और इनका संचालन नियमित रूप से नहीं होगा मरीजों को कोई लाभ नहीं मिलेगा। यदि कोई मरीज आयुर्वेद चिकित्सा के लिए नजदीकी औषधालयों में जाता है तो यहां डॉक्टर ही नहीं मिलते। कंपाउंडर या सहायक द्वारा मरीज के मर्ज के संबंध में जानकारी देकर कुछ दवाइयां पकड़ा दी जाती हैं। आयुर्वेद औषधालयों का मनमानी संचालन होने से लोगों का आयुर्वेद चिकित्सा को लेकर तेजी से मोह भंग हो रहा है। जानकारों का कहना है कि सीधी जिले में लंबे अरसे से आयुर्वेद औषधालयों का संचालन नियमित रूप से नहीं हो रहा है। लिहाजा मरीज भी उपचार के लिए यहां नहीं जाते। इसका पूरा-पूरा लाभ औषधालयों में पदस्थ अमला उठा रहा है। ऐसा आभाष होता है कि आयुर्वेद औषधालयों का संचालन महज कर्मचारियों को बिना काम किए वेतन देने का साधन बनकर रह गया है। आयुर्वेद औषधालयों का औचक निरीक्षण न होने के कारण यहां पदस्थ कर्मचारी भी मनमौजी ड्यूटी करने के आदी हो चुके हैं। कुछ कर्मचारी तो सप्ताह में एक दिन ही हस्ताक्षर करने के लिए औषधालय जाते हैं। औषधालय भी समय पर नहीं खुलते। यदि खुलते भी हैं तो एक-दो घंटे में ही बंद हो जाते हैं। जिसके चलते यहां मरीज ही नहीं जाते।

### शासकीय आयुष औषधालय उपनी ताले में कैद




राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-39 सीधी-सिंगरौली मार्ग में जिला मुख्यालय के समीपी शासकीय आयुष औषधालय उपनी स्थित है। आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि यह औषधालय कभी-कभार एक घंटे के लिए खुलती है। कब खुलेगी यह निश्चित नहीं रहता। औषधालय में कितने कर्मचारी हैं इसकी जानकारी किसी को नहीं हैं। डॉक्टर मिलते नहीं हैं। कभी-कभार कंपाउंडर नजर आते हैं। यदि कोई भूले-भटके यहां मरीज गया तो उसको मर्ज पूंछकर कुछ दवा पकड़ा दी जाती है। औषधालय से मिलने वाली दवाएं भी कोई असर नहीं करती। इसी वजह से मरीज बीमार पड़ने पर यहां उपचार कराने के लिए नहीं जाते। औषधालय का कभी निरीक्षण न होने से यहां पदस्थ कर्मचारी भी मनमौजी ड्यूटी करने के आदी हैं।

> जिले में महज 12 आयुर्वेद औषधालयों में ही डॉक्टरों की पदस्थापना है। शेष औषधालयों में डॉक्टरों की पदस्थापना न होने से उपलब्ध संसाधनों पर मरीजों का उपचार सुनिश्चित करने की व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। डॉक्टरों की कमी के संबंध में लगातार शासन स्तर पर पत्राचार किया जा रहा है। डॉक्टरों की कमी के चलते इसका असर भी देखने को मिल रहा है।
>
> **डॉ. बैजनाथ प्रजापति**
> **जिला आयुष अधिकारी**

# शिकायतों का समय सीमा में करें निराकरणः कलेक्टर



**जागरण, सीधी।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी स्तर पर कोई उदासीनता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जावेगी। संबंधित एल1 एवं एल2 अधिकारियों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर ने कहा कि अगले दो दिनों में सीएम हेल्पलाइन की पुनः समीक्षा की जाएगी जिसमें प्रत्येक विभाग के खराब प्रगति वाले दो एल 1 अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। समय सीमा पत्रों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को प्राथमिकता पर कार्यवाही करते हुए प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रकरणों की नस्ती कार्यवाही कर एक सप्ताह में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे। आगामी एक सप्ताह अभियान चलाकर टीएल प्रकरणों की वस्तुस्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सीएम हाउस तथा सीएम मॉनिट से प्राप्त पत्रों पर समय-सीमा में कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने समय-सीमा के अंदर समस्त प्रकरणों को निराकृत कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि समय-सीमा बाह्य प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर ने सभी निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भूअर्जन के प्रकरणों में प्राथमिकता से कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभाग ऐसे सभी प्रकरणों की समीक्षा कर अगले दो दिवस में जानकारी उपलब्ध करायेंगे। संबंधित उपखण्ड अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सभी प्रकरणों में समय सीमा में कार्यवाही पूर्ण करेंगे। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी विभागों को ई-ऑफिस के तहत की कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल प्रिया पाठक, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेष द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर एसपी मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## हरियाली यात्रा का किया गया आयोजन

**जागरण, सीधी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के तत्वाधान में विगत 24 जुलाई 2025 से नवांकुर सखी योजना के अंतर्गत संचालित हरियाली यात्रा के चौथे दिवस दिनांक 27 जुलाई को विकासखंड सीधी के रामगढ़ नंबर दो में हरियाली यात्रा का आयोजन वरिष्ठ समाज सेवी श्री लक्ष्मण के मुख्य आतिथ्य एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद शासी निकाय के सदस्य कृष्णकांत द्विवेदी की विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत की सदस्य सुश्री पूजा सिंह कुशराम तथा जनपद सदस्य श्रीमती रितु सिंह चौहान उपस्थित रही। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को फलदार पौधे देकर स्वागत करने के साथ ही कार्यक्रम की विस्तार से रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में डॉ. अजय मिश्रा उपाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश, ग्राम पंचायत रामगढ़ के सरपंच शिव टहल रावत के साथ ही समाज सेवी मोतीलाल पटेल, पुनीत नारायण शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मातृ शक्तियों द्वारा कलश यात्रा निकालने के साथ पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## बढ़ौरानाथ धाम मेला मे पुष्पांजलि चैरिटेबल ने बांटे फल



**जागरण, सीधी।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को बढौरानाथ धाम मे पुष्पाजलि चैरिटेवल शोशल फाऊन्डेशन द्वारा आज 28 जुलाई को दूर-दूर से आये हजारों श्रद्धालुओ को केले वितरित किये गये। इस अवसर पर सेमरिया थाना प्रभारी केदार परौहा ने श्रद्धालुओ को केले वितरित करते हुए संस्था के पदाधिकारियो आयोजको व उपस्थित वालेन्टियर्स को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम मे चौकी प्रभारी बम्हनी विकास सिंह का पूर्व की तरह सराहनीय योगदान रहा। बढौराधाम मे श्रावण मास के मेले मे आये लोगों का फल वितरण कार्यक्रम मे काफी उत्साह देखने को मिला। काफी भीड होने से सेमरिया पुलिस का सह्योग और योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम मे समाजसेवी व संघ के विभाग संयोजक संस्था के संरक्षक रामनरेश शुक्ल, संस्था के उपाध्यक्ष गुरूप्रसाद शुक्ल, राकेश तिवारी एड. संस्था के वालेन्टियर भगवान, प्रकाश, राजा, पवन कुमार तिवारी, रामसुशील शुक्ल पप्पू, मनोज कुमार, राकेश शुक्ला, संतोष साकेत, प्रशांत तोमर, मोनू शुक्ला का फल वितरण कार्यक्रम मे सराहनीय सह्योग रहा। कार्यक्रम के समापन मे संस्था उपाध्यक्ष गुरु प्रसाद ने सभी का धन्यवाद आभार ज्ञापित किया।

## मोबाइल से दो सिम निकाल खाते से निकाली गई रकम

**जागरण, सीधी।** कपिला पशु आहार कंपनी के कर्मचारी की मोबाइल से दो सिम निकाल बैंक खाते से हजारों रुपए उड़ानें का मामला सामने आया है। घटना की लिखित रिपोर्ट पीड़ित ने थाना कोतवाली सीधी में करते हुए रूपए वापस कराने एवं आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित दिलीप कुमार तिवारी पिता स्व. तीर्थराज तिवारी निवासी डाफी बीएचयू वाराणसी उत्तरप्रदेश ने रिपोर्ट में कहा है कि वह जिला सीधी एवं सिंगरौली में कपिला पशु आहार में नौकरी करता है। घटना दिनांक 14 जुलाई 2025 को 6.25 बजे नित्य क्रिया के लिए चला गया था। उसी दौरान खड्डी निवासी रितिक तिवारी, अमन तिवारी एवं प्रशांत कुमार पाण्डेय ने उसके मोबाइल से जियो कंपनी के दो सिम निकाल ले गए। सिम से 9200 रुपए निकाल लिए।

## सपा लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव बने जय सिंह



**जागरण, सीधी।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष एड. राम विजय यादव ने समाजवादी विचारधारा और पार्टी के प्रति कर्तव्य निष्ठा एवं मेहनत को देखते हुए जय सिंह चौहान राजू सीधी को प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया है। साथ ही आशा व्यक्त की है कि आप पार्टी के संगठन को मजबूत करते हुए अपनी गतिविधियों से प्रदेश कार्यालय को समय-समय पर अवगत कराते रहेंगे। जय सिंह चौहान राजू ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के शीर्ष नेताओं और प्रदेशाध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प जाहिर किया है।

## पति और देवरों से प्रताड़ित महिला ने की फरियाद

**जागरण, सीधी।** चुरहट थाना अंतर्गत ग्राम मवई निवासी एक महिला पति और देवरों से लंबे अरसे से प्रताड़ित है। महिला का आरोप है कि पति और देवरों द्वारा उसके घर के चारों तरफ बाड़ी लगाकर निस्तार अवरुद्ध कर दिया गया है और कुंआ को भी पाट देने से वह पानी लेने के लिए भटकने को मजबूर है। वरिष्ट अधिकारियों को दिए आवेदन में श्रीमती कमल कुमारी सिंह ने कहा है कि उसके पति जगतबहादुर सिंह फौज के सिपाही थे। पति 50 वर्ष से एक अन्य महिला को रखैल के रूप में रख लेने के बाद उसको प्रताड़ित करना शुरू कर दिया गया। वहीं देवर दिनेश प्रताप सिंह एवं रावेन्द्र बहादुर सिंह भी उसको बेदखल करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। पति और दोनो देवर रात में जेसीबी लेकर उसका घर गिरा रहे थे। उनकी मंशा है कि घर गिर जाए जिससे वह यहां से बेदखल हो जाए। प्रताड़ना के विरुद्ध थाना चुरहट में कई बार रिपोर्ट की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

## जिला पंचायत सदस्य ने किया क्षेत्रीय भ्रमण



**जागरण, सेमरिया।** जिला पंचायत सदस्य और भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरस्वती बहेलिया ने क्षेत्रीय भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया का निरीक्षण भी किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वितीय किस्त की राशि अभी तक नहीं मिली है, जिससे बरसात के समय भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कर्ज लेकर शौचालय बनवाया गया है, लेकिन राशि 4 वर्ष से लंबित है। जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया है कि वह वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर आवश्यक कार्यवाही कर राशि उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य ने ग्रामीणों को भाजपा द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि कैसे इन योजनाओं का लाभ उठाकर वे अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

## जिले में औसत वर्षा 841.1 मि.मी. दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 28 जुलाई को सीधी जिले में 2.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 0.0 मि.मी., सिहावल में 18.0 मि.मी., बहरी में 1.2 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 1.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 841.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 28 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 947.4 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 674.0, चुरहट में 710.0, गोपद बनास में 836.6, बहरी में 917.1, मझौली में 921.0 मि.मी. और कुसमी में 881.5 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 365.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 475.9 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# आदिवासियों की जमीन में स्थगन करने का लगा आरोप

## कलेक्टर की जन सुनवाई में भी हो चुकी है फरियाद



जागरण, सीधी

जिले के बहरी तहसील अंतर्गत आदिवासियों की जमीन पर दबाव बनाकर बेदखल करने की कार्यवाही भाजपा के एक नेता द्वारा किया जा रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर एवं जन सुनवाई में भी की जा चुकी है। दिए गए आवेदन में बताया गया कि बहरी तहसील अंतर्गत ग्राम तिलई में प्रकरण क्रमांक 0051/अपील/2023-24 आदेश दिनांक 28 फरवरी 2025 न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी बहरी द्वारा अपने ही आदेश को पारित किए फिर उसी आदेश को भाजपा के नेता के दबाव में हटा दिया गया है। बताया गया है कि जिस आदेश के तहत एसडीएम ने पारित किया उसके दूसरे महीने बाद 6 मार्च 2023 को स्थगन आदेश जारी करके रोंक लगा दिया गया तथा स्थगन लागू करने सहित आदेश पारित किया गया। जिसमें पुलिस प्रशासन के द्वारा नेता के बलबूते शिकायतकर्ताओं के ऊपर धारा 151 लगाकर जेल भी भिजवाया गया। जबकि सही जानकारी थी इसके बाद भी इस मामले में निष्पक्ष काम नहीं हुआ। इस मामले में शिकायत है कि वहां के स्थानीय निवासी भाजपा नेता के दबाव में यह कार्यवाही की गई है। इस मामले में ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। उनके द्वारा कलेक्टर की जन सुनवाई में भी आवेदन दिया जा चुका है लेकिन निष्पक्ष कार्यवाही नहीं हो रही है। इस मामले में गांव के निवासी हरिलाल लोनिया, भाईलाल लोनिया, राजकुमार, छोटे, शिवबालक सहित कई लोगों ने आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच के लिए मांग की है लेकिन अभी तक कोई जांच प्रक्रिया नहीं की जा रही है। ऐसे में कहीं न कहीं भाजपा नेता के दबाव में यह कार्यवाही होना माना जा सकता है। जिसको लेकर क्षेत्र में चर्चा है कि आदिवासियों के हितों के साथ इस तरह का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। उन्हें न्याय भी मिलना चाहिए।

# जिले की जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

## किसानों के लिए खाद बीज की उपलब्धता जल्द सुनिश्चित करें सरकारः ज्ञान



जागरण, सीधी

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अगुवाई में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जिले भर की विभिन्न समस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी गोपद बनास को सौंप कर जल्द निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि जिले में खाद बीज की उपलब्धता शून्य है किसान बोनी के समय खाद और बीच के लिए परेशान हो रहे हैं और प्रदेश की सरकार खाद बीज उपलब्ध कराने में असमर्थ साबित हो रही है जिले की किसी भी सोसाइटी में डीएपी और यूरिया उपलब्ध नहीं है बीज भी किसानों को उपलब्ध नहीं कराया गया। निजी दुकानों पर मिलने वाले बीजों की क्वालिटी, गुणवत्ता और रेट की जांच कृषि विभाग द्वारा कभी नहीं की जाती है, जिसके कारण किसान लुटते हैं। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं जो खपत से ज्यादा रीडिंग बताते हैं और आम उपभोक्ता लूट रहा है। स्मार्ट मीटर की जांच कर उपभोक्ता की संतुष्टि के बाद ही स्मार्ट मीटर लगाया जाए। उन्होंने आगे कहा कि नल जल योजना में व्यापक भ्रष्टाचार हो रहा है। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। बरसात में जिले की सभी सड़कों की हालत खस्ता हो चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो आवागमन पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। सीधी-सिंगरौली सड़क के पूरे होने का सपना सपना ही रह गया है। प्रदेश के साथ जिले की स्थिति भी बेहद चिंताजनक और खराब है लेकिन भाजपा का विकास सोशल मीडिया और कागजों पर चमकदार दिखाई दे रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है और जनता उनकी हकीकत समझ चुकी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार शासन और प्रशासन को धरना प्रदर्शन आंदोलन और ज्ञापन के माध्यम से जिले की समस्याओं से अवगत कराती आ रही है, लेकिन शासन प्रशासन की चिरनिद्रा नहीं खुल रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र सिंह भदौरिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह, उपाध्यक्ष आकाश सिंह रिंकू, वरिष्ठ पार्षद विनोद मिश्रा, महिला कांग्रेस प्रदेश महामंत्री कुमुदिनी सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश पाठक महामंत्री भूपेन्द्र सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, जय सिंह, एनएसयूआई अध्यक्ष सौरभ सिंह, महामंत्री शीला साकेत सहित सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को एक सप्ताह पूर्व वेटिंग रूम में भर्ती कराएंः डॉ. खरे

**जागरण, सीधी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे ने जानकारी देकर बताया है कि जिला चिकित्सालय सीधी एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रसूता का संभावित प्रसव तिथि के पूर्व सुरक्षित प्रसव कराने के लिए बर्थ वेटिंग रूम की स्थापना की गयी है। उक्त संबंध में समस्त मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारियों, मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि पहुंच विहीन क्षेत्र में निवासरत प्रसूता, हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को प्रसव के संभावित तिथि के एक सप्ताह पूर्व प्रसूता को बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि दिनांक 27 जुलाई 2025 को प्रातः 4:42 पर 108 काल सेन्टर पर सूचना मिलने पर 108 एम्बूलेंस प्रीती रावत ग्राम वरिगवां नं. 2 के गृह निवास के नजदीक तत्काल 5 बजे सुबह उपलब्ध कराई गई। एमटीएस द्वारा प्रसव उपरान्त तत्काल प्राथमिक उपचार करते हुये एम्बूलेंस तक ले जाया गया एवं नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया में भर्ती कराया गया।

# ट्रैक्टर पलटने पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, शुरू किया धरना

## ग्राम पंचायत भवन कुसमी के पास हुआ हादसा

### जल जीवन मिशन के कार्य में सड़क में हुए थे गड्ढे





जागरण, सीधी

खेत जोतकर लौट रहा ट्रैक्टर खराब सड़क के चलते अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक घायल हो गया वहीं एक अन्य व्यक्ति को भी चोटें आई हैं। हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और वह रविवार रात 10 बजे से धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का आरोप था कि जल जीवन मिशन के कार्य में जेसीबी मशीन से मनमानी तौर पर गड्ढे किए गए। यह गड्ढे हादसे का कारण बन रहे हैं। दरअसल जिले के कुसमी विकासखंड अंतर्गत जल जीवन मिशन पाइपलाइन का कार्य जोरों से किया गया है जिस पर बारिश ने पूरे निर्माण कार्य की पोल खोल के रख दी है, देखा जा रहा है कि जहां सड़क के आसपास यह पाइपलाइन के लिए जेसीबी मशीन से खुदवायी का कार्य किया गया था वहां पर गड्ढे हो गए हैं और वह आए दिन एक नये हादसे से उन गड्ढो पर हो रहे हैं क्षेत्र में कई एक्सीडेंट इन गड्ढो की वजह से हो चुके हैं। इसका जिम्मेदार लोग जल जीवन मिशन के कर्मचारियों को ही मान रहे हैं। बताते चलें कि कुसमी ग्राम पंचायत भवन के पास सोमवार रात एक बड़ा हादसा उस वक्त हो गया, जब खेत जोतकर लौट रहा एक ट्रैक्टर खराब सड़क के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में चालक घायल हो गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति को भी अंदरूनी चोटें आईं हैं। हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और वे रविवार रात 10 बजे से लगातार धरने पर बैठे गये थे। सोमवार सुबह तक 10 घंटे समय बीत जाने के बाद सरपंच मौके पर पहुंचे और सड़क में घटना स्थल पर जेसीबी टेक्टर से निर्माण कार्य कराया। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि यह सड़क वर्षों से जर्जर हालत में है, इसके लिए कई बार सरपंच चंद्रावती और सचिव विपिन सिंह बघेल से गुहार लगाई गई लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। गांव के ही निवासी रेवती सिंह मरावी ने बताया कि यह सड़क स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन इसके निर्माण को लेकर सरपंच और सचिव की घोर लापरवाही के चलते काम शुरू नहीं हो सका है। लेकिन इसके संबंध में जब सचिव विपिन सिंह से बात की गई तो सचिव द्वारा बताया गया कि 3 वर्षों पहले सड़क का मरम्तीकरण कार्य कराया गया था, लेकिन जब से जल जीवन मिशन की यह पाइप लाइन का कार्य उनके कर्मचारियों के द्वारा कराया गया है तो जगह-जगह यह सड़क को तोड़कर पाइप लगाई गई है जिससे यह कच्ची सड़क बरसात के कारण और कमजोर हो गई और इस हादसे का कारण भी पाइप लाइन की वजह ही है। बरसात के बाद सड़क की मरम्मत की जायेगी। वहीं कई ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के कर्मचारियों पर गंभीर सवाल उठाए है। लोगों का कहना है कि जब पाइपलाइन का कार्य किया जा रहा था तब इसकी खुदायी कम की गई और इसकी बराबर पटाई नहीं की गई न ही रोलर चलाया गया। निर्माण कार्य में मानक के हिसाब से कुछ भी नहीं कराया गया। जिसके कारण मिट्टी बह बह कर गड्ढा करती चली गई और हादसे का कारण बन गई है। वहीं जलजीवन मिशन के कर्मचारियों कीइस लापरवाही और अनदेखी से ग्रामीण आक्रोशित है और लापरवाहों पर कार्यवाही की मांग और सड़क का मर्मतीकरण की मांग किये है।

> मामले कि जानकारी मिली है, जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।
>
> **ज्ञानेंद्र मिश्रा**
> **जनपद सीईओ कुसमी**

# समिति व दुकानदारों को प्रतिदिन खाद की जानकारी देनी होगी



**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने खरीफ मौसम के लिए उर्वरक वितरण से जुडे अधिकारियों से कहा है कि जिले में किसानों को उर्वरक समय पर बिना किसी असुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने मार्कफेड के अधिकारी को निर्देशित किया कि समिति और निजी दुकानों में उपलब्ध उर्वरक मात्रा की जानकारी प्रतिदिन सार्वजनिक करें ताकि किसान वहां से खाद का उठाव कर सके। सोमवार को समय सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने यह निर्देश दिये। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडीएम एपी द्विवेदी, जीतेंद्र वर्मा, एलआर जांगडे, राहुल सिलाडिया, आरएन खरे सहित जिला विभाग प्रमुख अधिकारी, जनपद के सीईओ, सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने अतिवृष्टि के दौरान हुई आपदा की घटनाओं में आरबीसी 6-4 के तहत स्वीकृत राहत राशि की समीक्षा की। बताया गया कि जनहानि के सभी 13 प्रकरणों में आरबीसी 6-4 के तहत 4-4 लाख रूपये परिजनों के खातों में उपलब्ध करा दिये गये हैं। चित्रकूट में घर के अंदर पानी प्रवेश होने से लगभग 400 प्रभावित परिवारों को 50-50 किलो खाद्यान्न निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 25 गरीब परिवारों को रेडक्रास से कपडे और बर्तन भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कलेक्टर ने हिट एण्ड रन प्रकरणों में अब तक स्वीकृत सहायता राशि की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गुरूवार को होने वाली बैठक में सभी संबंधित तहसीलदार अधिकारियों की बैठक में लंबित 61 प्रकरणों का निराकरण करायेंगे। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के जीर्ण-शीर्ण एवं मरम्मत स्कूलों की जानकारी लेते हुए कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी तथा ब्लाक लेवल के शिक्षा अधिकारी सुनिश्चित करें कि इन भवनों में किसी भी प्रकार की दुर्घटना नहीं होनी चाहिए।

## जमीनी विवाद में महिलाओं के बीच हुई मारपीट, वीडियो वायरल

**छतरपुर।** मातगुंवा थाना क्षेत्र के पराचौकी तिराहा पर रविवार की सुबह जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों की महिलाओं के बीच मारपीट की घटना सामने आई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मातगुवां पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है, इसके साथ ही विवादित जमीन की नाप भी कराई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिकक सुबह करीब 9 बजे पराचौकी तिराहे पर छत्रपाल परमार और भारतभूषण यादव के बीच जमीन को लेकर विवाद हुआ। थाना प्रभारी अंकुर चौबे और राजस्व अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पटवारी से जमीन की नपाई कराई, जिसमें जमीन यादव पक्ष की पाई गई। इस दौरान दोनों पक्षों की महिलाओं के बीच हाथापाई हुई, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। एक पक्ष की रेखा सिंह परमार ने बताया कि नारायण यादव गड्ढा खोद रहा था, जिसे रोकने पर उसके पूरे परिवार ने मारपीट शुरू कर दी। करीब दो दर्जन लोगों, जिनमें गणेश यादव, भगवान दास, बबलू, नारायण, शिवप्रताप, राम प्रताप, कल्लू, कृष्णा, रेखा, विमला, वंदना, राजाबाई, सिया शामिल थे, ने उनके साथ झीना-झपटी, गाली-गलौज और मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष की राजाबाई यादव ने आरोप लगाया कि परमार परिवार की महिलाएं गालियां दे रही थीं और मारपीट की। उनके आभूषण छीन लिए गए। विवाद के दौरान उनके परिवार के पुरुष मौके पर आए थे। दोनों पक्षों की महिलाओं में हाथापाई हुई। जमीन की नपाई में यह यादव पक्ष की निकली। दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है, और वीडियो सहित तथ्यों की जांच के बाद उचित कार्रवाई होगी।

# जनपद अध्यक्ष के विश्वास में आ रहे नए मोड़



**जागरण, सतना।** जनपद पंचायत रामपुर बघेलान के जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू का अविश्वास प्रस्ताव लेकर कुछ जनपद सदस्य सतना कलेक्ट्रेट पहुंचे थे और अविश्वास पत्र सौंपा था मगर ठीक उसके दूसरे दिन से एक एक करके जनपद सदस्य अपना अपना शपथ पत्र लेकर रामपुर बघेलान मुख्य कार्यपालन अधिकारी के कार्यालय पहुंचना शुरू कर दिए प्राप्त जानकारी के अनुसार पहला शपथ पत्र जनपद सदस्य सतीश मिश्रा ने दिया वहीं दूसरा और तीसरा शपथ पत्र लेकर श्रीमती अनीता प्रजापति पति शिवकुमार प्रजापति वार्ड नं०07श्रीमती गीता प्रजापति पति उपेंद्र प्रजापति वार्ड 08 अपने सपथ पत्र ले कर जनपद सी ई ओ राहुल पांडेय को सौंपा और जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू का समर्थन।

## किसान रासायनिक उर्वरक का संतुलित मात्रा में करें उपयोग

**छतरपुर।** जिले में कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा की गई। अभी जिले में 10501 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। जिसमें जिला विपणन संघ के गोदामों में यूरिया 106 मीट्रिक टन, डीएपी 50 मीट्रिक टन, एनपीके 1908 मीट्रिक टन, सुपर फास्फेट 1418 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है सेवा सहकारी समितियो में यूरिया 785 मीट्रिक टन डीएपी 728 टन मीट्रिक, एनपीके 227 मीट्रिक टन, सुपर फास्फेट 243 मीट्रिक टन भण्डारित है इसी प्रकार प्राईवेट विक्रेताओ के पास भी यूरिया 466 मीट्रिक टन, डीएपी 416 मीट्रिक टन, एनपीके 1157 मीट्रिक टन, सुपर फास्फेट 813 मीट्रिक टन तथा जिले में पोटास खाद कुल 221 मीट्रिक टन उपलब्ध है किसानो को उर्वरक की उपलब्धता बनाये रखने के लिए लगातार ट्रकों के एवं रेक के माध्यम से आवश्यतानुसार आवक बनी हुई है। खरीफ मौसम में लगने वाले उर्वरक का उपयोग खेतो की मिटटी के जाँच के आधार पर ही उपलब्ध तत्वो की आवश्यक मात्रा का ही उपयोग किया जावे। जिससे खेत खराब (उसर) होने से बचाव होगा। किसान डी.ए.पी के वैकल्पिक उर्वरक सुपर फास्फेट और एन.पी.के. एवं यूरिया की निर्धारित मात्रा का उपयोग कर डीएपी की उर्वरक की पूर्ति कर सकते है। साथ ही नैनो यूरिया 4850 बोतल एवं नैनो डी.ए.पी 4365 बोतल मात्रा में जिले उपलब्ध है जिसका भी किसान वैकल्पित उर्वरक के रूप में फसलों में छिडकाव कर उपयोग कर सकते है। जिस उर्वरक विक्रेता से उर्वरक क्रय करें उससे उर्वरक का बिल जरूर लें। यदि व्यापारी बिल नहीं दे रहा तो तत्काल कृषि विभाग के अधिकारियो को सूचित करें।

## जिला जेल में प्रधान जिला न्यायाधीश सहित अन्य न्यायाधीशों ने फलदार पौधे लगाए

**छतरपुर।** जिला जेल छतरपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत गुरुवार को वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश छतरपुर रविन्दर सिंह, विशेष न्यायाधीश उपेन्द्र प्रताप सिंह, जिला न्यायाधीश कविता वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वाती निवेश जयसवाल, सचिव एवं न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु प्रसाद सोलंकी, व्यवहार न्यायाधीश रानो बघेल, प्रेरणा जैन, संघ शीखा, दिव्यांश गुप्ता, आकाक्षा गर्ग, जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ. विरेन्द्र कुमार चढ़ार, जेल अधीक्षक जिला जेल छतरपुर दिलीप सिंह, जेल चिकित्सक अमित खरे एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे। दिलीप सिंह जेल अधीक्षक ने वृक्षारोपण का महत्व बताते हुऐ कहा कि वृक्षों का महत्व केवल पर्यावरण के लिए ही नहीं हैं. बल्कि हमारे जीवन के लिए भी हैं एवं प्रकृति और ममता को समर्पित एक पेड़ माँ के नाम अभियान पार्यवरण को संवारने की एक सशक्त पहल है। कर्मचारियों को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपने-अपने घरो में एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया एवं उसकी संपूर्ण देखरेख करने को कहा। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जेल परिसर छतरपुर में 250 फलदार वृक्ष जिसमें जामुन, आम, इमली, अमरुद, कटहल, लगाए गए।

## रैला ग्राम में अवैध उर्वरक भण्डारण करने वाले प्रोपराईटर के विरूद्ध दर्ज हुई एफआईआर

**जागरण, बैढ़न।** कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के निर्देशन में अवैध उर्वरक भण्डारण करने वाले के विरूद्ध कार्यवही किए जाने हेतु निरीक्षण दल तैनात किया गया है। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में गठित टीम के द्वारा लगातार अवैध उर्वरक भण्डारण का निरीक्षण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि मनोज सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा भ्रमण के दौरान ग्राम रैला में स्थित उर्वरक मेसर्स शाह फर्टिलाइजर रैला प्रोपराईटर मनीष शाह पिता सुरेन्द्र शाह के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया । जिसमे निरीक्षण के दौरान उर्वरक का अवैध भण्डारण पाया गया जिसके उपरांत दुकान को सील करके बंधौरा चौकी थाना माडा में प्राथमिकी दर्ज की गई। जिला स्तरीय टीम में डॉ.लवकुश सिंह सहायक संचालक कृषि लखन सिंह मरावी कृषि विकास अधिकारी शामिल थे।

# एनटीपीसी रिहंद में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के प्रचार प्रसार हेतु कार्यशाला का आयोजन



**जागरण, रिहंदनगर।** एनटीपीसी रिहंद में भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा वित्तीय साक्षरता बढ़ाने सामाजिक सुरक्षा को सशक्त करने युवाओं को रोजगार हेतु सक्षम बनाने एवं देश में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में नियोक्ताओं और आम नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने हेतु कर्मचारी भविष्य निधि संगठन वाराणसी द्वारा कर्मचारी विकास केंद्र के नेहरू हाल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त.प्रभारी नीरज श्रीवास्तव ने की। उक्त कार्यक्रम में ईपीएफओ प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के प्रमुख ठेकेदार प्रतिष्ठान जैसे मेसर्स भरत कंस्ट्रक्शन मेसर्स रूमाटेक मेसर्स पवन कंस्ट्रक्शन आदि के अनुज्ञापी भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि सीटू एटक एवं एनओएआर के समक्ष की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया। इस योजना के अंतर्गत औपचारिक कार्यबल में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने रोजगार क्षमता के विकास तथा नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजन हेतु प्रोत्साहन प्रदान करने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई।इसके पश्चात प्रशासनिक भवन स्थित मंथन प्रेक्षागृह में एनटीपीसी रिहंद के वरिष्ठ प्रबंधन के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान नीरज श्रीवास्तव ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और उससे संबंधित प्रक्रियाओं पर चर्चा की। एनटीपीसी रिहंद के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए योजना को अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुँचाने का पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# खेलो इंडिया के तहत सीआईएसएफइकाई एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा साइकिल रैली का आयोजन






**जागरण, विंध्यनगर।** सीआईएसएफ इकाई एनटीपीसी-विंध्याचल विंध्यनगर में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर खेलो इंडिया के तहत आज वरिष्ठ कमांडेंट मनीष कुमार राय के नेतृत्व में साइकिल रैली का आयोजन किया गया । जिसमे सीआईएसएफ इकाई एनटीपीसी.विंध्याचल विंध्यनगर के इकाई प्रभारी के अलावा उप कमांडेंट ज्ञान सिंह भाटी सहायक कमांडेंट भास्कर चौधरी सहायक कमांडेंट/अग्नि सदा राम यादव तथा इकाई के सभी निरीक्षक और जवान उपस्थित थे। वरिष्ठ कमांडेंट मनीष कुमार राय ने इकाई के बल सदस्यो को फिट इन्डिया साइकिल रैली के दौरान ब्रीफिंग में बताया कि हमको शारीरिक व मानसिक रूप से हमेशा फिट रखता है तभी हम मुश्किल हालात में विजय प्राप्त कर सकते हैं तथा हमारे आसपास भी लोगों को इसके प्रति जागरूक करना है अन्त में कारगिल युद्ध में तैनात बल सदस्यो को याद करते हुए तथा उनके बलिदान से प्रेरणा लेते हुए रैली को समाप्त किया गया।

## गंदगी करने वालो पर कार्यवाही कर वसूला जुर्माना



**जागरण, सतना।** सोमवार को नगर निगम के स्वच्छता टीम ने सिविल लाइन कोठी तिराहा से होते हुये धवारी रोड प्रेम नगर तक सी.एण्ड.डी कचरा उठाया इसके बाद साथ ही सिविल लाइन चौराहे में सार्वजनिक स्थल पर गंदगी करने वालो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर दो हजार रूपये जुर्माना राशि वसूल की गई है।


**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**आवश्यकता है**

एकेएस विश्वविद्यालय,के रीवा जिले के बैकुंठपुर क्षेत्रीय कार्यालय के लिए योग्य मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव एवं एडमिशन काउंसलर की आवश्यकता है।
योग्यता - स्नातक, अच्छी संवाद शैली हो, अपना रिज्यूमे व्हाट्सएप पर भेजें।
वेतन योग्यतानुसार।
मो. 9993181552, 8889927776
(29/7)

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944


## मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 3.05 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर।** म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 7 लोगों को बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 3.05 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है। हितग्राही जय कुमार दुबे पिता हनुमतप्रसाद दुबे निवासी वार्ड नं 11 ट्रेजरी रोड नौगांव को 95 हजार रुपए, कु. योगेश्वरी लोधी पिता राहुल सिंह लोधी नि. वार्ड नं 9 ग्राम गढ़ी सेमरा को 35 हजार रुपए, शिवानी लोधी पिता चतुर्भुज लोधी नि. बमनौराकला 20 हजार रुपए, रामनाथ सिंह परिहार आत्मज अनुरुद्ध सिंह नि. बछौरा को 65 हजार रुपए, साक्षी पिता अनंतराम लोधी नि. बनमौराकला को 20 हजार रुपए, प्रकाश अहिरवार पिता कंदू अहिरवार नि. वार्ड नं 11 सागर रोड खैरोन बिजावर को 45 हजार रुपए एवं चंद्रप्रताप सिंह पिता चतुर सिंह ग्राम पिपोराखुर्द जिला छतरपुर को 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।


**मकान किराए से देना है**

मकान किराए से देना है 2 रूम लेट्रिन बाथरूम अटैच आनंदनगर केरला पब्लिक स्कूल के पास में देना है।
**सम्पर्क करें:-** 8085307703
( 31/07 )


## लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# नई कार्यकारिणी ने ली शपथ सामाजिक कार्यों का लिया संकल्प

**छतरपुर।** शहर के पन्ना रोड पर एक निजी होटल में बीती शाम लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें क्लब की नई कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को छतरपुर गौरव रत्न सम्मान प्रदान किए गए।समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल, पीडीसी शपथ अधिकारी अशोक दुबे, पवन मलिक, कैलाश अग्रवाल, कृष्णा रावत, भगवत शरण अग्रवाल, आभा श्रीवास्तव, जोन चेयरमैन सुशील शिवहरे, क्लब अध्यक्ष संजय नामदेव, सचिव सौरभ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रवीण चौरसिया, और एमओसी महेंद्र अग्रवाल सहित स्वप्निल अग्रवाल उपस्थित रहे। संजय नामदेव ने अध्यक्ष, सौरभ अग्रवाल ने सचिव, प्रवीण चौरसिया ने कोषाध्यक्ष, और सुशील शिवहरे ने जोन चेयरमैन के रूप में शपथ ली। इस दौरान प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. कपिल खुराना भी क्लब के सदस्य बने और उन्होंने शपथ ग्रहण की। सभी पदाधिकारियों ने मानव कल्याण और समाज सेवा के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. मनोज चौधरी और फोटोग्राफी में बेहतरीन कार्य के लिए ऋषि देव सिंह को छतरपुर गौरव रत्न सम्मान से नवाजा गया। दोनों को मंच पर शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष संजय नामदेव ने बताया कि समारोह का मुख्य उद्देश्य लायंस क्लब को और मजबूत करना और समाज सेवा के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करना था। क्लब द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों जैसे निःशुल्क चिकित्सा शिविर, भोजन पैकेट वितरण, और वृक्षारोपण पर चर्चा हुई। इन गतिविधियों ने क्लब की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाया।

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं दीपक पाण्डेय निवासी ग्राम टिकुरी (पिपरी), पोस्ट सरई सेंगर, तहसील एवं जिला रीवा (म.प्र.) सर्वसाधरण को -सूचित करता हूँ कि मैं बल सेना का भूतपूर्व सैनिक हूँ, मेरा आर्मी नम्बर 15565345K ACP नायक है, मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरी पत्नी प्रतिभा पाण्डेय का नाम प्रतिभा अंकित है, जबकि उनके आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में उनका नाम प्रतिभा पाण्डेय दर्ज, जो कि सही है। प्रतिभा और प्रतिभा पाण्डेय एक ही व्यक्ति के नाम हैं। इसी तरह मेरे बेटे आर्यन पाण्डेय जिसकी जन्मतिथि सभी दस्तावेजों में 23/02/2007 दर्ज है जबकि मेरे आर्मी रिकार्ड में 23/02/2009 दर्ज हो गयी है, जो कि गलत है। अतः मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम प्रतिभा पाण्डेय एवं मेरे पुत्र आर्यन पाण्डेय की जन्मतिथि 23/02/2007 दर्ज किया जाय, एवं लिखा पढ़ा व जाना जाए। एवं पूर्व का पता ग्राम देव तालाब पो. देव तालाब जिला रीवा (म.प्र.) जबकि मेरा पता बदल कर ग्राम टिकुरी (पिपरी), पोस्ट सरई सेंगर, तहसील एवं जिला रीवा (म.प्र.) हो गया है जो सही एवं सत्य है।

RN-82584 दीपक पाण्डेय

**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं चन्द्रभूषण मिश्रा पिता दुर्गा प्रसाद मिश्रा उम्र 40 साल ग्राम सोहास तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र. का निवासी हूॅ।मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूॅ कि मेरे पुत्र का नाम राहुल मिश्रा पिता चन्द्रभूषण मिश्रा है किन्तु मेरे पुत्र के स्कालर व स्कूल के रिकार्ड में राहुल गौतम लिखा हुआ है।जबकि समस्त रिकार्डो में राहुल मिश्रा लेख है अतः मेरे पुत्र के स्कार एवं स्कूल के समस्त दस्तावेजो में राहुल गौतम के स्थान पर राहुल मिश्रा लिखा पढ़ा जाये।

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-मऊगंज (म.प्र.)**

sunit.rajpoot@mp.gov.in

क्रमांक/391/खनिज/2025 मऊगंज/दिनांक 04/07/2025

मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक भावना पांडेय पुत्री श्री एल.डी. पांडेय, जे410 ब्लॉक, जे आरोग्यम ग्रुप, हाउसिंग प्रोजेक्ट बघेरी राजपूताना, रुढ़की, हरिद्वार, (उत्तराखंड), हाल मुकाम-हिम्मतपुर, मोटाहाल्दु, सुनवालपुर, पोस्ट-गोरा पड़ाव, हल्दवानी, नैनीताल, उत्तराखंड द्वारा उत्खनि पट्टा (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 02/07/2025 को प्रस्तुत किया गया है। तीस दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन ईखनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किए जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा (हेक्टेयर में) | भूमि का प्रकार शासकीय /निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मऊगंज | हनुमना | पिपराही | 50/3/1 | 1.883 | शासकीय | गिट्टी पत्थर | क्रेशर आधारित पत्थर उत्खनि पट्टा |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियासत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
कार्यालय कलेक्टर ( खनि शाखा )
जिला मऊगंज ( म.प्र. )

G-16374/25

**In The Court Of II Additional Motor Accident Claim Tribunal, District Court, Rewa**
Presiding Officer: आशीर्वाद भिलाला
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(EX MJC/0000220/2023)
रामखेलावन विश्वकर्मा .................. वादी
VS
सुनील कुमार मिश्रा .................. प्रतिवादी
Process Id:-/2025
पेशी दिनांक - 09/09/2025

प्रेषिती-
(1) सुनील कुमार मिश्रा पिता इन्द्रमणि मिश्रा पता- मगदेवा थाना शाहपुर जिला रीवा (म.प्र.)
(2) रमेश मिश्रा पिता इन्द्रमणि मिश्रा पता- मगदेवा थाना शाहपुर जिला रीवा म.प्र.।

यह कि प्रार्थी रामखेलावन विश्वकर्मा ने आपके विरूद्ध इजराय के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 21 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

(आशीर्वाद भिलाला)
द्वितीय मोटर दुर्घटना
दावा अधिकरण
रीवा (म.प्र.)

मुद्रा
RN-82729

## एनसीएल गृहिणियों को सिखा रही प्राथमिक उपचार के गुर

**जागरण, सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल द्वारा गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज एनसीएल मुख्यालय द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। अधिकारी क्लब सिंगरौली में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के दौरान केंद्रीय अस्पताल सिंगरौली की टीम ने उपस्थित गृहणियों को सीपीआर हृदय पुनर्जीवन सड़क दुर्घटनाओं में प्राथमिक चिकित्सा सांप के काटने पर उपचार जलने और चोटों का उपचार रक्तचाप और मानव शरीर को प्रभावित करने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर 47 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। एनसीएल द्वारा अभी तक 118 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीएल परिवार की 3897 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस दौरान सीएमएस केंद्रीय चिकित्सालय सिंगरौली डॉ.मंजरी मेहता एवं टीम उपस्थित रहे। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का चरणबद्ध तरीके से आयोजन किया जा रहा है। ग़ौरतलब है कि एनसीएल द्वारा गत 27 जनवरी को गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने हेतु प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गयी थी।

# प्राथमिक माध्यमिक हायर सेकेन्ड्री विद्यालय भवनों की जांच कर पालन प्रतिवेदन दें : कलेक्टर

### डायरिया बीमारी के रोकथाम हेतु अभियान चलाकर कार्य करने का दिए निर्देश

**जागरण, बैढ़न**

प्राथमिक माध्यमिक हायरसेकन्ड्री विद्यालय भवनो का जॉच कर समय सीमा के अंदर पालन प्रतिवेदन देवे तथा यदि भवन जर्जर हो या अन्य सुधार की आवश्यकता हो तत्काल कराया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही जिले में बर्षात के पानी से डायरिया जैसी बिमारी पनपने ना पाये इसके लिए अभियान चलाकर कार्य किया जाना सुनिश्चित किया जाये उक्त आशय का निर्देश समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा संबंधित विभागो के अधिकारियो को दिया गया। बैठक में समीक्षा करते हुयें कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियो को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्रो में गठित टीम को इस आशय का निर्देश देवे कि विद्यालयो एवं छात्रावासो के साथ साथ उचित मूल्य के दुकानोए आगनवाड़ी केन्द्रो का निरीक्षण कर वास्तु स्थिति का पालन प्रतिवेदन देवे। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि गठित टीम प्रातः 10.30 बजे एवं शायं 3 बजे विद्यालयो का निरीक्षण करे। वही जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विद्यालय निर्धारित समय पर प्रारंभ हो छात्रो की उपस्थिति शत प्रतिशत रहे। एवं उन्हे गुणवत्तायुक्त मध्यान भोजन प्राप्त हो साफ सफाई पेयजल शुद्धता बनी रहे। वही शत प्रतिशत नामांकन रहे। साथ ही सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग को निर्देश दिए कि छात्रावासो में अध्ययनरत छात्राओ को शासन द्वारा सुविधाओ का लाभ समय पर मिले एवं इनके स्वास्थ्य का परीक्षण भवन की साफ सफाई के साथ साथ इनका नास्ता एवं भोजन गुणवत्तायुक्त रहे। अधीक्षिका तथा सहायक अधीक्षक




छात्राओ के छात्रावास में रात्रि विश्राम करे। वही खाद्यान अधिकारी को निर्देश दिए कि अगस्त माह का खाद्यन पात्र हितग्राहियो को समय पर प्राप्त हो तथा महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिया गया कि आगनवाड़ी केन्द्रो का संचालन समय पर हो बच्चो को नास्ता एवं धात्री एवं गर्भवती महिलाओ को शत प्रतिशत पोषण आहार प्राप्त हो साथ ही आगनवाड़ी भवनो की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण कर जानकारी प्रस्तुत करे यदि मरम्मत की आवश्यकता हो जर्जर हो तत्काल सुधार का कार्य करे। वही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि मौसमी बिमारियो को रोकने हेतु कार्य किया जाये इसकी लगतार मानीटरिंग करे दवाओ का सामुदायिक स्वस्थय केन्द्रो में भण्डारण बना रहे। स्वास्थ्य विभाग एवं पीएचई विभाग को निर्देश दिए कि कूपोए हैन्डपम्पो में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराये। कलेक्टर ने इस आशय के भी निर्देश दिए कि कामर्शियल गैस भण्डारो का संबंधित विभाग के अधिकारी निरीक्षण करे। एवं राजस्व स्वास्थ्यए नगर निगम सामूहिक रूप से आने वाले त्योहारो को मद्देनजर रखते हुयें मिष्ठान प्रतिष्ठानो के साथ साथ नकली खोवा मावा लाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन के शिकायतो की समीक्षा करते हुयें संबंधित विभागीय अधिकारी को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतो का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करे। एवं जन सुनवाई सीएम हाउस कार्यालय से प्राप्त पत्रो का भी निराकरण करे। बैठक के अंत मे इस आशय के निर्देश दिए गए कि सभी विभागीय अधिकारी जन कल्याणकारी योजनाओ का लक्ष्य के अनुसार लाभ दिया जाना सुनिश्चित करे। आपदा प्रबंधन की टीम अपने अपने क्षेत्रो में लगातार भ्रमण कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेती रहे। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम राजेश शुक्ला नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सौरभ मिश्रा नंदन तिवारी देवेन्द्र द्विवेदी सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## शपथ ग्रहण समारोह में जूनियर स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों ने ली शपथ




### नशे से दूरी है ज़रूरी थीम पर मानव श्रृंखला निर्मित करवा कर नशा मुक्ति का दिया महत्वपूर्ण संदेश

**जागरण, विंध्यनगर।** नेतृत्व कर्तव्य एव निर्णय क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर में पूर्व की तरह कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियो हेतु जूनियर स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया। काउंसिल के सभी 24 सदस्यों को गरिमापूर्ण आयोजन में प्राचार्य डॉ जनार्दन पांडेय द्वारा शपथ प्रदान कराई गई। हेड गर्ल अनिका अंशव ऐश्वर्या और हैडब्वॉय अनमोल वर्मा व अयान्श सिन्हा के साथ एक्टिविटी कन्वीनर के लिए अक्षिता अद्रिजा सौम्या जशित सात्विक व राजीव डिसिप्लिन प्रिफेक्ट के लिए गरिमा कृषा आद्रिका आन्या पीहू मानवी आरव सात्विक मेधांश रेयांश और अद्वित तथा स्पोर्ट्स कैप्टन के लिए रिदम सुमेधा तथा यशा ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में पिछले शैक्षणिक सत्र के काउंसिल सदस्यों को भी प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कक्षा 3 से 5 के छात्रों हेतु अंतर्सदनीय आईटी प्रश्न मंच स्पर्धा का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी 6 सदनों के 36 छात्रो ने तकनीक के क्षेत्र में अपनी योग्यता प्रदर्शित की। सतलुज सदन ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। गंगा द्वितीय तथा झेलम सदन तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहे। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए प्राचार्य ने सभी काउंसिल सदस्यों और अभिभावकों को अपनी शुभकामनाए प्रेषित की। कार्यक्रम के अगले चरण में सिंगरौली पुलिस थाना विंध्यनगर टीआई श्रीमतीअर्चना द्विवेदी एवं उनकी टीम द्वारा विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर व निबंध स्पर्धाओं के साथ नशे से दूरी है ज़रूरी थीम पर विद्यालय के कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियो द्वारा मानव शृंखला निर्मित करवा कर नशा मुक्ति का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

## एनसीएल में आयोजित हुआ कोल इंडिया गोल्डन जुबली व्याख्यान

### पूर्व माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के चेयरमैन रवि वेंकटेशन ने दिया प्रेरणादायक व्याख्यान

**जागरण, सिंगरौली।** एनसीएल मुख्यालय में कोल इंडिया गोल्डन जुबली लेक्चर सीरीज के तहत विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के पूर्व चेयरमैन रवि वेंकटेशन ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की और एनसीएल परिवार को आज के बदलते दौर में प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। अपने संबोधन में वेंकटेशन ने कहा कि आज दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। जलवायु परिवर्तन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और भ्रामक जानकारी जैसे मुद्दे हमारी जिंदगी को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे समय में हमें नया सोचनेऔर अपनी जिम्मेदारी खुद उठाने की ज़रूरत है व आज की दुनिया में बदलाव के साथ कदम मिलाना ज़रूरी है। उन्होंने ग्रोथ माइंडसेट और आत्मनिर्भर बनने पर ज़ोर दिया। उनके मुताबिक आज उद्यमिता एंटरप्रेन्योरशिप सिर्फ बिजनेस तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक कौशल के रूप में जिंदगी में आगे



बढ़ने का जरिया भी है। श्री वेंकटेशन ने जीवन में पोर्टफोलियो लाइफ अपनाने की बात कही यानी ऐसा जीवन जिसमें काम के साथ.साथ सीखना नए अनुभव लेना और एक उद्देश्य शामिल हो। उन्होंने कहा कि आज के दौर में 50 से 75 साल की उम्र एक अच्छा और सार्थक समय हो सकता है जिसे उन्होने लाइफ का थर्ड चैप्टर कहा। सत्र के अंत में उन्होंने एआई टेक्नोलॉजी और सामाजिक परिवेश से जुड़े विभिन्न विषयों पर श्रोताओं के सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम की शुरुआत में एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम ने कोल इंडिया की 50 साल की गौरवशाली यात्रा व कोल इंडिया की देश की ऊर्जा ज़रूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही कोल इंडिया की देश के विकास में योगदान को भी रेखांकित किया। एनसीएल के निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में एनसीएल के निदेशकगण जिला प्रशासन से अधिकारीगण क्षेत्रीय महाप्रबंधक मुख्यालय के विभागाध्यक्ष एनसीएल सहित कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों से बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि कोल इंडिया लिमिटेड अपने स्वर्ण जयंती स्थापना वर्ष के तहत सभी अनुषंगी कंपनियों में गोल्डन जुबली लेक्चर सीरीज का आयोजन कर रही है।

**देश में रोजगार सृजन वित्तीय साक्षरता बढ़ाने सामाजिक सुरक्षा को सशक्त करने तथा युवाओं को रोजगार**

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के प्रचार प्रसार हेतु कार्यशाला का आयोजन

**जागरण, शक्तिनगर।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा देश में रोजगार सृजन वित्तीय साक्षरता बढ़ाने सामाजिक सुरक्षा को सशक्त करने तथा युवाओं को रोजगार हेतु सक्षम बनाने के उदेश्य से घोषित किए गए प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना् के प्रति नियोक्ताओ तथा सामान्य जन.मानस में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन वाराणसी द्वारा पहल कर एक संगोष्ठी का आयोजन एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में किया गया जिसकी अध्यक्षता नीरज श्रीवास्तव भविष्य निधि आयुक्त.प्रभारी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन वाराणसी ने की। पीएम विकसित भारत रोजगार योजना जो श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों और नियोक्ताओं दोनों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है ताकि औपचारिक रोजगार को बढ़ावा दिया जा सके। पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारी जो ईपीएफ ओ .रजिस्टर्ड संस्थानों में 1 लाख तक की सकल वेतन पर काम करते हैं वे 1,15,000 तक का प्रोत्साहन पाने के पात्र हैं जो दो किस्तों में दिया



जाएगा पहली किस्त में 6 महीने की नौकरी के बाद 27,500 और शेष राशि 12 महीने पूरे होने और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद दी जाएगी। लाभ पाने के लिए कर्मचारियों को अपना यूएएन आधार के माध्यम से प्रमाणित करना होगा औरऐप का उपयोग करके फेस ऑथेंटिकेशन कराना होगा। सभी क्षेत्रों के नियोक्ता जो नई नौकरियां पैदा करते है वे प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए प्रति माह 23,000 तक का प्रोत्साहन प्राप्त कर सकते हैं जो विनिर्माण क्षेत्र में 4 वर्षों तक और अन्य क्षेत्रों में 2 वर्षों तक दिया जाएगा। सभी भुगतान डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर डीबीटी के माध्यम से आधार ब्रिज पेमेंट सिस्टम एबीपीएस के जरिए किए जाते हैं। बैठक में भविष्य निधि संगठन से आए दल नें प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की विशेषताओ का विस्तृत उल्लेख कर प्रतिभागियों के योजना से जुड़े जिज्ञासा/प्रश्नों का उत्तर दिया। इस संगोष्ठी में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त/प्रभारी ने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि औपचारिक कार्यबल में अधिक युवाओं के समावेश तथा निरंतर रोजगार के माध्यम से श्रमिको में बेहतर रोजगार क्षमता विकसित करने एवं नियोक्ताओ द्वारा अतिरिक्त रोजगार सृजन में लागत की भरपाई तथा बढ़ी हुई कार्यबल उत्पादकता को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा घोषित किए गए इस योजना का वह भरपूर लाभ लें और देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें । इस सत्र के माध्यम से आयोजकों की आशा है कि विभिन्न संगठनों में इस योजना के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे इसका लाभ उठाकर न केवल रोजगार बढ़ाएंगे बल्कि कर्मचारियों के भविष्य निधि ईपीएफ से जुड़े नियमों का पालन और उनके कल्याण को भी सुनिश्चित करेंगे। संगोष्ठी में क.भ. निधि संगठन वाराणसी से मनोरंजन कुमार सिंह लेखाधिकारी नील कमल अनुभाग पर्यवेक्षक एवं रमणीक वरिष्ठ सामाजिक सुरक्षा सहायक एनटीपीसी सिंगरौली से सिद्धार्थ मंडल अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन नरेश कुमार उप महाप्रबंधक मानव संसाधन असीम शेखर वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन क्षेत्र के विभिन्न नियोक्ता तथा धनराज यादव बी.पी. सिंह अनिल कुमार पाण्डेय श्रमिक संगठन प्रतिनिधि एस. एन. पाठक महामंत्री राष्ट्रीय विद्युत श्रमिक संघ राकेश राय अध्यक्ष राष्ट्रीय विद्युत श्रमिक संघ एवं राम जी अवस्थी महामंत्री भारतीय मजदूर संघ शक्तिनगर तथा श्रमिकगणों ने प्रतिभाग किया।

## यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 8 वाहन चालकों पर की गई कार्यवाही

### वाहन को जब्त कर भेजा गया न्यायालय

**जागरण, बैढ़न।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते के निर्देशन में थाना यातायात पुलिस टीम द्वारा मध्यरात्रि को औचक चेकिंग लगाया जाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग की गई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत मध्य रात्रि में अलग.अलग टीम लगाया जाकर शहर के निगाही मोड अमलोरी तिराहा एवं पुराना ट्रैफिक तिराहा पर शराब पीकर वाहन



चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान लगभग 54 वाहनों को चेक किया गया एवं समझाइश दी गई थी शराब या अन्य कोई मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने से मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है एवं वाहन पर समुचित नियंत्रण नहीं हो पाता जिस कारण से दुर्घटनाएं घटित हो जाती है अभियान के तहत 6 ट्रक 2 कार वाहन का चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर वाहनों को जप्त कर निराकरण हेतु न्यायालय पेश किया जाएगा।

### वाहन चालकों का लाइसेंस निलंबन कराया जाएगा

न्यायालय के आदेशानुसार 6 महीने के लिए वाहन ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन कराए जाने हेतु प्रस्ताव संबंधित जिला परिवहन कार्यालय में भेजा जाएगा यातायात पुलिस ने अपील की है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं यातायात नियमों का पालन करें उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी यातायात सउनि सुरेश शुक्ला आरक्षक प्रवेश आरक्षक रमेश एवं आरक्षक जितेंद्र अन्य यातायात पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।


**OFFICE OF UJJAIN DEVELOPMENT AUTHORITY**

Pradhikaran Bhawan, Bharatpuri Administrative Zone, Dewas Road, Ujjain - 456010
email- udaujjain@gmail.com, website- www.udaujjain.org

**Notice Inviting Tender**

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and Firms of repute fulfilling registration criteria. Tender documents can be purchased from website https://**www.mptenders.gov.in**. Help manual to the contractors can be seen on the portal of e-procurement system.
Time for completion - 18 Months including rainy season And Category of Contractor-Centralised mp pwd Registration.

| NIT NO & DATE | TENDER ID | Name of work | Probable amount of contract (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of tender form+ GST (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 25/70 18/7/2025 | 2025_DTCP_439065_1 | Constructiion of 4 Lane 24 M wide CC Road from Karkraj Parking bhukhimata | 10,71,25,264/- | 1000000/- | 35400/- |
| 25/71 22/7/2025 | 2025_DTCP_439369_1 | Construction of Proposed Road from Piplinaka to Bhairvgarh Jail road Chouraha, 6 Lane, 45 M Width, Lenth 2000M | 37,40,36,088/- | 1870180/- | 59000/- |
| 25/72 22/7/2025 | 2025_DTCP_439398_1 | Construction of Proposed Road from Piplinaka to Gadkalika, Okhleshwar Shamshan Ghat, 45 M Width, Length 1910M, | 37,58,77,395/- | 1879390/- | 59000/- |

(KULDEEP RAGHUWANSHI)
Executive Engineer,
UDA, Ujjain



**कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला सिंगरौली (म0प्र0)**

क्रमांक / 3434 /ई–टेण्डरिंग / 2025–26 सिंगरौली, दिनांक 28 / 07/ 2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन–लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क. | टेण्डर | | कार्य का नाम | कार्य | | निविदा प्रपत्र | | निविदा की अंतिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क्रमांक | जारी दिनांक | | समयावधि | लागत | मूल्य | EMD | तिथि |
| 1 | 439058 | 22-07-2025 | [Supply of 02Nos. Vaccum based Diesel truck mounted Mechanized Road Sweeping MachineBSVI4.0 IInd Call] | 1 Month | 9,550,000 | 10,000 | 95,500 | 5-Aug-2025 |
| 2 | 439129 | 22-07-2025 | [Chainlink mesh fencing at Plantation Sites Behind LIG Colony Navjeevan Vihar ward No.32] | 2 Months | 825,116 | 2,000 | 16,502 | 6-Aug-2025 |
| 3 | 439135 | 23-07-2025 | [Construction of Chabutara and Shed at PM Avas Ward no 29] | 2 Months | 1,201,825 | 2,000 | 24,037 | 23-08-2025 |
| 4 | 438787 | 23-07-2025 | [Construction of RCC Retaining Wall and Back Filling Near Deora Puliya at Ward No 29] | 2 Months | 807,398 | 2,000 | 16,148 | 6-Aug-2025 |
| 5 | 438893 | 23-07-2025 | [Construction of RCC Culvert at Ward No 45 main Road in Front of Mahindra Show Room] | 2 Months | 1,254,790 | 2,000 | 25,096 | 23-08-2025 |
| 6 | 438884 | 23-07-2025 | [Construction of WBM Road at Various Places of Ward no 39] | 2 Months | 2,428,222 | 5,000 | 48,546 | 23-08-2025 |
| 7 | 438875 | 23-07-2025 | [Repairing of Various Road at Ward No 9] | 2 Months | 1,111,911 | 2,000 | 22,238 | 23-08-2025 |
| 8 | 438854 | 23-07-2025 | [Construction of Hume Pipe Culvert Near Urmila Soni House at wardno.03 Jagmorwa 2nd call] | 1 Month | 78,869 | 1,000 | 1,577 | 6-Aug-2025 |
| 9 | 438843 | 23-07-2025 | [Fancing of 20 acer land at Kuswai at Ward No 1] | 2 Months | 1,194,575 | 2,000 | 23,892 | 23-08-2025 |
| 10 | 438791 | 23-07-2025 | [Stone Dust Filling at Various Places of ward No 25] | 2 Months | 427,780 | 2,000 | 8,556 | 6-Aug-2025 |
| 11 | 438784 | 23-07-2025 | [Construction of Interlocking Paver Block Gadar Tola at Ward no.13] | 2 Months | 1,299,184 | 2,000 | 25,984 | 23-08-2025 |
| 12 | 438771 | 23-07-2025 | [Construction of Boundary Wall Arjhagerudd School at ward no.02 Muher] | 2 Months | 824,533 | 2,000 | 16,491 | 6-Aug-2025 |
| 13 | 438767 | 23-07-2025 | [Construction of RCC Drain and PCC Road At Abdul Kalam Marg ward No.40] | 2 Months | 2,885,982 | 5,000 | 50,000 | 23-08-2025 |
| 14 | 438715 | 23-07-2025 | [Repairing of Purva Madhyamic School at Building Majan Khurd Ward No 30] | 4 Months | 3,133,334 | 5,000 | 50,000 | 23-08-2025 |
| 15 | 438749 | 23-07-2025 | [Construction of RCC Drain from Nala to Bhrihu Jaiswal House with precast ward no.21] | 2 Months | 4,319,949 | 5,000 | 50,000 | 23-08-2025 |
| 16 | 438984 | 23-07-2025 | [Construction Of Precast at Ward No 32] | 2 Months | 2,037,000 | 5,000 | 40,740 | 23-08-2025 |
| 17 | 439149 | 23-07-2025 | [Construction Of Shed and interlocking Near Govt.Primary School Ward No 15] | 2 Months | 1,764,118 | 2,000 | 35,282 | 23-08-2025 |
| 18 | 439215 | 23-07-2025 | [Construction of WBM Road at Ward No 9 Mishra House to Mritunjay Singh House] | 2 Months | 203,652 | 2,000 | 4,073 | 6-Aug-2025 |
| 19 | 439178 | 23-07-2025 | [Construction and development of Zonal Office Building at Singrauli Ward no.31] | 3 Months | 2,468,483 | 5,000 | 49,370 | 23-08-2025 |
| 20 | 439222 | 23-07-2025 | [Construction of Interlocking of various places in harijan basti (ITWAN) at ward no.21] | 2 Months | 1,673,395 | 2,000 | 33,468 | 23-08-2025 |
| 21 | 439232 | 23-07-2025 | [Providing and Laying PRE-CAST Drain Cover Various Place in ward no.30] | 2 Months | 2,193,408 | 5,000 | 43,868 | 23-08-2025 |
| 22 | 439238 | 23-07-2025 | [Construction of Precast in Jamua Basti Road at ward no.38] | 2 Months | 3,178,875 | 5,000 | 50,000 | 23-08-2025 |
| 23 | 439450 | 23-07-2025 | [Gp Bore at Morwa Zone Ward No 1,6,3,2 ll call] | 2 Months | 914,800 | 2,000 | 18,296 | 6-Aug-2025 |
| 24 | 439464 | 23-07-2025 | [Supply and Fixing Flag Mast at Judwa Talab Near Majan Mod 3rd Call] | 2 Months | 1,291,380 | 5,000 | 25,828 | 6-Aug-2025 |
| 25 | 439497 | 23-07-2025 | [Supply of 02 nos Innova/Equivalent Vehicle on rental basis excluding driver excluding diesel] | 12 Months | 1,215,450 | 2,000 | 24,309 | 23-08-2025 |
| 26 | 439501 | 23-07-2025 | [Selection of Bus Operator for Procurement, Operation and Maintenance of 2 Numbers of 12 Meter Electric AC Buses on different Intercity Routes for SCTSL IInd Call] | 120 Months | 30,000,000 | 20,000 | 300,000 | 23-08-2025 |

नोटः– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **http://mptenders.gov.in** की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

Executive Engineer
Municipal Corporation
Singrauli

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# अमेरिका के लिए नुकसानदेह होगी ट्रंप की चेतावनी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' अभियान प्रवासी विरोधी बनता जा रहा है। यूएस की टेक कंपनियों को उनकी ताजा चेतावनी इसी का प्रमाण है। हालांकि ट्रंप की ऐसी हर कोशिश उनके ही देश को नुकसान पहुंचाएगी। अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत ही धमकियों से करने वाले ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिकी कंपनियां केवल अमेरिकियों को ही नौकरी दें। एक आई समिट में उन्होंने कहा, 'हमारी कई बड़ी टेक कंपनियों ने अमेरिकी आजादी का फायदा उठाते हुए चीन में फैक्ट्रियां बनाईं, भारत में कर्मचारियों को नौकरी दी और आयरलैंड में मुनाफा बचाया...।' कुछ अरसा पहले ही ट्रंप ने एपल को चेतावनी दी थी कि अगर उसने भारत में प्रॉडक्शन किया, तो आईफोन पर 25 फीसद टैरिफ लगा दिया जाएगा।

ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिका में बिकने वाला हर सामान अमेरिका में ही बने और उसे बनाएं भी अमेरिकी ही, लेकिन क्या यह संभव है? ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में जब मुक्त व्यापार की बात हो रही है, तब कोई अर्थव्यवस्था खुद में सिमट कर नहीं रह सकती। और सबसे अहम बात, अमेरिकी कंपनियां इसलिए भारत या चीन में प्लांट लगाना चाहती हैं, क्योंकि यहां मैन्युफैक्चरिंग सस्ती है। इसी तरह, सिलिकॉन वैली या दूसरी अमेरिकन इंडस्ट्रीज में भारतीयों ने काबिलियत के दम पर जगह बनाई है।

ट्रंप ने कहा है कि बहुत लंबे समय तक अमेरिका का अधिकांश तकनीकी उद्योग कट्टरपंथी वैश्वीकरण का अनुसरण करता रहा। इसके कारण लाखों अमेरिकी अविश्वास और विश्वासघात महसूस करते रहे। ये कंपनियां अमेरिकी हितों की बजाय अंतरराष्ट्रीय लाभ को प्राथमिकता देती रही हैं। हमारी कई बड़ी टेक कंपनियों ने चीन में अपनी

> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेक कंपनियों को चेतावनी दी है कि वे अमेरिकी नागरिकों को ही नौकरी दें। उन्होंने सिलिकॉन वैली में भारतीय मूल के कर्मचारियों के दबदबे पर चिंता जताई है।

फैक्ट्रियां बनाकर, भारत में श्रमिकों को नियुक्त करके और आयरलैंड में मुनाफे में कटौती करके अमेरिकी आजादी का फायदा उठाया है। ट्रंप के कार्यकाल में, वे दिन अब गए।

पिछले साल की एक रिसर्च के मुताबिक, सिलिकॉन वैली के करीब एक तिहाई टेक एम्प्लॉई भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्युन 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में टॉप पोजिशन पर भारतीय बैठे हैं। ये भारतीय अमेरिकी इकॉनमी के इंजन हैं। 2024 में 72 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के लोगों के थे और इनकी टोटल वैल्यू 195 अरब डॉलर आंकी गई थी। अमेरिका की आबादी में बमुश्किल 1.5 फीसद होने के बावजूद भारतीय 5-6फीसद इनकम टैक्स अदा करते हैं।

अमेरिकी की टेक इंडस्ट्री या सिलिकॉन वैली आज अगर वैश्विक स्तर पर राज कर रही है, तो इसमें प्रवासियों का बड़ा योगदान है। दुनियाभर की मेधा, खासकर भारत की, ने मिलकर इस इंडस्ट्री को सींचा है। इलॉन मस्क ने टेस्ला की ऑटोपायलट सॉफ्टवेयर सफलता के लिए भारतीय रोबोटिक्स इंजीनियर अशोक एल्लुस्वामी का ही नाम पहले लिया था।

ट्रंप उस वैश्वीकरण को खत्म करने की बात कर रहे हैं, जिससे सबसे ज्यादा फायदा अमेरिका को ही हुआ है। उनके पास इंडस्ट्री की मांग को पूरा करने लायक वर्कफोर्स नहीं है। भारत के बिना उनका मागा पूरा नहीं हो सकता।

# संबंधों में मधुरता बहाल करने के प्रयास हैं मालदीव में हुए समझौते

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

**डॉ समीर शेखर**



> भारत-मालदीव राजनयिक संबंधों की भी 60वीं वर्षगांठ इस यात्रा को और भी अधिक प्रतीकात्मक बनाती है। प्रधानमंत्री की यात्रा औपचारिक सद्भावना से ज्यादा रणनीतिक धैर्य, विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में कूटनीतिक और क्षेत्रीय दूरदर्शिता का सोचा समझा मिश्रण है।

मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शामिल होना दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण कूटनीतिक संबंध की मजबूती ओर इशारा करता है। साल 2018 और 2019 के बाद यह पीएम मोदी की तीसरी मालदीव यात्रा है। वहीं 2023 में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद किसी राष्ट्राध्यक्ष या सरकार के प्रमुख की यह पहली यात्रा है। संयोगवश, यह भारत-मालदीव राजनयिक संबंधों की भी 60वीं वर्षगांठ है। यह इस यात्रा को और भी अधिक प्रतीकात्मक बनाता है। प्रधानमंत्री की यह यात्रा दरअसल औपचारिक सद्भावना से ज्यादा रणनीतिक धैर्य, विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में कूटनीतिक और क्षेत्रीय दूरदर्शिता का सोचा समझा मिश्रण है।

## भारत-मालदीव के रिश्ते

मोहम्मद मुइज्जू ने अपने चुनाव अभियान में 'इंडिया आउट' का नारा दिया था। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने इस दिशा में आगे बढ़ते हुए भारत से मालदीव में मौजूद भारतीय सैन्य कर्मियों को हटाने को कहा। इससे संबंधों में अस्थायी तनाव पैदा हो गया था। हालांकि दक्षिण पूर्वी भू-राजनीतिक क्षेत्रों में अपनी स्थिति को बेहतर करने के प्रयास में प्रधानमंत्री मोदी ने मुइज़्ज़ू को उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी थी। इससे मालदीव को यह संदेश दिया गया था कि राजनयिक विरोध के बावजूद भी भारत के रास्ते उनके लिए खुले हैं, जिससे इस परिवर्तनकारी यात्रा की नींव रखने में मदद मिली। नतीजतन प्रधानमंत्री की वर्तमान यात्रा के दौरान हुए बहुआयामी समझौते दोनों देशों के बीच संबंधों में मधुरता बहाल करने के प्रयास का संकेत देते हैं। प्रधानमंत्री की यह मालदीव यात्रा दोनों देशो के रिश्तों को एक नया आयाम देगी। मालदीव द्वारा चीन के साथ नजदीकियां बढाने के सभी प्रयास भू-राजनीतिक परिदृश्य में जगजाहिर हैं। मालदीव द्वारा बीजिंग बेल्ट एंड रोड इंफ्रास्ट्र.र फंडिंग हासिल करना और जनवरी 2025 में चीन-मालदीव मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करना इसके प्रमाण हैं। दूसरी तरफ, जब भारत और मालदीव के बीच संबंध पिछले कुछ समय से मधुर नहीं रहे हैं, ऐसे में मालदीव के स्वतंत्रता दिवस में प्रधानमंत्री मोदी का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना एक नए राजनयिक संबंध की स्थापना के प्रयास को दर्शाता है। यही नहीं यह यात्रा भारत की नेबरहुड फर्स्ट नीति के प्रति प्रतिबद्धता की तरफ भी इशारा करती है। इस यात्रा को भू-राजनीतिक गतिशीलता के बीच समुद्री क्षेत्रों में चीन की बढ़ती गतिविधियों के मद्देनजर भारत के विजन सागर/महासागर के समुद्री रणनीति के अनुरूप हिंद महासागर में अपने प्रभाव को बढ़ाने के एक अवसर के रूप में भी देखा जा सकता है। इससे भारत के लिए बहुत हद तक क्षेत्रीय सुरक्षा के साथ-साथ आर्थिक मजबूती सुनिश्चित करना संभव हो सकेगा।

## भारत ने मालदीव को कर्ज संकट से कैसे उबारा

वहीं मालदीव द्वारा भारत के साथ संबंधों को सुधारने की दिशा में यह प्रयास इसलिए भी माना जा सकता है क्योंकि चीन के साथ मुइज्जू के कूटनीतिक कोशिशों के बावजूद मालदीव को खाड़ी व चीनी कर्जदाताओं की रकम को चुकता करने के संबंध में कोई खास मदद नहीं मिली है। इस वजह से मालदीव का विदेशी मुद्रा भंडार कम होता गया और कर्ज बढ़ने से आर्थिक संकट गहराता चला गया। ऐसे में भारत ने 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर और तीन हजार करोड़ भारतीय मुद्रा विनिमय, ट्रेजरी-बिल रोलओवर और 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक की क्रेडिट लाइन के माध्यम से मालदीव को संप्रभु ऋ ण के दिवालिएपन से बचा लिया था। नेबरहुड फर्स्ट नीति के तहत प्रधानमंत्री के इसी बचाव कार्य के परिणामस्वरूप मालदीव द्वारा राजनीतिक गतिरोध में बदलाव एवं कूटनीतिक मेल-मिलाप की तरफ कदम बढाए जाने लगे।

## निवेश संधि पर हुई वार्ता

प्रधानमंत्री के वर्तमान मालदीव यात्रा के पहले दिन कई प्रमुख मुद्दों को केंद्र में रखते हुए समझौतों पर दोनों राष्ट्र प्रमुखों द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इनमें सॉफ्ट पावर डिप्लोमेसी- ऋण, सांस्कृतिक संपर्क, डिजिटल वित्तीय एकीकरण, बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्र.र) और जलवायु सुरक्षा के लिए भारत द्वारा मालदीव को 4,850 करोड़ की नई ऋण सहायता प्रदान करना तय हुआ। इसके साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र में व्यापार, निवेश और व्यावसायिक संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और निवेश संधि पर वार्ता की औपचारिक शुरुआत भी हुई। इसका क्रियान्वयन भारत और मालदीव दोनों ही देशों की स्थिति को और मजबूत करेगा। समझौते के तहत पर्यटन, मछली पालन, समुद्री अर्थव्यवस्था (ब्लू इकॉनमी), नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवाएं, डिजिटल इंफ्रास्ट्र.र को बढ़ावा देने के अलावे मालदीव के अड्डू में भारतीय वाणिज्य दूतावास की स्थापना और बेंगलुरु में मालदीव का वाणिज्य दूतावास स्थापित करना शामिल है। वहीं मालदीव के हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उन्नयन में भारत आर्थिक मदद करेगा। यह दक्षिण भारत के लिए रणनीतिक रूप से फायदेमंद होगा। इसके अलावा ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना का निरंतर कार्यान्वयन में भी भारत के सहयोग को सुनिश्चित किया गया। यह परियोजना पुलों के जरिए मालदीव के आसपास के द्वीपों से जोड़ेगी। 25 जुलाई को हुई द्विपक्षीय वार्ता में पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुइज्जू ने व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी को आधार के संदर्भ में लिया, जो अक्टूबर 2024 में मुइज्जू की भारत यात्रा के दौरान की गई थी। हाल के वर्षों में मालदीव ने चीन के साथ अपने संबंधों को मज़बूत किया है, खासकर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई)के तहत तहत कई बुनियादी ढांचे और समुद्री अर्थव्यवस्था जैसे समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देशों ने अपने संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक सहयोगात्मक साझेदारी तक बढ़ाया है। इसमें प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और डिजिटल अर्थव्यवस्था के प्रयास शामिल हैं। यही नहीं, चीन ने दक्षिणी एशिया में अपने प्रभुत्व को कायम करने के उद्देश्य से मालदीव में निगरानी और अनुसंधान उपकरण भी तैनात किए हैं। इन सबके बीच प्रधानमंत्री मोदी की यह मालदीव यात्रा रणनीतिक रूप से समयबद्ध है। यह यात्रा मालदीव में चीन के बढ़ते प्रभाव को कम करने में बहुत हद तक सहायक होगी। विकास के लिए कर्ज, व्यापार वार्ता और समुद्री सहयोग प्रधानमंत्री की यात्रा में शामिल मुख्य विषय थे। यह यात्रा भारत की क्षेत्रीय श्रेष्ठता को फिर से स्थापित करने की दिशा में एक अच्छी रणनीति साबित होगी। मालदीव का चीन के साथ लगातार संपर्क में होने के बीच प्रधानमंत्री मोदी को स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बनाकर आमंत्रित करना मालदीव की एक संतुलित दृष्टिकोण का संकेत देता है। इसमें वह दोनों पड़ोसी देशों के साथ मज़बूत संबंध बनाए रखने का प्रयास कर रहा है।

## दक्षिण एशिया की राजनीति में भारत

भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। वह चीन को अपने सबसे बड़ी एशियाई प्रतिद्वंदी के रूप में देख रहा है, रणनीतिक रूप से, प्रधानमंत्री की यह यात्रा दक्षिण-पूर्वी एशिया और हिंद महासागर में प्रोजक्ट मौसम जैसे सुरक्षा ढांचे और कनेक्टिविटी परियोजनाओं के माध्यम से मजबूत करने की दिशा में स्वागत योग्य कदम है। यह भारत को चीन के समुद्री सिल्क रोड को टक्कर देने में सक्षम होगा। यह अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों को मज़बूत करने और क्षेत्रीय स्थिरता एवं विकास में एक प्रमुख भूमिका निभाने में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण को दर्शाता है। जैसे-जैसे दोनों देश इस नई साझेदारी की ओर बढ़ रहे हैं, भारत-मालदीव संबंधों का भविष्य आशाजनक दिखाई दे रहा है, जिसके मूल में दोनों ही देशों का परस्पर विकास निहित है।

# चांदी पर भी बाज़ार की मार, अब आम जन से दूर

राष्ट्रीय बाजार

**मधुरेंद्र सिन्हा**



> देश के सर्राफा बाजारों में चांदी की कीमतें रिकॉर्ड तोड़ रही हैं। बढ़ती कीमतों के चलते आम ग्राहक और छोटे व्यापारी चांदी से दूर हो रहे हैं। वहीं, औद्योगिक मांग और निवेश बढ़ने से चांदी की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

देश के सर्राफा बाजारों में एक तरह से सन्नाटा छा गया है। सोने-चांदी की कीमतों से बाजार चकाचौंध हो रहे हैं। बीती 23 जुलाई को भारत में चांदी के दाम नया रिकॉर्ड बनाते हुए रुपये 1,16,000 प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर खुले। पिछले कुछ महीनों से चांदी के भाव में तेजी देखी जा रही है। आम ग्राहक सोने के बाद अब चांदी से भी दूर भाग रहा है। चांदी के गहने समाज के कम आय वर्ग के लोगों और ग्रामीण महिलाओं में बेहद लोकप्रिय हैं। चांदी के व्यापार में देशभर में लाखों लोग लगे हुए हैं क्योंकि सोने के मुकाबले चांदी की कीमतें हमेशा काफी कम रहती थीं। उनका व्यापार करने के लिए ज्यादा पूंजी की जरूरत नहीं होती थी। त्योहारों में चांदी की बिक्री तो बढ़ती ही है, शादी-ब्याह में भी यह उपहार के तौर पर दिये जाते हैं। ग्रामीण तथा अर्ध-शहरी क्षेत्रों में भी दिवाली पर चांदी के लक्ष्मी-गणेश उकेरे हुए सिक्के खूब बिकते हैं। लेकिन पिछले साल से इसमें रुकावट आ गई है और इस साल तो बिक्री अभी ठप है। किसी समय यह एक एसेट था जो बड़े किसान, कारोबारी वगैरह घर पर रखते थे और यह तत्काल नकदी की जरूरत पूरी करता था। वक्त के साथ चांदी की कद्र कम हो गई और सोना ही मुख्य धातु बन गया।

पिछले कुछ वर्षों से इसके दाम बढ़ते ही गए और सारे रिकॉर्ड टूट गये। सोना आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गया और चांदी ही उसका सहारा बनी रही। लेकिन उसके भी दामों में उछाल आया। पिछले साल पहली अगस्त को चांदी के दाम 83,000 रुपये प्रति किलो हो गये थे, जिससे सर्राफा बाजारों में सन्नाटा छा गया था। कारोबारी ज्यादा स्टॉक लेने से बच रहे हैं। उन्हें डर है कि आगे चलकर इसके दाम धराशायी न हो जायें। रिटेल बिजनेस इससे चौपट हो गया है और खरीदार बाजार से दूर हो गये हैं। भारत में चांदी पर 12 फीसदी एक्साइज ड्यूटी और 5 फीसदी जीएसटी है जिससे ग्राहक तक पहुंचते-पहुंचते चांदी बहुत महंगी हो जाती है।

दिल्ली के कूचा महाजनी सर्राफा एसोसिएशन के महासचिव बताते हैं कि पहले चांदी के गहने में लोग पैसा लगाते थे। लोग भारत ही नहीं, बल्कि कई अन्य देशों में भी चांदी के गहने बनाते रहे हैं, लेकिन बाद में सोने का चलन बढ़ने के कारण चांदी को वह स्थान नहीं मिल सका। हाल के वर्षों में चांदी का इंडस्ट्रियल इस्तेमाल बहुत बढ़ा है। स्मार्टफोन, टैबलेट्स, फोटोवैल्टेक सेल, इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों से लेकर मोबाइल फोन, गुटका, तंबाकू सभी में इसका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल तो हो ही रहा है क्योंकि चांदी बिजली का सबसे अच्छा संवाहक (गुड कंडक्टर) है। इलेक्ट्रॉनिक चिप में टांके लगाने में भी इसका इस्तेमाल हो रहा है। कुछ मेडिकल उपकरणों में भी इसका इस्तेमाल होता है। इन उद्योगों में चांदी की मांग लगातार बढ़ती ही जा रही है 2024 के पहले चार महीनों में ही भारत ने 2023 के बराबर यानी 4,172 मीट्रिक टन चांदी का आयात कर लिया। इस कारण से इसकी कीमतें बढ़ती जा रही हैं।

दिल्ली सदर बाजार के सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष के अनुसार इसकी कीमतों पर कोई अंकुश नहीं है क्योंकि चांदी भी सोने की तरह बाहर से आती है। भारत में अब इसका खनन नहीं होता है। सारा माल खासकर मेक्सिको और पेरु से आता है। इसलिए इसकी कीमतों पर भारतीयों की कोई पकड़ नहीं है। विदेशों में बैठे बड़े अरबपति सटोरिये इसकी कीमतों को ऊपर-नीचे करते रहते हैं। लेकिन अभी भाव ऊपर ही जा रहे हैं और नीचे आने का नाम ही नहीं ले रहे हैं।

चांदी की कीमतें बढ़ने का एक बड़ा कारण चीन है। दुनिया के सबसे बड़े इस औद्योगिक देश में चांदी का इस्तेमाल जमकर हो रहा है, चाहे वो इलेक्ट्रॉनिक आइटम हों अथवा ईवी की बैटरी या फिर सोलर लाइट्स, सभी में चांदी का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसलिए चीन पिछले पांच वर्षों से हर महीने औसतन 390 टन चांदी खरीद रहा है। हालांकि, वह चांदी का एक बड़ा उत्पादक देश है। इससे भी विश्व बाज़ार पर काफी असर पड़ा है। चीन में जो लोग सोना महंगा होने के कारण खरीद नहीं पा रहे हैं, चांदी खरीद रहे हैं। बिजनेसमैन चांदी पर बड़े पैमाने पर निवेश कर रहे हैं।

चांदी शेयर बाजार की तुलना में काफी अच्छा रिटर्न दे रही है। माना जा रहा है कि अगर डॉलर और गिरेगा तो सोने-चांदी की कीमतें और बढ़ेंगी। यह हमेशा से होता आ रहा है कि डॉलर के दाम गिरने पर अंतर्राष्ट्रीय निवेशक धातुओं और कमोडिटी में पैसा लगाते हैं। कुछ विश्लेषक मानते हैं कि चांदी की कीमतें 1,40,000 रुपये प्रति किलो तक पहुंच सकती हैं। अगर ऐसे ही हालात रहे तो अगले साल चांदी दो लाख रुपये प्रति किलो के स्तर तक जा सकती है। ऐसे में बहुत से छोटे व्यापारी बाजार से बाहर हो जायेंगे क्योंकि ऐसी कीमत पर खरीदार नहीं मिल पायेंगे। बहरहाल, काफी कुछ अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य और डॉलर की कीमतों पर निर्भर करता है। देखना है कि भारत में आने वाले त्योहारी सीजन में बिक्री कैसी रहती है। उस दौरान कीमतें यूं भी बढ़ जाती हैं। खरीदार दिवाली उत्सव के कारण चांदी खरीदते हैं।

## ।।गीता।।



**श्लोक**

**कुलक्षये प्रणश्यन्ति**
**कुलधर्माः सनातनाः।**
**धर्मे नष्टे कुलं कृत्स्नमधर्मोऽभिभवत्युत॥**

**भावार्थ**

कुल के नाश से सनातन कुल-धर्म नष्ट हो जाते हैं तथा धर्म का नाश हो जाने पर सम्पूर्ण कुल में पाप भी बहुत फैल जाता है।

जीवन दर्शन

# तनाव के खिलाफ खड़ी आपकी मुस्कान

आज की दुनिया तेज रफ्तार, तनाव और अनिश्चितताओं से भरी है। युद्ध, असुरक्षा, वैश्विक तनाव और भीतर पसरा मानसिक बोझ - इन सबके बीच अगर कोई साधन सहज, सुलभ और शक्ति-संपन्न है, तो मुस्कान। मुस्कुराना केवल चेहरे की क्रिया नहीं, आत्मा का योग है। यह योग की ही तरह हमें वर्तमान क्षण से जोड़ता है। जब हम मुस्कुराते हैं, तो न केवल अपनी श्वास, मुद्रा और शरीर से जुड़ते हैं, बल्कि अपनी चेतना की गहराइयों को भी छूते हैं। एक सच्ची और सहज मुस्कान, भले ही वह क्षणिक हो, भीतर की शांति को बाहर प्रकट करती है। यह ठीक वैसा ही अनुभव है, जैसा ध्यान या प्रार्थना में होता है। योगाभ्यास के दौरान, जब हम चुनौतीपूर्ण मुद्राओं में होते हैं, तो एक हल्की मुस्कान यह याद दिलाती है कि जीवन संघर्ष नहीं, समर्पण है। मुस्कान हमारे अभ्यास में करुणा, विनम्रता और धैर्य का स्पर्श जोड़ देती है। यह हमें शरीर के साथ ही सोच में भी लचीला बनाती है। वर्तमान समय में, जब दुनिया तनाव और द्वेष से जूझ रही है, मुस्कुराना एक आध्यात्मिक प्रतिरोध जैसा हो सकता है। यह अहिंसा की मौन भाषा है। मुस्कुराहट से उत्पन्न ऊर्जा ध्यान की सीमाओं से आगे जाती है, रिश्तों को है, संवाद में करुणा लाती है और भीतर के द्वंद्व को शांति में बदल देती है। आधुनिक वैज्ञानिक शोध भी इस आध्यात्मिक सच को समर्थन देते हैं। नियमित रूप से मुस्कुराने से तनाव के हार्मोन कम होते हैं, प्रतिरक्षा प्रणाली सशक्त होती है और जीवन की अनेक बीमारियों से बचाव संभव होता है। इससे हृदय स्वस्थ रहता है, दिमाग शांत और संतुलित होता है।

कुछ दिन पहले हार्वर्ड विश्वविद्यालय और यूनिवर्सिटी ऑफ कंसास की एक संयुक्त रिसर्च ने यह साबित किया है कि मुस्कान तनाव को कम करने में एक अत्यंत प्रभावशाली उपकरण है, भले ही वह कृत्रिम क्यों न हो। प्रयोग के दौरान प्रतिभागियों की हृदय गति, ब्लड प्रेशर और कोर्टिसोल स्तर पर नजर रखी गई। नतीजे चौंकाने वाले थे- जो प्रतिभागी तनावपूर्ण कार्य करते हुए भी मुस्कुरा रहे थे, उनकी हृदय गति जल्दी सामान्य हो गई और उनमें तनाव हार्मोन का स्तर अन्य प्रतिभागियों की तुलना में बहुत कम पाया गया। यह आधुनिक विज्ञान की दृष्टि से देखा गया तथ्य है, लेकिन यही बात योग और भारतीय अध्यात्म ने हजारों वर्ष पहले ही जान ली थी।

मुस्कुराहट वह दीपक है, जो आत्मा में प्रज्ज्वलित होता है और बाहर प्रकाश फैलाता है। योग के अभ्यास में जब यह दीप जलता है, तो हर मुद्रा, हर सांस, हर स्पर्श एक तपस्या बन जाती है, जो हमें स्वयं से जोड़ती है, और ब्रह्मांड से एकात्म करती है। आज जब आप योग करें, तो एक बार जरूर मुस्कराइए, शायद वही मुस्कान इस पृथ्वी को थोड़ा और शांतिपूर्ण बना दे।

**संजय कालिया**

प्रसंगवश

# संसद में एसआईआर पर बहस भी बन रही मुद्दा

> विपक्षी दलों की सरकारें एसआईआर को एक राष्ट्रीय मुद्दा बना देना चाहती हैं, लिहाजा संसद में बहस की पक्षधर हैं, लेकिन सरकार इस मुद्दे को यहीं दबा देना चाहती है।

संसद में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर कोई बहस नहीं होगी। यह भारत सरकार का नहीं, चुनाव आयोग का मामला है। चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है, लिहाजा संसद उसके कार्यों और फैसलों पर हस्तक्षेप नहीं कर सकती। सुप्रीम न तो संसद है और न ही सर्वोच्च अदालत है, बल्कि संविधान सुप्रीम है। सरकार संसद में यह गलत परंपरा शुरू नहीं होने देगी। इन तर्कों के साथ सरकार ने विपक्ष का एक महत्वपूर्ण मुद्दा छीन लिया है। क्या मोदी सरकार के इस निर्णय से विपक्ष शांत होकर बैठ जाएगा और संसद की कार्यवाही चलने देगा? यह स्थिति इतनी आसान नहीं है। चुनाव आयोग ने घोषणा कर यह स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर बिहार तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम राज्यों में भी किया जाएगा। इन राज्यों में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। सिर्फ असम में भाजपा सरकार है। शेष राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं। वे अभी से चौकन्नी हो गई हैं और एसआईआर को एक राष्ट्रीय मुद्दा बना देना चाहती हैं, लिहाजा संसद में बहस की पक्षधर हैं, लेकिन सरकार इस मुद्दे को यहीं दबा देना चाहती है। उसका तर्क है कि संवैधानिक संस्थाओं को संसद में नहीं खींचा जा सकता। यदि ऐसी परंपरा शुरू की जाती है, तो वह संविधान की बुनियादी भावना के खिलाफ होगा, लेकिन विपक्ष आमादा है। उसकी पहली मांग थी कि पहलगाम नरसंहार, ऑपरेशन सिंदूर, संघर्ष विराम और अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का 25 बार यह दावा करना कि भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध उन्होंने रुकवाया, विपक्ष इन मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी का जवाब चाहता है। इस पर बहस सोमवार और मंगलवार को होगी और दोनों सदनों में 16-16 घंटे का वक्त तय किया गया है। दूसरा अहम मुद्दा एसआईआर का है, क्योंकि बिहार में विधानसभा चुनाव 3-4 माह में ही होने हैं। बहरहाल संसद के मानसून सत्र के तीन दिन विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के कारण धुल चुके हैं। गौरतलब है कि संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर 2.5 लाख रुपए खर्च होते हैं। यानी एक घंटे का खर्च 1.5 करोड़ रुपए। यदि सदन की कार्यवाही औसतन 8 घंटे चलती है, तो 12 करोड़ रुपए खर्च होंगे। तीन दिनों का औसतन खर्च 36 करोड़ रुपए मान लीजिए। यदि हमारे माननीय सांसद अपना दैनिक भत्ता और वेतन को सुरक्षित रखते हैं और काम के नाम पर सदन में हंगामा, शोर, नारेबाजी ही करते हैं, तो यह देश के सामान्य नागरिकों के साथ अन्यायपूर्ण विषमता का व्यवहार होगा। सांसदों पर 'काम नहीं, वेतन नहीं' का फॉर्मूला क्यों नहीं लागू किया जा सकता? सदन में ही कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान हाथ जोड़ कर गुहार लगाते हैं और विपक्ष से याचना करते हैं कि वे किसानों की समस्याओं पर बात होने दें। वे भी किसानों से जुड़े मुद्दे उठाएं, लेकिन विपक्षी सांसदों ने 'वेल' में जाकर काले कपड़े लहराए। यहां तक बयान दिए कि हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जाते हैं। क्या संसद का सबसे पवित्र और गरिमामय मंच ऐसी ही सियासत के लिए बना है? एसआईआर पर तो अब संसद में बहस नहीं होगी, लेकिन दूसरी तरफ बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने 'चुनाव बहिष्कार' की धमकी दी है। यह स्थिति तब है, जब यह मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है और उसका फैसला अभी आना है। सर्वोच्च अदालत भी संवैधानिक संस्था है। लिहाजा अब समय आ गया है कि सांसदों को लेकर संसदीय व्यवस्था बदली जानी चाहिए। जनहित से जुड़े मसलों पर संसद में बहस भी हो सकती है और गहन विचार-विमर्श भी हो सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### आठ ठेकेदारों को किया ब्लैक लिस्ट

विस, भोपाल। गुणवत्ता विहीन कार्य करने एवं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निविदा प्रक्रियाओं को प्रभावित करने वाले 8 ठेकेदारों के खिलाफ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही की गई है। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे ने कहा है कि नगरीय क्षेत्र में विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। प्रदेश में 8 कंपनियों के ठेकेदारों को उनके कार्यों आदि के परीक्षण के बाद ब्लैकलिस्ट किया गया है। यह कंपनियां निविदा प्रकियाओं में भाग नही ले सकेंगी। विभाग ने जिन कंपनियों को ब्लैक लिस्ट किया है उनमें मेसर्स यादव ट्रेडर्स (खरगौन), मेसर्स हेमन्त जैन एण्ड एसोसिएट्स (इन्दौर), मेसर्स कार्तिक इन्टरप्राईजेस (इन्दौर), मेसर्स शिवम कन्स्ट्रक्शन (शिवपुरी), मेसर्स विक्की कुमार तुरकोलिया (चम्पारण, बिहार), मेसर्स यशोदा मार्केटिंग (पटना, बिहार), मेसर्स के.एल.डी. क्रिएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. (कानपुर, उत्तरप्रदेश) और मैसर्स पौराणिक ट्रेडर्स नागौद शामिल हैं।

# हंगामेदार होगा विस का मानसून सत्र

## कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस, सत्ता दल तैयारी के साथ करेगा पलटवार

विशेष संवाददाता, भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा का 12 दिवसीय मानसून सत्र का सोमवार 28 जुलाई से आगाज हो रहा है। सत्र के दौरान विपक्ष कई अहम विषयों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है, तो सत्ताधारी दल भाजपा के विधायकों से कांग्रेस के हर आरोपों का पुरजोर जवाब देने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। विधानसभा के मानसून सत्र के लिए अपनी तैयारियों को लेकर कांग्रेस विधायकों द्वारा पिछले कुछ दिनों से लगातार बयानबाजी की जा रही है। इसमें सरकार से जनता से जुड़े मुद्दों पर जवाब मांगने की बात कही जा रही है। कानून व्यवस्था से लेकर जलजीवन मिशन में भ्रष्टाचार जैसे विषयों को भी कांग्रेस सदन मे पूरी ताकत से उठाएगी। उधर भाजपा ने भी अपने विधायकों से कहा है कि उनके द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरी ताकत से सदन में रखना है। पार्टी के विधायकों द्वारा किसी भी तरह से ऐसे प्रयास नहीं किए जाने चाहिए,जिससे पार्टी और सरकार की किरकिरी हो।



सत्र शुरू होने के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने देखीं व्यवस्थाएं।

### सत्ताधारी विधायकों के सवालों पर सरकार सचेत

सूत्रों की मानें तो कई सत्ताधारी भाजपा विधायकों ने सत्र के दौरान कई ऐसे सवाल लगाए हैं, जिससे सरकार निशाने पर रह सकती है। बताया गया है कि ऐसे विधायकों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं मुलाकात कर उन्हें संतुष्ट करने का प्रयास करेंगे। इन विधायकों से कहा जाएगा कि उनके किसी भी सवाल से विपक्षी विधायकों को बल नहीं मिले।

### कांग्रेस के बयानों पर सीएम का तंज, जाकी रही भावना जैसी...

इधर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस के उन बयानों पर तंज कसा है, जो विधानसभा परिसर में सत्र के दौरान लगाई गई पाबंदियों को लेकर दिए जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सत्र के दौरान हमेशा से ऐसे निर्देश जारी किए जाते हैं। अब कांग्रेस को इसमें भी राजनीति करनी है। जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत तिन तैसी, कांग्रेस के लोगों के लिए यह चौपाई सटीक बैठ रही है। अगर आंख में कचरा चला जाए तो चारों ओर गलत ही दिखाई देता है। उनको (कांग्रेस) हर चीज गलत ही दिखाई दे रही है।

### जलगंगा संवर्धन की लगेगी प्रदर्शनी

सोमवार को मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा परिसर स्थित सेंट्रल हॉल में जलगंगा संवर्धन अभियान की उलब्धियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसका मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा शुभारंभ किया जाएगा। सीएम की पहल पर प्रदेश में तीन महीने तक यह अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सरकारी प्रयासों के अलावा जनभागीदारी से प्रदेश में 84 हजार 726 खेत तालाब, 1 लाख 4 हजार 276 कूप रिचार्ज पिट और 1283 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया। इस अभियान ने पूरे देश में अलग पहचान बनाई। प्रदर्शनी में इन्हीं उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### कार्यमंत्रणा समिति की बैठक

कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में कोशिश होगी कि मानसून सत्र शांतिपूर्ण तरीके से चलाए जाए, जिसमें विपक्ष और सत्ता पक्ष के विधायक अपने विषयों को उठा सकें और सरकारी कामकाज भी निर्विघ्न तरीके से पूरे कराए जा सकें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पहले ही अपने मंत्रियों को पूरी तैयारी के साथ सदन में आने को कहा है।

# सत्र के दौरान भाजपा की होंगी बड़ी बैठकें, मांगा जाएगा जवाब

## 29 को विधायक दल, 30 को पदाधिकारियों की बैठक

विशेष संवाददाता, भोपाल। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान जहां भाजपा विधायक सदन में सक्रिय रहेंगी, वहीं संगठन से जुड़े पदाधिकारियों से भी उनके कामकाज का हिसाब मांगा जाएगा। इसके लिए, पार्टी ने 30 जुलाई को जिलाध्यक्षों और पार्टी पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। मध्यप्रदेश विधानसभा में 29 जुलाई को अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। जिसमें पार्टी के विधायक सदन में मौजूद रहेंगे, तो इसी दिन भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाई गई है, जिसमें मानसून सत्र के दौरान विपक्षी दल के हमले का किस तरह से जवाब देना है एवं सरकार की नीतियों और विकास कार्यों को किस तरह से जनता तक पहुंचना है, इस पर चर्चा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की जाएगी,सभी विधायकों को हर हाल में इस बैठक में मौजूद रहने को कहा गया है। दिन बाद 30 जुलाई को भाजपा पार्टी मुख्यालय में संगठन पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की बैठक बुलाई गई है। बैठक में पार्टी के पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी,तो जिलाध्यक्षों से उनके कामकाज का हिसाब भी मांगा जाएगा। इसी बैठक में जिलाध्यक्ष अपनी संभावित टीम के लिए नामों का पैनल प्रदेश नेतृत्व को सौंप सकते हैं।

### नियुक्तियों पर भी होगी चर्चा

संसदीय दल की बैठक के बाद सीएम की मौजूदगी में पार्टी के सांसदों से साथ निगम मंडल और प्राधिकरण में नियुक्तियों को लेकर भी मंथन किया जा सकता है। सांसदों द्वारा एक बार फिर से अपने समर्थकों को निगम मंडल की कुर्सी देने के लिए सीएम को उनके नामों की सूची सौंप सकते हैं।

**31 को सीएम जाएंगे दिल्ली :** मुख्यमंत्री 31 जुलाई को दिल्ली प्रवास पर जाएंगे। इस दिन दिल्ली में भाजपा संसदीय दल की बैठक बुलाई गई है। जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सभी भाजपा सांसद मौजूद रहेंगे। संसदीय दल की बैठक में मध्यप्रदेश के सांसद संसद सत्र के दौरान कौन-कौन से मुद्दे उठाए जाएं, इस पर चर्चा करेंगे और वरिष्ठ नेतृत्व से मार्गदर्शन लेंगे।

# कांग्रेस ने दी हिदायत, मंत्रियों और भाजपा विधायकों से दोस्ती न निभाएं

## विधायक दल ने बनाई मानसून सत्र के लिए रणनीति

विशेष संवाददाता, भोपाल। कांग्रेस विधायक दल की तीन घंटे तक चली बैठक में तय किया गया कि मानसून सत्र के दौरान सभी विधायक एकजुटकर सरकार की जनविरोधी नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे। बैठक में साफ तौर पर कहा गया कि कोई भी विधायक मंत्रियों और विपक्षी सदस्यों से किसी मुद्दा विशेष पर दोस्ती नहीं निभाए, बल्कि उनके खिलाफ आक्रोश के साथ सदन में बात रखें। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में हुई बैठक में कांग्रेस ने सुनिश्चित किया कि सत्र के दौरान सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार, रोजगार और कानून व्यवस्था को लेकर सरकार का सदन में प्रतिरोध किया जाएगा और उनसे इन मुद्दों को लेकर जवाब मांगा जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि हम उन सभी मुद्दों को लेकर सदन में पूरी तैयारी के साथ जाना है, जो आम जनता से जुड़े हैं और जिसे लेकर सरकार का रवैया उचित नहीं रहा है। पिछले दिनों उजागर हुए भ्रष्टाचार के मामलों को भी पूरी तैयारी के साथ सदन में उठाया जाएगा, जिससे भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई हो सके। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि जिस तरह का प्रदेश में वातावरण निर्मित हो गया है,उससे सूबे की आमजनता बेहद परेशान है। हमें इन विषयों को लेकर सरकार से सवाल करने होंगे। उन्होंने कहा कि विधायक जो भी सवाल करें,उसे लेकर उन्हें पूरी तैयारी करनी होगी। प्रश्नकाल में भी जब भी दल के विधायक के सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं आए,तो उसका प्रतिकार करना होगा। हमें अपने विधायकों का साथ देना होगा। सिंघार ने कहा कि जिस तरह से सरकार के दवाब में विधानसभा परिसर में विपक्ष का मुंह बंद करने की कोशिश की जा रही है, हम सभी उसका पुरजोर विरोध करेंगे। उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा कि प्रदेश में जलजीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है। इस मामले में विभागीय मंत्री पर सीधा आरोप लगाया गया है, जिन्हें बचाने के लिए अधिकारी और सरकार प्रयास कर रहे हैं। हम सदन में इस मामले में अलग से चर्चा कराने की कोशिश करें। जब भी इस मामले को सदन में रखा जाए, उस पर हम सभी विधायकों को पूरी ताकत के साथ उठाना होगा। पूर्व मंत्री एवं विधायक सचिन यादव ने कहा है कि जिस तरह से पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है, कानून व्यवस्था लड़खड़ा गई है। भ्रष्टाचार के प्रकरण भी सामने आ रहे है। आदिवासियों और दलितों के साथ अन्याय व अत्याचार हो रहा,उनकी जमीनें हड़पी जा रही है। ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के नाम पर उन्हें जिस तरह से छला जा रहा है। हमें इन सभी विषयों को लेकर सदन में सरकार को सवाल देने के लिए मजबूर करना होगा। यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता अपने साथ हो रहे अन्याय को लेकर कांग्रेस से उम्मीद लगाए हुए है,इसलिए हमें अपने वरिष्ठों के मार्गदर्शन में मानसून सत्र के दौरान इस पर सरकार से सवाल पूछने होंगे।



# चंदेरी साड़ियों को और अधिक करेंगे प्रमोट: सीएम

विशेष संवाददाता, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनी। इसमें पीएम ने चंदेरी साड़ियों और भोपाल की स्वच्छता को लेकर चर्चा की। इस पर सीएम ने कहा कि चंदेरी साड़ियों को और अधिक प्रमोट किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने राजधानी के गुलमोहर कॉलोनी स्थित एक विद्यालय में शिक्षकों, छात्रों और आमजन की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सुना। इसके उपरांत सीएम ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम जनता से सीधे संवाद का अभिनव मंच है। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के हर कोने की सकारात्मक जानकारियां साझा होती हैं और आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं। यह कार्यक्रम लोकतंत्र और देशभक्ति को सशक्त बनाने वाला है। हम सबको प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास यात्रा में सहभागी बनना चाहिए। डॉ. यादव ने कहा कि पीएम ने असम के काजीरंगा पार्क, चित्रकूट की गुप्त गोदावरी और लखनऊ के पास गोमती सफाई अभियान का उल्लेख किया, जिसका सकारात्मक संदेश देशभर में जाता है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपनी बात में रातापानी अभयारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित करने का उल्लेख किया, जो वन्यजीव और मानव सह अस्तित्व का अनूठा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पीएम ने चंदेरी की साड़ियों का भी अपनी बातों में उल्लेख किया है। सरकार चंदेरी और महेश्वर साड़ियों के प्रचार -प्रसार पर विशेष ध्यान देगी। डॉ. यादव ने कहा कि सावन का महीना रक्षाबंधन का त्योहार लेकर आता है। राज्य सरकार ने इस अवसर पर लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के लिए अतिरिक्त रूप से 250 रुपए की राशि बहनों को शगुन के रूप में देने का निर्णय लिया है। प्रदेश की एक करोड़ 29 लाख बहनों के खाते में यह राशि डाली जाएगी। भारतीय संस्कृति में विद्यमान त्योहारों की परंपरा जीवन को सकारात्मक व आनंददाई बनाते हुए परिवार परंपरा को सशक्त करती है। हमारी संस्कृति मातृ प्रधान संस्कृति है, हम सृष्टि में भी माता का रूप देखते हैं। डॉ. यादव ने कहा की सावन माह का प्रत्येक दिन, रक्षाबंधन के भाव से मनाया जाए। त्यौहार सामाजिक समरसता का प्रतीक है, इन्हें इसी भाव से मनाना चाहिए।

### स्कूल पहुंचकर मन की बात सुनी



### मेट्रो में सवार होकर सुभाष स्टेशन से की यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मेट्रो ट्रेन के सुभाष नगर स्थित डिपो पहुंचकर निर्माण कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने को कहा। यहां सीएम ने कहा कि अक्टूबर माह से मेट्रो रेल का कामर्शियल रन शुरू हो जाएगा। सीएम ने मेट्रो पर सवार होकर सुभाष नगर स्टेशन से मेट्रो की यात्रा की और फिर से वापस आरकेएमपी स्टेशन पहुंचे, जहां उन्हें मेट्रो कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने आवश्यक जानकारी से अवगत कराया। इस मौके पर राज्यमंत्री कृष्णा गौर भी मौजूद रहे।

### रिजल्ट देरी से आने के झंझट से मिलेगी मुक्ति

# परीक्षाओं की डिजिटल मार्किंग कराएगा आरजीपीवी

## ओटीपी और फेस रीडिंग के बाद ही शुरू हो सकेगी कॉपियों की मार्किंग



### आएगी पारदर्शिता, विद्यार्थियों के साथ नहीं हो सकेगा अन्याय

आरजीपीवी के प्रोफेसरों पर आरोप लगते हैं कि विद्यार्थियों को फेल कर देते हैं। उनसे रुपये लेकर उन्हें पास कर देते हैं। डिजिटल मार्किंग होने से आरजीपीवी के विरोधियों के स्वर भी बंद हो जाएंगे। इसके अलावा डिजिटल मार्किंग में प्रोफेसर के अलावा कोई और मार्किंग भी नहीं कर पाएगा। क्योंकि मार्किंग के दौरान प्रोफेसर के चेहरे की रिकार्डिंग तक होती रहेगी। जैसे ही प्रोफेसर अपना लैपटॉप या डेस्टॉप छोड़ेगा कापी लॉक हो जाएगी। प्रोफेसर का फेस रीड करने के बाद ही कापी खुल सकेगी।

एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि अपनी परीक्षाओं का मैन्युअली वैल्यूशन बंद कर डिजिटल मार्किंग कराने की तैयारी में है। पायलेट प्रोग्राम पालीटेक्निक से शुरू होगा। इसमें सफलता मिलने के बाद आरजीपीवी डिग्री पर लागू करेगा। इसके लिए प्रेजेंटेशन तक देख लिया गया है। यहां तक स्कैनिंग तक शुरू कर दी गई है। आरजीपीवी को डिजिटल मार्किंग के लिए का शुल्क निर्धारण कराने सिर्फ साइंस एवं प्रौद्योगिकी विभाग की मंजूरी चाहिए। मप्र आयुर्विज्ञान मेडिकल विवि के बाद अब राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि भी डिजिटल मार्किंग से रिजल्ट तैयार करने की व्यवस्था जमा रहा है। एमपी आनलाइन ने आरजीपीवी में अपना सैटअप लगाने के लिए जगह तक चिह्नित कर ली है। सैटअप लगाने के पहले आरजीपीवी को डिजिटल मार्किंग के लिए एमपी आनलाइन को दिए जाने वाला शुल्क तय करना है। यह शुल्क निर्धारण कमेटी (ईओआई) करेगी। इसके लिए आरजीपीवी को साइंस एवं प्रौद्योगिकी विभाग से अनुमति मांगी गई है। विभाग अनुमति नहीं देता है, तो आरजीपीवी ईओआई जारी कर डिजिटल मार्किंग शुरू कर देगा।

### इस तरह होगी मार्किंग

आरजीपीवी परीक्षाओं की कापियों को स्कैन कराएगा। कापियों की मार्किंग कराने के लिए प्रोफेसरों का लागिन आईडी तैयार कर पासवर्ड दिया जाएगा। आरजीपीवी प्रोफेसरों की आईडी पर कापियों की डिजिटल मार्किंग करने के लिए भेजेगा। प्रोफेसर बिना ओटीपी के लागिन नहीं कर पाएंगे। इसके पहले उनके फेस का एक्सिस लिया जाएगा, ताकि जब वे लागिन करें, तो उनका फेस रीड होने के बाद ही कापी डिजिटल मार्किंग के लिए खुल पाएगी। अब विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिका खुलने के बाद ही सिस्टम के लेफ्ट साइट में प्रश्न का आंसर दिया रहेगा, जिसका मिलान करने के बाद ही प्रोफेसर अपनी रेफ्रेंस से विद्यार्थी को प्रश्न पर अंक दे पाएगा।

> डिजिटल मार्किंग एमपी आनलाइन से कराने के लिए राज्य के साइंस एवं टेक्नालाजी विभाग से संपर्क किया जा रहा है। अनुमति नहीं मिलने की स्थिति में शुल्क निर्धारण समिति को भेजा जाएगा।
>
> • डॉ मोहन सेन, कुलसचिव, आरजीपीवी

# बस में हंगामा करने वाले भाजयुमो के भिंड जिलाध्यक्ष को पार्टी ने हटाया

## बीईओ को थप्पड़ मारने वाले मंडल अध्यक्ष पर एफआईआर

विशेष संवाददाता, भोपाल। भाजपा के भिंड जिले के दो पदाधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह को पार्टी ने पद से हटा दिया है, तो मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। नीरज शर्मा ने बीईओ को थप्पड़ मार दिया था। भाजयुमो अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वे दिल्ली से भिंड आने वाली बस में हंगामा करते दिख थे। वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस ने इसका विरोध करते हुए भाजपा पर निशाना साधा था। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने भिंड जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया को मामले पर एक्शन लेने के निर्देश दिए थे। रविवार को नरवरिया ने कुशवाह को भाजयुमो के जिलाध्यक्ष पद से हटाने का पत्र जारी कर दिया। पत्र में नरवरिया ने लिखा कि आपके द्वारा गत दिवस किए अशोभनीय कृत्य से पार्टी की छवि धूमिल हुई है। ऐसे में भाजयुमो के जिलाध्यक्ष पद से मुक्त किया जाता है। इसी तरह भिंड के मेहगांव के संदीपनी विद्यालय में ब्लॉक शिक्षाधिकारी राजवीर शर्मा ने बीते 10 जुलाई को विद्यालय में गुरुपूर्णिमा का कार्यक्रम चल रहा था,जिसमें सरकार के मंत्री राकेश शुक्ला भी मौजूद थे। इसी दौरान शर्मा ने बीईओ को थप्पड़ मार दिया। घटना के दूसरे दिन स्कूल के छात्र और स्टाफ ने बीईओ शर्मा को भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर सम्मान के रूप में सौंपी, तो राजबीर फूट-फूटकर रो पड़े और उन्होंने अपने साथ हुई अभद्रता के बारे में बताया। बीईओ ने आरोप लगाया कि स्कूल के प्राचार्य से सीसीटीवी फुटेज की मांग की गई थी, लेकिन दबाव की वजह से उन्होंने फुटेज डिलीट करा दिए।

### हावड़ा-भोपाल ट्रेन रांची रोड स्टेशन पर रुकेगी

कार्यालय संवाददाता, भोपाल। रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व रेलवे के धनबाद मण्डल में स्थाई तौर पर बरकाकाना रेलवे स्टेशन पर रुकने वाली कई रेलगाड़ियों का ठहराव अस्थाई तौर पर रांची रोड देने का निर्णय आगामी 3 माह तक के लिए लिया गया है। जिसमें पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 13025/13026 हावड़ा-भोपाल-हावड़ा ट्रेन का ठहराव अस्थाई तौर पर बरकाकाना की बजाय रांची रोड दिया जा रहा है। रेलवे से मिली जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल ट्रेन 28 जुलाई से रांची रोड रेलवे स्टेशन पर रात 19:10 बजे से अगले पांच मिनट के लिए ठहराव रहेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 13026 भोपाल-हावड़ा 31 जुलाई से रांची रोड रेलवे स्टेशन पर समय सुबह 6: 50 बजे ठहराव रहेगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

**'न कोई कॉल,........**

नहीं कहा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कथित सीजफायर वार्ता के दावे को खारिज करते हुए कहा कि 22 अप्रैल से 17 जून तक प्रधानमंत्री मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कोई संवाद नहीं हुआ। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका के साथ किसी स्तर पर व्यापार या दवाव की कोई चर्चा नहीं हुई। जयशंकर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान की ओर से हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद ही ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया और भारत ने आतंकवादी अड्डों पर प्रहार करके अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाई।

**दुनिया भारत के साथ :** जयशंकर विदेश मंत्री ने बताया कि जर्मनी, फ्रांस, यूरोपीय संघ, ब्रिक्स, और क्वाड जैसे वैश्विक मंचों ने पहलगाम हमले की निंदा की और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिक्रिया को भी दोहराया, जिसमें आतंकवाद को वैश्विक शांति के लिए खतरा बताया गया।

**सरकार की पुरानी तुलना:** यूपीए ने आतंकवादियों को छोड़ दिया भाजपा सांसद बैजयंत पांडा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने विपक्ष, खासकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुंबई हमलों के बाद यूपीए सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जबकि मोदी सरकार ने आतंकियों को घर में घुसकर मारा। ललन सिंह ने कहा कि कांग्रेस के पास आतंक के खिलाफ लड़ाई का साहस नहीं था। सपा सांसद रमाशंकर राजभर ने कहा कि देश को सिर्फ तीन दिन में खत्म किया गया ऑपरेशन सिंदूर नहीं, बल्कि ठोस और व्यापक कार्रवाई यानी 'ऑपरेशन तंदूर' चाहिए था। उन्होंने कहा कि जनता को वास्तविक जवाब चाहिए कि पहलगाम हमले का बदला कैसे लिया गया।

**नदियां जलधाराएं नहीं ........**

है। प्रदर्शनी में जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों, प्रदेश की बावड़ियों, जलीय जीवन के प्राणतत्व-जलचर, अमृतस्य नर्मदा, उपग्रह की नजर से प्रदेश की प्रमुख जल संरचनाओं जैसी प्रदेश की जलीय विविधता को वीर भारत न्यास द्वारा प्रदर्शित किया गया है। इस प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय सहयोगी संस्थाएं हैं।

**जातिगत जनगणना.........**

सिंघार ने कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट जवाब मांगता है, तब सरकार चुप्पी साध लेती है। लेकिन चुनाव आते ही ओबीसी वर्ग को भ्रमित कर अपने वोट बटोरने की राजनीति शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा यह प्रदर्शन हमारा संवैधानिक अधिकार है। जब तक ओबीसी समाज को उनका हक नहीं मिलेगा, हम चुप नहीं बैठेंगे। यह लड़ाई सिर्फ आरक्षण की नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक अधिकारों की है। तराना विधायक महेश परमार ने कहा कि सरकार इतनी डरी हुई है कि वह जनप्रतिनिधि और मीडिया को विधानसभा कार्यवाही से दूर रखना चाहती है। लेकिन हम इसका पूरी ताकत के साथ विरोध करेंगे और सदन में अपनी तरीके से बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को प्रदर्शन पर लगाई गई रोक को वापस लेना चाहिए। इसी तरह जौरा विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा कि ओबीसी वर्ग के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में वकीलों पर मोटी फीस खर्च की, जिससे ओबीसी को आरक्षण नहीं मिल सके। हम इसका लगातार विरोध कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। कमलनाथ सरकार ने जो आरक्षण इस वर्ग को दिया था, उसे हम ओबीसी वर्ग को दिलाकर रहेंगे।

**झाबुआ: डंपर की.....**

डंपर ने उसकी कार को बगल से टक्कर मार दी। हादसे के समय कलेक्टर नेहा मीणा कार में मौजूद थीं। हालांकि उन्हें और वाहन चालक को कोई चोट नहीं आई। हादसा बड़ा भी हो सकता था, क्योंकि डिवाइडर पर चढ़ कर गाड़ी जिस जगह रुकी थी, वहां बिजली का खंबा भी लगा है। गाड़ी स्पीड में होती तो डिवाइडर पर चढ़कर खंबे से टकरा सकती थी। यह डंपर कल्याणपुरा से राणापुर की ओर जा रहा था। इसकी टक्कर से वाहन को नुकसान पहुंचा और साइड ग्लास टूट गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद सुरक्षा बलों ने डंपर को कब्जे में ले लिया। इस बीच डंपर चालक फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने चालक राम सिंह को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। डंपर जब्त कर पुलिस अब यह पता लगा रही है कि उसका चालक नशे में तो नहीं था अथवा ट्रक के ब्रेक तो फेल नहीं हुए थे। दुर्घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग डंपर चालक की लापरवाही और तेज गति को दुर्घटना की वजह मान रहे हैं।

## बढ़ती आत्महत्याएं | त्रासदी की वजह है मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी, शिक्षा व्यवस्था का सबसे कमजोर कड़ी

# देश में हर साल 13 हजार से ज्यादा छात्र करते हैं आत्महत्या

नई दिल्ली, जेएनएन। भारत में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं एक चिंताजनक स्तर तक पहुंच चुकी हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, देश में हर साल लगभग 13,000 छात्र आत्महत्या करते हैं। यह देश में कुल आत्महत्याओं का 7.6 प्रतिशत है। 2023 और 2024 के आंकड़े अब तक आधिकारिक तौर पर जारी नहीं हुए हैं, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह रुझान बदस्तूर जारी है। दिल्ली स्थित न्यूरोसाइकेट्रिस्ट डॉ. अंजलि नागपाल इस पर टिप्पणी करते हुए कहती हैं, 'ये आंकड़े केवल नंबर नहीं हैं, ये उस खामोश पीड़ा की पहचान हैं जो समाज की उम्मीदों और दबावों के नीचे दबी है। हम बच्चों को परीक्षा के लिए तैयार करते हैं, लेकिन जीवन के लिए नहीं।'

भारत का शिक्षा तंत्र आज भी ज्यादातर अंक-आधारित मूल्यांकन, प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़, और एक दिन की परीक्षा से सफलता या असफलता तय करने वाली सोच में फंसा हुआ है। इसके अलावा, मानसिक स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त सहायता, परामर्शदाताओं की कमी और स्कूल-कॉलेज में भावनात्मक सहयोग का लगभग अभाव भी इन हालात को और गंभीर बना रहा है। छात्रों पर बढ़ते मानसिक दबाव को लेकर संसद में भी चर्चा हुई है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने हाल ही में संसद में स्वीकार किया कि 'शैक्षणिक सुधारों और नई मानसिक स्वास्थ्य पहलों के बावजूद, चरम शैक्षणिक दबाव अब भी छात्रों को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है।' सरकार अब कई मोर्चों पर प्रयास कर रही है, जिनमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए मनोवैज्ञानिक सहायता कार्यक्रम शामिल हैं। हालांकि जमीनी स्तर पर हालात कुछ और कहानी कहते हैं। सुसाइड प्रिवेंशन इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक नेल्सन विनोद मोसेस का मानना है कि शिक्षा तंत्र में 'टॉक्सिक प्रतिस्पर्धा', कठोर मूल्यांकन पद्धति और भावनात्मक समर्थन की कमी छात्रों को तोड़ रही है। वे कहते हैं, 'छात्रों के बीच एक मौन महामारी चल रही है, जो उन्हें बिखरने की ओर ले जा रही है।' उनका सुझाव है कि कॉलेजों में काउंसलर्स को सुसाइड स्क्रीनिंग, रिस्क असेसमेंट और मैनेजमेंट के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही, जीवन कौशल, तनाव प्रबंधन और भावनात्मक बुद्धिमत्ता जैसे विषयों को नियमित पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए।



### शोध, अध्ययन और न्यायिक सक्रियता की पहल

एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन जिसमें यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न, एनआईएमएचएएनएस और भारत के कई मेडिकल कॉलेज शामिल थे, ने 2019 में एक बड़ा सर्वेक्षण किया। इसमें 30 विश्वविद्यालयों के 8,500 छात्रों को शामिल किया गया था। रिपोर्ट में पाया गया कि पिछले एक साल में 12 फीसदी छात्रों ने आत्महत्या के विचार अनुभव किए, जबकि 6.7 फीसदी छात्रों ने कभी-न-कभी आत्महत्या का प्रयास किया था। यह आंकड़े स्पष्ट रूप से शिक्षा संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप और सहायता तंत्र की सख्त जरूरत को दर्शाते हैं। भारत का सुप्रीम कोर्ट इस समस्या को 'आत्महत्या की महामारी' की संज्ञा दे चुका है। कोर्ट ने मार्च 2024 में एक 10 सदस्यीय टास्क फोर्स गठित की है जो इस संकट के समाधान के लिए नीति रूपरेखा तैयार कर रही है।

### सफलता की तंग परिभाषा और युवाओं की बेचैनी

कैरियर360 के संस्थापक महेश्वर पेरी का मानना है कि छात्र परखा जाता है एक दिन की परीक्षा से और कई बार वही दिन उसे जीवन से विमुख कर देता है। वे कहते हैं, 'छात्रों के पास न पर्याप्त सपोर्ट सिस्टम होता है और न ही संवाद का कोई सुरक्षित मंच। हमें जरूरत है मानसिक स्वास्थ्य को उनकी पढ़ाई से जोड़ने की।' दिल्ली के अनुभवी मनोचिकित्सक डॉ. अचल भगत बताते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य संकट के पीछे केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि सफलता की संकीर्ण परिभाषा, लैंगिक असमानता, हिंसा, और रोजगार के अवसरों की कमी जैसे कारण भी हैं। वे कहते हैं, 'आप या तो जीनियस हैं या फिर फेल। ये दो ही विकल्प समाज ने दे रखे हैं। युवाओं की आवाज को शिक्षा और नीति में शामिल नहीं किया जा रहा, जिससे उनमें निराशा, हताशा और असहायता जन्म ले रही है।'

## खेल एक नजर

### खलील अहमद ने एसेक्स से अपना अनुबंध समाप्त किया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय गेंदबाज खलील अहमद ने एसेक्स के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर लिया है। उन्होंने काउंटी चैंपियनशिप में एसेक्स के लिए दो प्रथम श्रेणी मैच खेले थे। तेज गेंदबाज ने शुरू में दो महीने के कार्यकाल के लिए क्लब के साथ अनुबंध किया था, जिसके तहत वह एसेक्स के बचे प्रथम श्रेणी सीजन में छह प्रथम श्रेणी मैच खेलेंगे, साथ ही वनडे कप में अधिकतम दस संभावित लिस्ट ए मैच भी खेलेंगे। क्लब ने जून में उनके अनुबंध की घोषणा की थी, जब उन्होंने भारत-ए के लिए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ लाल गेंद के मैच में 70 रन देकर 4 विकेट लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। वह सितंबर के अंत तक टीम में शामिल होने के लिए रवाना हुए और दो मैच खेले, जिनमें उन्होंने 64.50 की औसत से केवल चार विकेट लिए। हालांकि, एसेक्स ने बताया कि खलील क्लब के साथ अपने बाक़ी बचे मैचों से पहले स्वदेश लौट आए हैं।



### हांगकांग क्रिकेट टीम के हेड कोच नियुक्त श्रीलंका के कौशल सिल्वा

**हांगकांग, जेएनएन।** श्रीलंका के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर कौशल सिल्वा को हांगकांग पुरुष क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। क्रिकेट हांगकांग के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि बोर्ड की योजनाओं के अनुरूप यह नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा, प्रतिभाओं को निखारने और विकसित करने के प्रति कौशल का समर्पण हांगकांग में क्रिकेट के भविष्य के लिए हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। 39 साल के सिल्वा ने 2011 से 2018 तक श्रीलंका के लिए 39 टेस्ट मैच खेले हैं। 2019 में क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्होंने श्रीलंका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में कोचिंग की अनुभव हासिल किया। हालांकि, यह पहला अवसर होगा जब वे किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में विकेटकीपर और सलामी बल्लेबाज के रूप में सिल्वा ने 209 मैचों में 41 शतकों की मदद से 13,932 रन बनाए हैं।



### इंग्लैंड-भारत टेस्ट के दौरान पाकिस्तानी प्रशंसक से टी-शर्ट ढकने को कहा गया

**मैनचेस्टर, जेएनएन।** ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड और भारत के बीच चौथे टेस्ट मैच में एक प्रशंसक को अपनी पहनी हुई पाकिस्तानी शर्ट को ढकने के लिए कहा गया था। लंकाशायर इस मामले की जांच कर रहा है। पाकिस्तानी मीडिया में फारूख नजर नाम से मशहूर इस प्रशंसक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उससे मैदान पर मौजूद सुरक्षा स्टाफ के एक सदस्य ने अनुरोध किया है कि वह अपनी शर्ट को ढक दे, जो पाकिस्तान की पारंपरिक हरे रंग की सीमित ओवरों की टी-शर्ट है। खुद को लंकाशायर का कर्मचारी बताने वाला सुरक्षा गार्ड कहता है, नियंत्रण कक्ष ने मुझसे पूछा है कि क्या आप कृपया उस टी-शर्ट को ढक सकते हैं। बाद में, एक प्रबंधक को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि टी-शर्ट राष्ट्रवादी मानी जा सकती है। जारी वीडियो में, नजर को बार-बार टी-शर्ट ढकने के अनुरोधों के कारण लगातार परेशान होते देखा जा सकता है। आखिरकार, एक पुलिस अधिकारी उसके पास आता है और उसे स्टैंड से दूर बातचीत जारी रखने के लिए कहता है। खबरों के मुताबिक, नजर ने अपनी टी-शर्ट छिपाने के बजाय मैदान से बाहर जाने का फैसला किया।

### वेस्टइंडीज पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में लगा जुर्माना

**जमैका, जेएनएन।** आईसीसी ने वेस्टइंडीज पर धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी-20 मैच के दौरान समय सीमा को ध्यान में रखते हुए वेस्टइंडीज पर दो ओवर कम फेंकने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर गति के अपराधों से संबंधित है। खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में अपनी टीम द्वारा हर ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। वेस्टइंडीज ने तय समय से दो ओवर कम फेंके थे। इसी कारण से उन्हें 10 प्रतिशत का जुर्माना झेलना पड़ा। कप्तान शे होप ने जुर्माना स्वीकार कर लिया है। पांच मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 4-0 से आगे है।

# 38 साल की हमवतन कोनेरू हम्पी को हराकर 19 साल की दिव्या सबसे युवा वर्ल्ड चैंपियन

**फिडे महिला विश्व कप फाइनल में हम्पी को हराया, ग्रैंडमास्टर बनीं**

जेएनएन, बातुमी (जॉर्जिया)

भारत की युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने अपने करियर की सबसे बड़ी सफलता हासिल करते हुए सोमवार को हमवतन और अपने से कहीं अधिक अनुभवी कोनेरू हम्पी को टाईब्रेकर में हराकर फिडे महिला विश्व कप का खिताब जीता। इस जीत से 19 साल की दिव्या ने ना सिर्फ यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीता, बल्कि साथ ही ग्रैंडमास्टर भी बन गईं, जो टूर्नामेंट की शुरुआत में असंभव लग रहा था। वह ग्रैंडमास्टर बनने वाली सिर्फ चौथी भारतीय महिला और कुल 88वीं खिलाड़ी हैं। नागपुर की इस खिलाड़ी ने शनिवार और रविवार को खेले गए दो क्लासिकल मुकाबलों के ड्रॉ होने के बाद टाईब्रेकर में जीत दर्ज की। दो क्लासिकल बाजी ड्रॉ होने के बाद टाईब्रेकर का पहला समूह निर्णायक साबित हुआ, जिसमें हम्पी ने अपना संयम खो दिया। विश्व कप और महिला विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर हम्पी ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज में सब कुछ जीता है, लेकिन किस्मत या फिर अपने धैर्य के कारण विश्व कप खिताब जीतने में नाकाम रही हैं। दिव्या ने सोमवार को दृढ़ निश्चय दिखाया और इस जज्बे का बोनस ग्रैंडमास्टर खिताब था, जो इस प्रतियोगिता के चैंपियन के लिए आरक्षित था। सोमवार को समय नियंत्रित टाईब्रेकर की पहली बाजी में सफेद मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने हम्पी को फिर से ड्रॉ पर रोका, लेकिन दूसरी बाजी में काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन को हराकर जीत दर्ज की।



### हम्पी ने समय के दबाव में गलती की, दिव्या ने फायदा उठाया

पेट्रॉफ डिफेंस का इस्तेमाल करते हुए दिव्या ने हम्पी को पहली टाईब्रेक बाजी में बेहतर स्थिति में होने का मौका दे दिया था। हम्पी ने हालांकि समय के दबाव में गलती की और जल्द ही वह ऐसी स्थिति में पहुंच गईं, जहां उनके पास दिव्या की रानी के खिलाफ एक रूक (हाथी), बिशप (ऊंट) और एक पॉन (प्यादा) था, हालांकि स्थिति लगभग बराबरी की रही और अंत में हम्पी ने आसानी से ड्रॉ कर लिया। दूसरी बाजी में हम्पी ने कैटलन ओपनिंग का इस्तेमाल किया और दिव्या फिर से अच्छी तरह तैयार थीं। हम्पी ने 40वीं चाल में अपना आपा खो दिया और प्यादों को गंवाकर विरोधी खिलाड़ी पर आक्रमण करने की कोशिश की। दिव्या को हालांकि इससे अधिक मुश्किल नहीं हुई। यह दिव्या का दिन था, क्योंकि हम्पी के पास फिर से समय की कमी थी और उन्होंने फिर से गलती की, जिससे सैद्धांतिक रूप से दिव्या की जीत की स्थिति बन गई। इस बाजी में दिव्या की किस्मत लंबे समय तक बराबरी और जीत के बीच झूलती रही, जिसके बाद नागपुर की इस लड़की ने बाजी मार ली।



इस मुकाबले के दौरान पेशे से चिकित्सक दिव्या की मां भी वहां मौजूद थी। दिव्या भावनाओं पर काबू नहीं रख सकी और अपनी मां से गले मिलने के दौरान उनकी आंखें नम थी।

■ भारतीय ग्रैंडमास्टर : दिव्या, हम्पी, डी हरिका और आर वैशाली। हम्पी 38 साल की हैं और 2002 में ग्रैंडमास्टर बनीं, जबकि दिव्या का जन्म 2005 में हुआ।

■ दिव्या ने ओलंपियाड में तीन बार स्वर्ण पदक जीतने के अलावा एशियाई चैंपियनशिप, विश्व जूनियर चैंपियनशिप और विश्व युवा चैंपियनशिप में भी कई स्वर्ण पदक जीते हैं।

"मुझे इसे (जीत को) आत्मसात करने के लिए समय चाहिए। मुझे लगता है कि यह नियति की बात थी कि मुझे इस तरह ग्रैंडमास्टर का खिताब मिला, क्योंकि इस (टूर्नामेंट) से पहले मेरे पास एक भी (ग्रैंडमास्टर) नॉर्म नहीं था और अब मैं ग्रैंडमास्टर हूं। मेरे लिए अभी बात करना मुश्किल है। यह वाकई बहुत मायने रखता है, लेकिन अभी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है।
- दिव्या देशमुख

# इंग्लैंड लगातार दूसरी बार यूरोपियन चैंपियन




### फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में वर्ल्ड चैंपियन स्पेन को हराकर जीता खिताब

**बासेल, जेएनएन।** गत विजेता इंग्लैंड ने विश्व चैंपियन स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से पराजित करके लगातार दूसरी बार महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) का खिताब जीता। इंग्लैंड ने इस तरह से स्पेन से विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदलाव की चुकता कर दिया। स्पेन खिताबी हैट्रिक पूरी करने में नाकाम रहा। उसने विश्व कप के अलावा 2024 में यूईएफए नेशंस लीग का खिताब भी जीता था। स्पेन ने मैरियोना काल्डेन्ते के 25वें मिनट में हेडर से किए गए गोल से बढ़त बनाई। इंग्लैंड की तरफ से एलेसिया रुस्सो ने 57वें मिनट में हेडर से गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इससे अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबरी पर था। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा। शूटआउट में बोनमाटी की स्पॉट किक इंग्लैंड की गोलकीपर हन्ना हैम्पटन द्वारा बचाए गए दो गोल में से एक थी। मैरियोना काल्डेन्ते की पेनल्टी भी बचा ली गई थी।

**सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी** टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई स्पेन की स्टार ऐताना बोनमाटी ने कहा, हम टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम थे, लेकिन कभी-कभी यह पर्याप्त नहीं होता। हमारी नजर अब 2027 में ब्राजील में होने वाले विश्व कप पर है।

■ पिछले साल पुरुषों के यूरोपीय चैंपियनशिप फाइनल में भी यही टीमें खेली थीं। उस मैच में स्पेन 2-1 से जीता था।

# ओवल टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम में जेमी ओवर्टन शामिल

**अंतिम मैच में अपने थके तेज गेंदबाजों को आराम दे सकता हैं इंग्लैंड**

**मैनचेस्टर, जेएनएन।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए अपनी टीम में तेज गेंदबाज जेमी ओवर्टन को शामिल किया है। ओवर्टन ने पिछले हफ्ते काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए मैच खेला था। यह बदलाव मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट से एकमात्र बदलाव है, जहां भारत ने संघर्षपूर्ण ड्रॉ कर सीरीज को जीवित रखा है। चौथे टेस्ट में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने काफी मेहनत की और दो पारियों में कुल 257.1 ओवर डाले, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके। कप्तान बेन स्टोक्स ने बाद में माना कि अब कुछ ताजे विकल्पों की जरूरत हो सकती है। उन्होंने कहा, अगर आप देखें कि हमने फील्ड पर कितना समय बिताया है और गेंदबाजी इकाई के तौर पर कितने ओवर डाले हैं, तो हर कोई आखिरी मैच से पहले थका हुआ और चोटिल महसूस करेगा। सभी का आकलन किया जाएगा और उम्मीद है कि हम इन दो-तीन दिनों के आराम का समझदारी से इस्तेमाल करेंगे, फिर कोई निर्णय लेना होगा।



**पांचवें टेस्ट के लिए टीम** : बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस ऐटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियम डॉसन, बेन डकेट, जेमी ओवर्टन, ऑली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जॉश टंग, क्रिस वोक्स।

### बुमराह सहित सभी तेज गेंदबाज फिट : गंभीर

भारत के कोच गौतम गंभीर ने पुष्टि की है कि ओवल टेस्ट के लिए भारत के पास पूरी तरह फिट तेज गेंदबाजों की जोड़ी उपलब्ध है। भारत को यह टेस्ट जीतना जरूरी है ताकि वे सीरीज 2-2 से बराबर कर सकें। गंभीर ने यह भी संकेत दिए कि जसप्रीत बुमराह अंतिम टेस्ट खेल सकते हैं, जबकि सीरीज से पहले उन्होंने कहा था कि वह (बुमराह) तीन टेस्ट ही खेलेंगे। मैनचेस्टर में बुमराह की गति थोड़ी कम देखी गई थी। हालांकि मैच के चौथे दिन लंच से पहले उन्हें आराम मिल गया था, जिससे उन्हें अच्छी रिकवरी का समय मिला है। ओवल टेस्ट गुरुवार से शुरू हो रहा है। तीसरे टेस्ट में भारत को कई चोटों का सामना करना पड़ा था। अर्शदीप सिंह बाएं हाथ की चोट, आकाश दीप जांघ की चोट और मोहम्मद सिराज थकावट से जूझ रहे थे। इसके चलते भारत ने अंशुल कम्बोज को टीम में बुलाया और उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा पर तरजीह दी गई। गंभीर ने कहा, सभी तेज गेंदबाज फिट हैं, कोई चोट की चिंता नहीं है।

# मकाऊ ओपनः सात्विक-चिराग की निगाहें खिताब पर, लक्ष्य और प्रणय फॉर्म में वापसी करने उतरेंगे

**मकाऊ, जेएनएन।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखते हुए सत्र का पहला खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट पर उतरेगी। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने पिछले सप्ताह चाइना ओपन सुपर 1000 में एक बार फिर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उन्हें मलेशिया के दूसरे वरीय आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन वह अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्होंने इंडिया ओपन, सिंगापुर ओपन और मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के अलावा इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई। मकाऊ ओपन के शुरुआती दौर में उनका सामना लो हैंग यी और एनजी इंग चियोंग की मलेशियाई जोड़ी से होगा। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन विश्व चैंपियनशिप से पहले अपनी लय फिर से हासिल करने की उम्मीद करेंगे। सेन का पहला मुकाबला कोरिया के जियोन ह्योक जिन से होगा। इस बीच 2023 के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय चाइना ओपन के दूसरे दौर में बाहर होने के बाद वापसी की कोशिश करेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी आयुष शेट्टी भी सभी की नजरों में होंगे, जिन्होंने पिछले महीने अमेरिकी ओपन सुपर 300 में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था। पहले दौर में उनका सामना चीनी ताइपे के हुआंग यू काई से होगा। महिला एकल में 16 वर्षीय उन्नति हुड्डा चाइना ओपन में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू पर अपनी शानदार जीत की लय को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगी।

# लेयला और डी मिनौर बने डीसी ओपन चैंपियन





**वाशिंगटन, जेएनएन।** लेयला फर्नांडीज और एलेक्स डी मिनौर ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग का खिताब जीता। कनाडा की 22 साल की फर्नांडीज ने अगले महीने होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में अन्ना कालिन्स्काया को 6-1, 6-2 से हराया। अमेरिकी ओपन 2021 की उपविजेता फर्नांडीज ने अपनी चौथी एकल ट्रॉफी जीती। उन्होंने अपनी सभी ट्रॉफी हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंटों में जीती हैं। यह पहला अवसर है, जबकि उन्होंने किसी डब्ल्यूटीए 500 प्रतियोगिता में खिताब जीता।

पुरुष वर्ग में सातवें वरीय एलेक्स डी मिनौर ने फाइनल में तीन चैंपियनशिप अंक बचाकर 12वें नंबर के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना पर 5-7, 6-1, 7-6 (3) की जीत के साथ अपना 10वां एटीपी और हार्ड कोर्ट पर आठवां खिताब जीता। ऑस्ट्रेलिया के 26 साल के मिनौर 2018 में डीसी ओपन में उपविजेता रहे थे।

■ फर्नांडीज ने अपना आखिरी खिताब अक्टूबर 2023 में हांगकांग में जीता था। उनका आखिरी फाइनल लगभग एक साल पहले हुआ था, जब वह डब्ल्यूटीए 500 ईस्टबोर्न के घास के मैदान पर डारिया कसाटकिना से उपविजेता रही थीं।

## सिटी स्पोर्ट्स


**चौथी सब जूनियर राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता**

# सागर, पानिनि और अमृत का विजयी पंच

**भोपाल, खेप्र।** सागर केआर जायसवाल, पानिनि श्रीवास्तव, अमृत गुप्ता, हेमंत मदारिया और शुभ विश्वकर्मा ने चौथी सब जूनियर (बालक/बालिका) राच्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विजयी शुरुआत की। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता खेल विभाग और मप्र बॉक्सिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। टीटी नगर स्टेडियम में पहले दिन सोमवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सागर ने आदर्श लोधी को 43-46 किग्रा भार वर्ग में 5-0 और पानिनि ने यशवर्धन सिंह को 43-46 किग्रा भार वर्ग में 5-0 से परास्त किया। वहीं अमृत ने दवे थन्ना को 43-46 किग्रा भार वर्ग में 4-1 के अंतर से शिकस्त दी। हेमंत ने पवन जदोन को 46-49 किग्रा भार के राउंड-1 और शुभ ने रूद्र तिवारी को 46-49 किग्रा भार वर्ग के राउंड -2 में आरएसी करते हुए मुकाबला जीता। इस राच्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 22 जिलों से चयनित लगभग 150 प्रतिभावान बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो विभिन्न भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होने वाली चौथी अंडर-15 सब जूनियर (बालक/बालिका) राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2025 के लिए मध्यप्रदेश की टीम का चयन किया जाएगा।



■ प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल संचालक राकेश गुप्ता, खेल एवं राच्य बॉक्सिंग संघ के टेक्निकल डायरेक्टर वीरेन्द्र ठाकुर, संयुक्त संचालक बीएस यादव और मुक्केबाजी अकादमी के मुख्य कोच रोशनलाल ने किया।



### मुमताज खान एफआई शिकायत निवारण समिति के सदस्य मनोनीत

**भोपाल खेप्र।** मध्य प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी मुमताज खान को एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया ने दो नई जिम्मेदारी सौपी हैं। मुमताज खान देश में किसी भी खेल में होने वाली सबसे बड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट (निद्जाम) की आयोजन समिति में शामिल किए गए हैं। वहीं एफआई की शिकायत निवारण समिति के सदस्य मनोनीत किए गए हैं। उन्हें यह जिम्मेदार वर्ष 2025 -26 के लिए सौंपी गई गई। मुमताज खान एफआई के पश्चिम क्षेत्र समिति के चेयरमैन भी है। मध्य प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के अमित गौतम को निगरानी समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर मप्र एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अमानत खान, सचिव ए मुरलीधर, निद्जाम के राष्ट्रीय समन्वयक चरण सिंह राठी, प्रदेश एसोसिएशन के पदाधिकारी अनिल श्रीवास्तव, लालता प्रसाद, बादल, अजित गिल और सुनील शुक्ला ने बधाई दी।



### गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता में सात टीमों की एकतरफा जीत, अगले दौर में प्रवेश किया



**भोपाल।** सीबीएसई वेस्ट जोन गर्ल्स फुटबॉल चैंपियनशिप में सात टीमों ने अपने-अपने मुकाबले में एकतरफा जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। टेक्नोक्रेट्स इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में चल रही प्रतियोगिता में तीसरे दिन अंडर-14 में सागर पब्लिक ने आइकोनिक स्कूल को 3-0 से पराजित किया। अंडर-17 में सेंट जोसेफ कोएड अरेरा कॉलोनी ने सागर पब्लिक रोहित नगर को 3-0 से, विंध्याचल अकादमी भोपाल ने होली फेमली को 7-0 से, सेंट रेफल इंदौर ने डिवआइन चाइल्ड स्कूल गांधीनगर गुजरात को 3-0 से परास्त किया। अंडर-19 में एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल ने महात्मा गांधी स्कूल राजस्थान को 3-0 से, बिरला बालिका विद्यापीठ पिलानी ने वात्सल्य स्कूल आनंद को 8-0 से और सागर पब्लिक गांधी नगर ने स्टेप बाई स्टेप स्कूल उदयपुर को 3-0 से पराजित किया।

# श्रावण के तीसरे सोमवार पर कुंडेश्वर धाम में भक्तों का जनसैलाब, शाम को होगा रजत श्रृंगार

जागरण, टीकमगढ़

सावन माह के तीसरे सोमवार को टीकमगढ़ जिले के प्रसिद्ध कुंडेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बम-बम भोले के जयकारों के साथ भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित किया। पूरा परिसर शिवभक्ति में डूबा नजर आया।



### सुबह से लगी भक्तों की कतारें

मंदिर के प्रधान पुजारी जमुना तिवारी महाराज ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 4 बजे भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। इसके बाद सुबह 5 बजे गर्भगृह भक्तों के लिए खोल दिया गया। भक्तों के सुचारु दर्शन हेतु पुरुष और महिलाओं की अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई है।

### शाम को चांदी के आभूषणों से होगा दिव्य श्रृंगार

मंदिर ट्रस्ट की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, शाम 5 बजे तक श्रद्धालुओं के दर्शन जारी रहेंगे। इसके पश्चात भगवान शिव का सवा किलो भांग से विशेष अभिषेक कर चांदी के आभूषण और मुंडमाला पहनाकर रजत श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद भव्य महाआरती की जाएगी, जिसमें गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ भोलेनाथ की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस बल

भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सख्त सुरक्षा व्यवस्था की है। मंदिर परिसर में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। निगरानी के लिए जगह-जगह सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है, ताकि भक्तों को कोई असुविधा न हो।

**तेरहवां ज्योतिर्लिंग माने जाते हैं कुंडेश्वर महादेव :** मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर के अनुसार, कुंडेश्वर धाम को पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में तेरहवें ज्योतिर्लिंग के रूप में पूजा जाता है। यहाँ विराजित शिवलिंग को स्वयंभू माना गया है। इतिहासकारों के अनुसार, सन 1937 में टीकमगढ़ रियासत के तत्कालीन महाराज वीर सिंह जू देव द्वितीय द्वारा इस स्थान पर खुदाई कराई गई थी। खुदाई में हर तीन फीट पर एक जलहरी प्राप्त हुई और कुल सात जलहरियां निकलीं। जब शिवलिंग की पूरी गहराई नहीं मिल सकी, तो भगवान के स्वप्नादेश के बाद खुदाई रोक दी गई। तब से यह स्थान अपार श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है।

## लापरवाह शिक्षक सुनील पाठक के खिलाफ अभिभावकों ने की कार्यवाही की मांग

**पन्ना ।** कन्या हाई स्कूल गनौर में पदस्थ शिक्षक सुनील पाठक वजह से पूरे विद्यालय शा. कन्या हाई स्कूल गुनौर की शिक्षण ब्यवस्था चौपट... शा मा शाला करिया में फर्जी तरीके से प्रयोग शाला सहायक बना, बने फ़िर प्रयोगशाला रहते हुए अटैचमेंट करवाया शा. उ. मा. वि. गुनौर में और शा. कन्या हाई स्कूल में और वहीँ से फर्जी तरीके से ट्रांसफर और प्रमोशन करा लिया। अब जाँच का विषय है की पहले संस्कृत विषय से माध्यमिक शिक्षक में प्रमोशन कैसे हुआ शा. मा. शाला सुंगरहा मैं भी इनकी पदस्थापना की गई थी परन्तु इनके द्वारा वहां पर प्रभार नहीं दिया गया लिया फिर अंगले वर्ष अंग्रेजी से प्रमोशन कन्या हाई स्कूल में ही हो गया तो कितने विषय से स्नातक है हैं सूत्रों के अनुसार विज्ञान विषय भी स्नातक है जबकि कक्षा 9वीं और 10 वीं की अंग्रेजी नहीं पढ़ा रहे है वहां के शिक्षकों पर अपना रौब झाड़ रहे हैं और दबाव बना रहे अभिभावकों ने इस लापरवाह शिक्षक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की माँग करते हुए अन्यत्र स्थान पर पदस्थ करने का अनुरोध जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला कलेक्टर से किया है

## पानी निकासी हुई बंद, कॉलोनीवासी परेशान

### बरसात में घरों में भर रहा पानी, नाली बनाने की उठाई मांग



**जागरण, टीकमगढ़।** जिले के कई नालो और नालियों पर अतिक्रमण किया गया है, जिसका खामियाजा बरसात के मौसम में पूरे शहर के लोगो को भुगतना पड़ रहा है, जब तेज बारिश होती है तो कई घरों में सामान तैरता नजर आता है। ऐसा ही मामला आज शहर के वार्ड नम्बर 19 संतोषी माता मंदिर के पीछे का सामने आया है, जंहा के कॉलोनीवासियों ने कलेक्टर को एक शिकायत दर्ज कराई है, जंहा उन्होंने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी कॉलोनी टीकमगढ़ किला स्थित भूमि खसरा नम्बर 570/2/1 में बसी है। वही पास ही स्थित 543/2, 525/3, 526, 527, 528/5, 529/4, 534/1, 526 खसरा नम्बर की भूमि लगी है जो कृपाल और महेश विश्वकर्मा की भूमि है, जिससे शुरू से पानी का निकास हो रहा है, क्योंकि यह कॉलोनी की भूमि से निचले स्तर पर है जंहा से पानी का निकास हो जाता है, लेकिन इन भूमि स्वामियों के द्वारा इस बरसात में यंहा पर पक्की दीबार बनाकर बरसात का पानी बन्द कर दिया है, जिससे अब एक जगह भारी मात्रा में पानी जमा हो गया है, जो पानी अत्यधिक गंदा है और उसमें जहरीले कीड़े पनप रहे हैं। जिससे कॉलोनीवासी परेशान है, जब तेज बारिश होती है तो पानी निकास नही होने के कारण पानी घरों में भर रहा है जिससे मुहल्ले के लोगो को उनके घर गिरने का डर भी सता रहा है। साथ ही ऐसे मौसम में जहरीले कीड़े उनके घरों तक पहुचने लगे है, जो मुहल्ले के लोगो के लिए जान का खतरा बने हुए है। मुहल्ले के रहवासी सुनील मिश्रा, आशीब, दिनेश कुमार साहू, जान मुहम्मद, महेंद्र , बृज विहारी साहू, राकेश सेन, शिवचरण सहित अन्य लोगों ने कलेक्टर, तहसीलदार और नगरपालिका सीएमओ को ज्ञापन सौपकर जल्द दीबार तोड़कर पानी निकासी करने की मांग उठाई है, जिससे कॉलोनीवासी के मकान सुरक्षित बच सके और वह भी सुरक्षित रह सके।

# नकली एवं मिलावटी घी के विनिष्टीकरण की कार्रवाई

**जागरण, पन्ना ।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा आज 825 किलोग्राम तथा 5 लाख 80 हजार 300 रुपए कीमत के नकली एवं मिलावटी घी को नष्ट करवाया गया। विगत 30 जून को शहर के इन्द्रपुरी कॉलोनी स्थित एक घर में नकली घी के कारोबार की सूचना प्राप्त होने पर विभाग की टीम द्वारा मौका स्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की गई थी। जांच में घी का नमूना अमानक स्तर का पाए जाने पर इसे जप्त किया गया। गत दिवस अपर कलेक्टर न्यायालय द्वारा आरोपी इन्द्रजीत गुप्ता पर एक लाख 50 हजार रुपए का अर्थदण्ड अधिरोपित कर नकली घी को नष्ट कराने का आदेश पारित किया गया था। इसके परिपालन में सोमवार को नगर पालिका टीम द्वारा घटना स्थल पर सील्ड रखे मिलावटी घी को कचरा संग्रहण वाहन में परिवहन कर निर्धारित स्थल पर नष्ट कराया गया। इस कार्यवाही के दौरान डॉ. दिनेश प्रसाद प्रजापति एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार राय भी उपस्थित रहे।



## ग्रामपंचायत सथनिया में भारी भ्रष्टाचार सरपंच के पांच माह से नहीं हुए दर्शन

**पन्ना ।** जिले कीजनपद गुनौर की ग्राम-पंचायत सथनिया मैं भारी भ्रष्टाचार चल रहा है विगत पांच महीने से सरपंच लापता है, जहाँ एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम-पंचायत संचालन का जिम्मा सरपंचों को दे रही है, वहीं कुछ लोग मूलस्थान से अपना नाम अन्य पंचायतों में जुड़वा लेते हैं। लेकिन पंचायतों में अपनी उपस्थिति तक दर्ज नहीं कराते हैं, इसी प्रकार जनपद पन्ना की ग्राम-पंचायत डड़वरिया निवासी ओमप्रकाश गर्ग द्वारा ग्राम पंचायत सथनिया की सरपंची तो हासिल कर ली, किन्तु पांच महीनों से पंचायत में नहीं आते हैं। पंचायत के कार्यों में रुचि नहीं लेते हैं, पंचों द्वारा बताया गया कि विगत 3 वर्षों से ग्राम-सभा का आयोजन नहीं किया गया। सरपंच सचिव कि मनमानी लगातार चल रही है शासन द्वारा ग्राम पंचायत को मिलने वाली पंच परमेश्वर 15वें वित की राशि का उपयोग, अनुपयोगी कार्यों में खर्च किया गया तथा लाखों का भ्रष्टाचार किया गया। ग्राम ग्राम पंचायत के अंदर मूलभूत कार्य सी सी नाली के न कराकर, कार्यालय सजावट के नाम, कार्यालय व्यय के नाम लाखों रुपये आहरण किये, ग्राम के रास्तों में प्रकाश हो या न हो किन्तु स्वागत गेट में लिखे सरपंच के परिवार के नाम दिखाने के लिये ? छह लाख चालीस कीराशी एल ई डी बल्ब लगाये गये। एवं लगभग लगभग अस्सी हज़ार रुपए में केवल नाम लिखवाया गया नाम गया। मामले को लेकर पूर्व जनपद सदस्य पुष्पेन्द्र त्रिपाठी द्वारा लिखित आवेदन जनपद गुनौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को देकर कार्यवाही करने की मांग की हैं।

## नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मालिक और वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र तिवारी ने कावड़ यात्रा का किया स्वागत



**जागरण, टीकमगढ़।** सावन के पावन माह में महेंद्र सागर तालाब स्थित प्रतापेश्वर महादेव मंदिर परिसर से होते हुये कुंडेश्वर धाम के लिए जा रही कावड़ यात्रा का नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मालिक ओर भाजपा बरिष्ठ नेता राजेन्द्र तिवारी ने किया स्वागत। स्वागत के उपरांत पालकी में विराजमान भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया गया तथा स्वयं अध्यक्ष ने कावड़ उठाकर श्रद्धा प्रकट की। इस अवसर पर नगर के अन्य गणमान्य नागरिक एवं दर्जनों श्रद्धालु कावड़िए मौजूद रहे। यात्रा के दौरान श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने कहा कि सावन के इस पवित्र माह में भोलेनाथ की सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। नगर में धार्मिक परंपराओं को बढ़ावा देने और हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हम कटिबद्ध हैं। सभी कावड़ यात्रियों की यात्रा मंगलमय हो, यही मेरी कामना है।

## स्व सहायता समूह ग्राम अतरहाई की अध्यक्ष माया चौधरी ने पूर्व प्रकाशित सोसाइटी समूह की खबरों का खंडन किया

**पन्ना।** गगन स्व सहायता समूह की अध्यक्ष माया चौधरी ने पूर्व में प्रकाशित सभी समाचार पत्रों की खबरों का खंडन करते हुए बतलाया कि गगन स्व सहायता समूह का गठन सदस्यों की उपस्थिति में एवं पदाधिकारियो की जानकारी में किया गया है पूर्व प्रकाशित समाचारों मैं कोई सत्यता नहीं है पूर्णतः निराधार एवं भ्रामक है हम सभी सदस्यों की उपस्थिति में एवं जानकारी में समूह के पैसे का आहरण किया जाता है तथा जनहित के कार्यों में लगाया जाता हैसमूह के सचिव या अध्यक्ष की ओर से किसी भी प्रकार की शिकायत कहीं भी नहीं की गई है।

## घर की क्यारी या गमले में करते है विसर्जन

**जागरण, पन्ना ।** श्रावण मास के पुण्य महीने में धार्मिक यज्ञ अनुष्ठान और पूजन का प्रावधान है पूरे देश में सनातन धर्म के लोग इस श्रावण मास में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन करते हैं कुछ लोग तो प्रतिदिन या श्रावण सोमवार के दिन पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और रुद्राभिषेक करते हैं, और पेयजल युक्त जल स्रोतों में इस सामग्री का विसर्जन कर देते हैं पूजन सामग्री के विसर्जन से जल स्रोत दूषित होते हैं पीने के योग्य पानी में बैक्टीरिया उत्पन्न होने लगते है लेकिन शिवकुमार श्रद्धालु ऐसे हैं जो कभी भी पूजन सामग्री का विसर्जन पेयजल युक्त स्रोतों में नहीं करते उन्होंने अपने घर में ही फूलों की क्यारी में एक स्थान ऐसा बना रखा है जहां पूजन सामग्री का विसर्जन करते हैं पॉजिटिव सोच रखने वाले भक्त शिव कुमार ने कहा हैं कि जल स्रोतों को दूषित होने से बचाने के लिए बचपन से ही मैंने अपनी पूजन सामग्री का विसर्जन घर में ही करने का निश्चय किया था सोमवार के दिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पूजन उपरांत शाम को घर की फूलों की क्यारी में एक गड्ढा बनाकर वहीं विसर्जित कर दिया हैं एक बाल्टी पानी में विसर्जित कर यह सामग्री भूमिगत विसर्जन कर देते हैं। जिससे कुछ दिन में खाद बन जाती है जो पेड़ों के लिए उर्वरा शक्ति प्रदान करती है शिवकुमार ने अन्य सभी भक्तों से भी अपील की है कि जल स्रोतों को दूषित होने से बचने सभी को अपने घर में ही क्यारी या गमले में पानी के साथ विसर्जन करना चाहिए इस अनुरोध से लोग भी ऐसा कर रहे हैं, और फूलों के पेड़ों को खाद मिल रही है यदि सभी लोग ऐसा करने लगे तो जल स्रोतों शुद्ध पवित्र बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## गहोई महिला मंडल द्वारा धूमधाम से मनाया हरियाली तीज महोत्सव समारोह

**जागरण, पवई ।** गहोई समाज की महिला मंडल द्वारा संदीपनी गार्डन पवई में श्रावण मास में आने वाले हरियाली तीज महोत्सव समारोह उत्साह पूर्वक मनाया गया। हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के इसी पवित्र माह में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए माता पार्वती ने सोलह सिंगार कर घोर तपस्या करते हुए उनको प्रसन्न किया था और उनकी लंबी आयु के लिए व्रत किया था। त्रेता युग में प्रकृति की इसी अनुपम स्वरूप को देखते हुए भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों संग रासलीला की थी हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह माह विशेष महत्व रखता है। इस कारण सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए इस माह में व्रत एवं धार्मिक अनुष्ठान करती हैं । इसी पवित्र माह में गहोई समाज की महिलाओं द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन संपन्न कराया गया सर्वप्रथम कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रानी मोदी अध्यक्ष गहोई महिला मंडल अमानगंज विशिष्ट अतिथि डॉ प्राची गुप्ता एवं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पवई गहोई महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति बेहरे द्वारा जगत जननी मां कलेही,भगवान कृष्ण,गहोई समाज के आराध्य भगवान सूर्य देव,राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की छायाचित्रों पर पूजन दीप प्रज्वलन एवं आरती करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गहोई समाज की महिलाओं द्वारा मंच पर धार्मिक गीतों पर डांस की अनुपम स्तुति दी गई इसके पश्चात समिति द्वारा प्रश्नोत्तरी एवं सोलह सिंगार थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गहोई समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राची, द्वितीय रचना बेहरे तृती,शिवानी नीखरा ने प्राप्त किया थाली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सीमा छिरौल्या द्वितीय स्थान रचना बेहरे तृतीय स्थान आरती सेठिया ने प्राप्त किया कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा सभी को पुरस्कार प्रदान किए गये एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई।



## निःशुल्क सशक्त वाहिनी कक्षाओं का होगा संचालन

**पन्ना ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कक्षा 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण बालिकाओं एवं महिलाओं को पुलिस भर्ती और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी के लिए निःशुल्क सशक्त वाहिनी कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। इसमें पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर अधिकतम 50 हितग्राही चयनित होंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि सशक्त वाहिनी कक्षाओं में निःशुल्क प्रशिक्षण के संबंध में इच्छुकजन कलेक्ट्रेट स्थित प्रथम तल में कक्ष क्रमांक 104 में संचालित महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय में संपर्क कर संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# कलेक्टर ने छात्राओं के साथ किया पौधरोपण

### निर्माणाधीन कन्या महाविद्यालय भवन का लिया जायजा

**जागरण, पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को बायपास रोड स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में छात्राओं के साथ पौधरोपण किया। इस अवसर पर जिला न्यायालय से व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़, जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, महाविद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षकगण ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। पौधरोपण पश्चात वायुदूत अंकुर एप पर फोटो भी अपलोड की गई। साथ ही उपस्थितजनों ने पौधों की सुरक्षा का संकल्प भी लिया। जिला कलेक्टर ने महाविद्यालय के निर्माणाधीन भवन एवं परिसर का जायजा भी लिया। साथ ही महाविद्यालय की भूमि के संबंध में जरूरी कार्यवाही हेतु तहसीलदार को आवश्यक निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने महाविद्यालय प्राचार्य से भवन निर्माण के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर छात्राओं की सुविधाओं व सुरक्षा के संबंध में पूछा। भोपाल डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय पन्ना के नवीन भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।



## नारायणपुरा में विद्यार्थियों के साथ किया पौधरोपण

**पवई ।** विकासखण्ड के शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा में पदस्थ शिक्षक एवं पर्यावरण संरक्षक सतानंद पाठक के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं द्वारा पौधरोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे रोपे गए। इस अवसर पर शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को पौधरोपण का महत्व बताया गया तथा इनके देखभाल व संरक्षण का संकल्प भी दिलाया। जनजागरूकता के जरिए अन्य लोगों को भी पौधरोपण के कार्य में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक ने पौधरोपण के लाभ सहित पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका माया खरे एवं शिक्षक सिद्धार्थ सागर भी उपस्थित रहे।

## छत्रसाल कॉलेज में स्वच्छ धरती, सुरक्षित जीवन विषयक कार्यशाला एवं अतिथि व्याख्यान संपन्न

**जागरण, पन्ना ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना एवं एन सी सी के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ एस डी चतुर्वेदी के निर्देशन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के मुख्य सभागार में किया गया। कार्यशाला का विषय स्वच्छ धरती, सुरक्षित जीवनः प्लास्टिक से आज़ादी की ओर था। साथ ही सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक विकास के अंतर्गत भारत की बंजर भूमि को हरा-भरा बनाने हेतु एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन भी किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणावादिनी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन डॉ. सिद्धू सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का युवा यदि पर्यावरणीय जिम्मेदारी को समझेगा, तभी हम प्लास्टिक मुक्त और हरी-भरी धरती की कल्पना को साकार कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं है, बल्कि सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग नागरिक तैयार करना भी है। मुझे गर्व है कि हमारे महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास की भावना से जुड़े हुए हैं और आज के इस कार्यक्रम के माध्यम से एक प्रेरक संदेश समाज को देने जा रहे हैं।

## लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समयावधि में नागरिक सेवाएं प्रदान न करने पर अर्थदण्ड का प्रस्तुत करें प्रस्ताव : कलेक्टर

### आश्रम शालाओं सहित अन्य छात्रावासों में सीट रिक्त होने पर अधीक्षक के विरुद्ध होगी कार्रवाई

### टीएल बैठक में लंबित प्रकरणों के निराकरण के दिए गए निर्देश



**जागरण, पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार, 30 जुलाई को प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के चयनित विषयों एवं 100 दिवस से अधिक समयावधि की लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने सहित विभागीय अधिकारियों द्वारा वर्तमान जुलाई माह की सभी शिकायतों का भी संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए। इसके अलावा टीएल एवं जनसुनवाई पत्रों का भी गंभीरतापूर्वक निराकरण करें। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला कलेक्टर द्वारा उक्ताशय के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत एल 1 स्तर पर शिकायतों को अनिवार्य रूप से अटेंड करें। लोकसेवा गांरटी अधिनियम की सेवाओं का समय पर प्रदाय सुनिश्चित हो। राजस्व विभाग के तहत रैपुरा तहसील में अविवादित नामांतरण के 47 लंबित प्रकरणों पर उन्होंने नाराजगी जताई और गत एक सप्ताह में निरंक प्रगति वाले राजस्व सहित समस्त विभागों के जिम्मेवार अधिकारियों को अर्थदंड अधिरोपित करने के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक के कार्यों की प्रगति की सतत् मॉनिटरिंग भी करें। कलेक्टर श्री कुमार ने टीएल बैठक में पुनः निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में जिलाधिकारी अपने कार्यालय में निरंतर उपस्थित रहकर आम जनता की समस्याओं का प्रभावी निराकरण करें। यह ध्यान रखा जाए कि आवेदक को कोई परेशानी न हो, आवेदन की पावती भी जरूर दें। जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों की गंभीरतापूर्वक बातें सुनकर समस्या का निराकरण किया जाए। इस दौरान जिला संयोजक से आश्रम शालाओं सहित अन्य छात्रावासों में रिक्त सीट की जानकारी लेकर लापरवाह अधीक्षकों के विरूद्ध कार्रवाई के सख्त निर्देश भी दिए। इसके अलावा शासन स्तर से जारी जिले की रैंकिंग में निरंतर सुधार के संबंध में भी कार्ययोजना के साथ शासकीय दायित्वों के निर्वहन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि रैंकिंग में शामिल 16 विभागों द्वारा निरंतर आम नागरिकों से संबंधित विषयों का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से राजस्व, पशुपालन एवं डेयरी विभाग को निर्धारित संकेतकों के आधार पर कार्य करने की आवश्यकता है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत गत एक माह में आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में लापरवाही बरतने वाले सीएचओ, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता के विरूद्ध भी कार्रवाई की बात कही।

### समाधान ऑनलाइन 30 जुलाई को

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 30 जुलाई को आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आवेदकों के प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। कार्यक्रम शाम 4 बजे एनआईसी केन्द्र में आरंभ होगा। कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### महिला सफाई कर्मियों सेवा कर्मी को मिलेगा रक्षाबंधन में तोहफा

**सतना।** मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने रक्षाबंधन के अवसर पर मैहर नगर पालिका परिषद में सेवा कार्य सफाई का काम करने वाली बहनों को रक्षाबंधन के तोहफा स्वरूप 2500 प्रत्येक बहनों को उपहार स्वरूप 3 अगस्त को देंगे इस संबंध में जानकारी देते हुए मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने बताया कि रक्षाबंधन भाई बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व है, इस पर्व को पूरे देश दुनिया में बड़ी खुशी से मनाया जाता है।

# विद्यालयों की सुरक्षा ऑडिट कराने जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने लिखा पत्र

## 10 अगस्त तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिये निर्देश



**जागरण सतना**

आये दिन सरकारी विद्यालय भवनों में हो रही घटनाओं को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता डॉ पंकज सिंह परिहार ने शिक्षा स्थाई समिति की सचिव को पत्र लिखकर सुरक्षा आडिट कराये जाने के निर्देश दिये है। उन्होने आडिट रिपोर्ट 10 अगस्त तक प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये है। लिखे गये पत्र में जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार ने राजस्थान सहित प्रदेश के अन्य जगहों पर जर्जर भवनों के चलते हुई घटनाओं का उदाहरण देते हुये सतना और मैहर जिले के अंतर्गत संचालित सरकारी स्कूलो की सुरक्षा आडिट कराने पत्र लिखा है। सूत्र बताते है कि यू तो विभागीय अधिकारियों ने संबंधित क्षेत्र के बीईओ को पूर्व में भी निर्देशित किया था कि जर्जर भवनों में किसी भी हालत में विद्यालय संचालित नही होना चाहिए लेकिन इसके बाद भी कई घटनाए सामने आई है। जिला शिक्षा अधिकारी को लिखे गये पत्र में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा है कि सतना और मैहर जिले के अंतर्गत संचालित प्राथमिक , माध्यमिक हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी विद्यालय भवनों की सुरक्षा आडिट की जाये। उन्होने कहा कि सभी बीईओ और बीआरसीसी सरकारी विद्यालय भवनों की सुरक्षा आडिट कर 10 अगस्त तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### जर्जर भवन के कारण हुई है कई घटनाएं

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार ने कहा है कि विद्यालय भवन जर्जर होने के कारण राजस्थान म.प्र. के गुना और सतना जिले के कई शासकीय विद्यालय भवन जर्जर होने के कारण छोटी बडी घटनाए हुई है जिसे रोकने के लिए सुरक्षा आडिट बेहद आवश्यक है। अब देखना ये है कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष द्वारा लिखे गये इस पत्र के बाद स्कूल शिक्षा विभाग कुंभकर्णीय नींद से जागता है या पुरानी चाल पर ही चलेगा यह तो आने वाला वक्त बतायेगा। इस मामले की जानकारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को उनके मोबाईल 9755278858 पर फोन लगाया गया मगर उन्होने फोन उठाना उचित नही समझा।

# सड़क बिजली एवं खाद की समस्याओं पर कांग्रेस ने खड़े किए सवाल



**जागरण सतना।** जिला कांग्रेस कमेटी के अगुवाई में जिले के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ जिले में खाद की हो रही कालाबाजारी सड़कों की खस्ता हाल हालत बिजली के बढ़ी हुई दरे जिले की बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था नशे का बढ़ता हुआ कारोबार सहित अन्य मुद्दों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौपा एवं समस्याओं को दूर करने की मांग की जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कहा कि आज किसानों को खाद के लिए लाइन में लगना पड़ रहा है उसके बाद भी खाद नहीं मिल पा रही है अधिकारियों को संरक्षण में खाद की कालाबाजारी हो रही है डुप्लीकेट खाद बेची जा रही है सड़कों की हालत अत्यंत खराब है सतना से सेमरिया रोड सुंदरा से बिरसिंहपुर रोड सहित अन्य मार्गों की हालत अत्यंत ही जर्जर है बिजली की की अघोषित कटौती हो रही है समय का कोई निर्धारण नहीं है बिजली के बिलों से जनता की कमर टूट रही है ।शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मकसूद अहमद ने कहा कि जिले में नशे का करोबार बढ रहा है। विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने कहा क्षेत्र में अराजकता का माहौल व्याप्त है हर सीटों में भ्रष्टाचार हो रहा है ।विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा ने कहा कि जिले में स्मार्ट मीटर के नाम पर लूट मची हुई है आम जनता से चोगुना बिल वसूला जा रहा है श्रीमती वर्मा ने स्मार्ट मीटर में रोक लगाने की मांग की कार्यक्रम में पूर्व विधायक कल्पना वर्मा विधानसभा के प्रत्याशी रामशंकर पयासी रश्मि सिंह पटेल उर्मिला त्रिपाठी राजभान सिंह प्रदीप समदड़िया राजेंद्र गर्ग नलिनेंद्र मिश्रा प्रवीण सिंह सत्येंद्र निगम पीयूष शर्मा प्रहलाद सिंह ध्रुव त्रिपाठी मोहनलाल वर्मा संतोष चतुर्वेदी बरमेद्र सिंह रामनरेश तिवारी उमेश गर्ग बालेश त्रिपाठी निशा सिंह रामकुमार विश्वकर्मा साबिर खान प्रमोद गर्ग राजकरण पाठक राजीव सिंह धन खेर आदित्य सिंह भोला प्रसाद केवट आनंद कर द्विवेदी प्रमोद गर्ग संतोष पांडे इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# चकदही में एक पेड़ मां के नाम का कार्यक्रम हुआ आयोजित



**जागरण सतना।** आज सज्जनपुर मंडल के चकदही ग्राम पंचायत में जन अभियान परिषद रामपुर बघेलान व करही केशव माधव जन कल्याण समिति द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा एक पेड़ मां के नाम के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार रहे अध्यक्षता सरपंच वाल्मिक प्रजापति ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में कमला शरण पांडे बाबूलाल मल्लाह व नीरज मल्लाह रहे सर्व प्रथम जनअभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक ममता सिंह द्वारा नवांकुर सखी हरियाली योजना कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बात रखी मंडल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में माताओं व बहनों के लिए सरकार द्वारा संचालित समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं व एक पेड़ मां के नाम के तहत संचालित कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बात रखी इसके अलावा कार्यक्रम में माता बहनों को पेड़ वितरित किया गया पेड़ वितरित कर कलश यात्रा व वृक्षारोपण कर जनजागरण का कार्य किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देशबंधु त्रिपाठी सुदर्शन मल्लाह राजेंद्र दहिया मनोज साकेत सुजीत मल्लाह अरुण मल्लाह शुभकरण प्रजापति सुरेश मल्लाह ज्ञानी शुक्ला साहित्य सैकड़ो की तादाद में माताएं बहने व जनअभियान परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हुआ सांस्कृतिक एवं बौद्धिक कार्यक्रम



**जागरण सतना।** अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए दो स्तरों पर विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईंए जिनमें सांस्कृतिकए रचनात्मक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम शामिल रहे। कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ ग्रीन डे सेलिब्रेशन मनाया। सभी बच्चे हरी पोशाकों में विद्यालय पहुँचे और उनके टिफिन में भी हरे रंग के खाद्य पदार्थ लाए गए। छोटे–छोटे समूहों में मिलकर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। बच्चों ने अपने पौधों को रचनात्मक नाम देते हुए सजाया और आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया। कुछ मज़ेदार नाम जैसे लौकी रॉकस्टार, टमाटर की टोली, और गुलाब रंगीला ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे हितेन्द्र सिंह परिहार जो वर्तमान में सीएसी सोहावल में पदस्थ हैं तथा साथ ही अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के जनशिक्षा प्रमुख के रूप में भी कार्यरत हैं। इंग्लिश सोलो सॉन्ग और रेसिटेशन प्रतियोगिता की निर्णायक रहीं कविता पांडेय जो शास्त्रीय संगीत में स्नातक हैं। वे राज्य स्तरीय युवा उत्सव विजेता हैं और लता मंगेशकर सम्मान समारोह कला परिषद भोपाल तथा स्वर रजनी संगीत महोत्सव जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति और सृजनात्मक सोच की प्रशंसा की। इस आयोजन की मुख्य अतिथि एवं निर्णायक रहीं शिखा जैन जिन्होंने दिल्ली से शिक्षा प्राप्त की है और वर्तमान में थायरोकेयर वर्धमान डायग्नोस्टिक, पन्नीलाल चौक से जुड़ी हैं। कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया विद्यालय के निर्देशक सीए सनातन अग्रवाल, प्राचार्या डॉ हिमानी सिंह, एवं उप.प्राचार्य संजीव सिंह सेंगर की प्रेरणादायक उपस्थिति रही।

## स्मार्ट मीटर: बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश



**सतना।** एक बार फिर बिजली उपभोक्ताओं में बिजली बिलों को लेकर आक्रोश है और आरोप है कि बिजली कंपनी उपभोक्ताओं से बेजा वसूली कर रही है वास्तविक नहीं बढ़ा कर बिजली के बिल सेल फोन में एसएमएस झोक रही है। इसके पीछे की वजह है कि पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी अपने घरेलू उपभोक्ताओं को स्मार्ट बिजली मीटर लगा रहे हैं और कंपनी के अभियंताओं के भी दावे हैं कि बिजली की जितनी खपत उतना ही बिल स्मार्ट मीटर जनरेट कर रहा है। फिर भी न जाने क्यों उपभोक्ताओं में नाराजगी के आरोप हैं। अब उपभोक्ताओं के आक्रोश को देखते हुए सतना सांसद गणेश सिंह ने अधीक्षण अभियंता सतना सर्किल पीके मिश्रा से बात की और दो टूक कहा है कि उपभोक्ताओ में बिजली बिलों को लेकर भारी आक्रोश है लिहाजा जिन विद्युत ग्राहकों को लगता है कि स्मार्ट मीटर बेजा बिजली बिल जनरेट कर रहा है उनकी जांच कर पहले सुधार कराया जाए उसके बाद ही बिजली बिलों का भुगतान कराया जाए।

# मानव श्रृंखला बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**जागरण सतना।** नगर परिषद रामपुर बघेलान द्वारा बरसात के मौसम में पहले गंदगी से होने वाली बीमारियों से बचने के लिए विद्यालयों में मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश देने के लिए नगर परिषद सीएमओ अरुण श्रीवास्तव की निर्देशन उपयंत्री विश्वजीत कुशवाहा एव स्वच्छता प्रभारी इसराइल सौदागर ने कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत कार्यक्रम का संचालन 01 से 31 जुलाई तक किया जाना है इस अभियान का उद्देश्य आदर्श सिद्धांत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता को आगे बढ़ाना है। इस अभियान अंतर्गत 28 जुलाई को मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं स्वच्छता नोडल उपयंत्रीद्ध विश्वजीत कुशवाहा के नेतृत्व में नगर परिषद रामपुर बघेलान द्वारा वार्ड क्रमांक 01 स्थित ज्ञान ज्योति हायर सेकंडरी स्कूल में उपस्थित सभी बच्चों को आदत स्वच्छता के तहत स्वच्छता संबंधित कुछ बातें बताई गई जिसमें बच्चों को चार प्रकार के कचरे के बारे में जानकारी दी गई एवं घरों से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन के माध्यम से अलग.अलग करके नगर परिषद द्वारा संचालित स्वच्छ कचरा वाहन में देने को कहा गया। स्वभाव स्वच्छता अंतर्गत बच्चों को खाना खाने से पहले हाथ धोने खाने को ढक कर रखना नाखून छोटे.छोटे रखना घर के अंदर एवं घर के आसपास साफसफाई रखने आदि से संबंधित बातें बताई गई एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई साथ ही मानव श्रृंखला बच्चों द्वारा बनाया गया इस दौरान ज्ञान ज्योति स्कूल के संचालक रोहित सिंह गहरवार सुरेखा सिंह गहरवार प्राचार्य विद्याप्रकाश पांडेय एवं नगर परिषद से सफाई पर्यवेक्षक इसराइल सौदागर लक्ष्मण प्रसाद साहित सभी स्कूल स्टाप मौजूद रहा।







# नगर निगम की टीम ने चलाया स्वच्छता जागरुकता अभियान



**जागरण सतना।** नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डो में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया इस दौरान स्पीकर राजेश चतुर्वेदी और वार्ड पार्षद के अलावा नगर निगम का अमला एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ हुईए जिसमें नागरिकों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके पश्चात पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान होम कम्पोस्टिंग के प्रति लोगों को जागरूक किया गयाए ताकि वे अपने घर पर ही गीले कचरे का प्रबंधन कर सकें। साथ हीए बैकलेन क्लीनिंग अभियान चलाकर तंग गलियों की विशेष सफाई की गई। नागरिकों को चार डस्टबिन प्रणाली के माध्यम से स्रोत पर कचरा पृथक्करण सोर्स सेग्रेगेशन की जानकारी दी गई और उन्हें इसका पालन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों स्मारकों एवं उद्यानों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत निर्माण एवं तोड़फोड़ कचरे तथा गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स की सफाई हेतु एक विशेष मास क्लीनिंग कैंपेन भी चलाया गया।







## सितपुरा के समस्त फीडरों की सप्लाई आज एवं 1 अगस्त को बंद रहेगी

**सतना।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सतना के कार्यपालन अभियंता पंकज द्विवेदी ने बताया कि 29 जुलाई एवं 1 अगस्त को आरडीएसएस योजनांतर्गत 33/11 केव्ही मुडहा विद्युत उपकेन्द्र की 33 केव्ही लाइन का मेंटीनेंस किये जाने का प्रावधान बनाया गया है। जिसमें सितपुरा उपकेन्द्र से निकलने वाली 33 केव्ही फीडर जैतवारा, उपकेन्द्र भरजुना, बरा, पवईया, 11 केव्ही उद्योग फीडर एवं 11 केव्ही भटिगवां फीडरों की सप्लाई प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी।

## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 30 जुलाई को रामपुर बघेलान में

**जागरण सतना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सतना कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) द्वारा जिले के भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ के कल्याणार्थ जानकारी देने तथा उनकी समस्याये सुनने के लिये 30 जुलाई को प्रातः 11.30 बजे तहसील रामपुर बघेलान में उपस्थित रहेंगे। जिसमें सभी भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।







जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं– 1505/57, डाक पंजीयन क्र.– रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:– मोबाइल नं रीवा**– 9098357869, 9425018958 **सतना** – 9993315949 **सीधी**–7089620900 **सिंगरौली**–9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com